सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 08 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 60, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 383 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में गिरावट आयी और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे, और सेंसेक्स 383 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 119 अंक नीचे आया। } 10

## भारत ने कायम रखी आर्थिक वृद्धि की रफ्तार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत ने वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद अन्य देशों के साथ जुड़ाव बढ़ाकर और रणनीतिक साझेदारियां कायम कर अपनी आर्थिक वृद्धि की रफ्तार को कायम रखा है। } 12

# डिवाइडर से टकराकर पलटा वाहन, 12 की मौत

### बागपत में हुआ हादसा, 20 अन्य लोग घायल, जांच में जुटी पुलिस

जिला संवाददाता



बागपत (उप्र)। राजस्थान से उत्तर प्रदेश के बदायूं जा रही एक पिकअप गाड़ी के बागपत जिले में डिवाइडर से टकराकर पलट जाने से उसमें सवार 12 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 20 अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

बागपत के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तीरथ लाल ने पीटीआई-भाषा से बातचीत के दौरान हादसे में अब तक 12 लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान की जा रही है। इससे पहले, मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अजीत चौधरी ने हादसे में छह लोगों की मौत होने की पुष्टि की थी। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने बताया कि राजस्थान से बदायूं जा रहा एक पिकअप वाहन रविवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे खेकड़ा थाना क्षेत्र में डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गया। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। राय ने बताया कि घायलों को खेकड़ा और बागपत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और बागपत के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# रक्षा मंत्रालय ने 1.10 लाख करोड़ के खरीद प्रस्तावों को दी मंजूरी

### सेना के तीनों अंगों को मिलेगा रडार, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर व मैकेनिकल माइन लेयर व अन्य सैन्य साजो-सामान

एजेंसी




नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सेना के तीनों अंगों के लिए रडार, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर और मेकेनिकल माइन लेयर (एक विशेष प्रकार का वाहन) समेत सैन्य साजो-सामान की खरीद को सोमवार को मंजूरी दी। इन प्रस्तावों की अनुमानित लागत 1.10 लाख करोड़ रुपये है और इनका उद्देश्य सशस्त्र बलों की समग्र युद्धक क्षमता को बढ़ाना है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी। मंत्रालय ने कहा, डीएसी ने करीब 1,10,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली रक्षा बलों की विभिन्न खरीद संबंधी परियोजनाओं को आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की, जो सैद्धांतिक प्रशासनिक मंजूरी है। मंत्रालय ने कहा, भारतीय थलसेना के लिए रासायनिक, जैविक, रेडियोधर्मी एवं परमाणु (सीबीआरएन) टोही वाहनों, उच्च गतिशीलता वाले वाहन (एचएमवी), स्वचालित मेकेनिकल माइन लेयर (एमएमएल), उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच), ट्रॉल टैंक और सर्वत्र पुल प्रणाली की खरीद को मंजूरी दी गई है। सीबीआरएन टोही वाहन सीबीआरएन पदार्थ से दूषित क्षेत्रों का पता लगाने, उनकी पहचान करने, निगरानी करने और उन्हें चिह्नित करने में सक्षम होंगे। एचएमवी से चुनौतीपूर्ण इलाकों में सैन्य अभियानों की क्षमता, रसद सहायता और आवाजाही में सुधार होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा एएलएच भारतीय थल सेना और भारतीय वायुसेना के लिए सभी प्रकार के इलाकों और विभिन्न अभियान परिस्थितियों में जटिल मिशन को अंजाम देंगे। ट्रॉल टैंक और पुल प्रणाली का इस्तेमाल विभिन्न इलाकों में अभियानों के दौरान लड़ाकू संरचनाओं के लिए संयुक्त रूप से मार्ग तैयार करने में किया जाएगा।

भारतीय नौसेना के लिए अरुध्रा रडार तथा मरीन गैस टर्बाइन (एमजीटी) के डिजाइन एवं विकास और उसके बाद उनकी खरीद को एओएन प्रदान की गई। अरुध्रा रडार विभिन्न नौसैनिक वायु स्टेशन पर मौजूदा हवाई मार्ग निगरानी रडार की जगह लगाए जाएंगे। वहीं, युद्धपोतों में प्रणोदन प्रणाली के रूप में इस्तेमाल होने वाले एमजीटी से विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता कम होने की उम्मीद है। मंत्रालय के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### पॉक्सो का आरोपी ट्रेन से कूदकर फरार, तीन पुलिसकर्मियों पर केस

आगरा। गुजरात से उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर लाया जा रहा एक आरोपी आगरा के किरावली रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपी मिर्जापुर में नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में वांछित था। पुलिस के मुताबिक, लापरवाही बरतने के लिए तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मिर्जापुर जिले के पड़री थाना क्षेत्र से सूरज पांडेय ने दो सितंबर को एक नाबालिग लड़की का अपहरण किया था। पुलिस की एक टीम आरोपी और लड़की की तलाश में गुजरात के सूरत पहुंची, जहां से उसे पकड़ लिया गया तथा लड़की को उसके चंगुल से मुक्त करा लिया गया। इसके बाद चार सितंबर को मधुबनी एक्सप्रेस से दोनों को वापस लाया जा रहा था। आरोपी मौका पाकर चलती ट्रेन से कूद गया और फरार हो गया।

### अमृतसर में संदिग्ध ड्रोन गतिविधियां, सात उड़ानें दिल्ली डायवर्ट

अमृतसर। अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिचालन क्षेत्र के आसपास कई संदिग्ध ड्रोन गतिविधियां दिखने के बाद दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित सात विमानों का मार्ग बदलकर उन्हें दिल्ली भेजना पड़ा। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। रविवार रात करीब 10 बजे रनवे क्षेत्र के पास ड्रोन जैसी वस्तुएं देखी गईं। अधिकारी ने बताया कि तुरंत सुरक्षा तंत्र सक्रिय हो गया और पंजाब पुलिस तथा अन्य केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया। श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निदेशक अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि रविवार रात हवाई अड्डे के परिचालन क्षेत्र के आसपास कई संदिग्ध ड्रोन देखे गए।

# नयी पीढ़ी ग्लोबल हो, पर हृदय में हो भारत : योगी

### सीएम योगी वेंकटचलम, नेल्लोर में स्वर्ण भारत ट्रस्ट के स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल

विशेष संवाददाता



वेंकटचलम (नेल्लोर)। स्वर्ण भारत ट्रस्ट के 25वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहुंचते ही जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उनका स्वागत किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि विदेशी आक्रमणों और औपनिवेशिक दौर ने भारत की स्वावलंबी ग्रामीण व्यवस्था को कमजोर किया। गांवों की आत्मनिर्भरता और स्थानीय संस्थाओं पर इसका असर पड़ा, लेकिन गांवों की आत्मा कभी समाप्त नहीं हुई। स्वर्ण भारत ट्रस्ट का ब्रिज स्कूल और उत्तर प्रदेश के अटल आवासीय विद्यालय अलग राज्यों में होने के बावजूद समान सोच के साथ वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य ऐसी नई पीढ़ी तैयार करना है, जो ग्लोबल भी हो और रूटेड भी, आधुनिक तकनीक से लैस हो, लेकिन हृदय में भारत, संस्कृति पर गर्व, अपनी जड़ों का बोध, समाज के प्रति संवेदनशीलता और नेशन फर्स्ट की भावना रखती हो। तकनीक भेदभाव नहीं करती और नए भारत ने गांव की ताकत को नई तकनीक से जोड़ दिया है। सीएम ने वेंकैया नायडू को उत्तर व दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक व आध्यात्मिक सेतु बताया।

मुख्यमंत्री ने स्वर्ण भारत ट्रस्ट के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और शुभचिंतकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वेंकैया नायडू बहुआयामी व अत्यंत संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी हैं। सार्वजनिक जीवन में उन्होंने अपनी सरलता, सहजता और सभी को साथ लेकर चलने की क्षमता के बल पर पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई। सार्वजनिक जीवन में ऐसा विराट व्यक्तित्व मिलना दुर्लभ है, जो दल और विचारधारा की सीमाओं से ऊपर उठकर सभी को समान रूप से साथ लेकर चले और जिसकी सर्वत्र स्वीकार्यता हो। राज्यसभा सभापति के रूप में दायित्वों के निर्वहन में यही व्यापक स्वीकार्यता दिखाई देती थी। उनका योगदान राजनीति तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने तेलुगु संस्कृति, खान-पान और वेश-भूषा को देश के दूसरे हिस्सों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2001 में एक व्यक्ति ने शासन में रहकर समाज सेवा की यात्रा प्रारंभ की थी, आज वह भारत के प्रधानमंत्री हैं। उसी वर्ष समाज सेवा की एक और यात्रा शुरू हुई, जो स्वर्ण भारत ट्रस्ट के रूप में हम सबके सामने है। 25 वर्ष बाद दोनों यात्राओं का लक्ष्य एक ही है- विकसित भारत। जब सरकार और समाज दोनों की दिशा एक हो, दोनों का संकल्प एक हो और दोनों लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सामूहिक प्रयास करते हैं, तो अवश्य परिणाम आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सभ्यता की सबसे बड़ी शक्ति हमारे गांव रहे हैं। सदियों तक गांव अर्थव्यवस्था, सामाजिक जीवन और संस्कृति के केंद्र रहे। वे उत्पादन, ज्ञान और जल संरक्षण के साथ ही कला-शिल्प के केंद्र रहे हैं तथा सामाजिक मूल्यों की मूल इकाई भी रहे हैं। कृषि, पशुपालन, शिल्प, व्यापार, स्थानीय संस्थाएं, सभी एक दूसरे से जुड़ी थीं। गांव की अर्थव्यवस्था एक सर्कुलर इकॉनमी थी। एक का उत्पादन दूसरे की आजीविका बनता था। विदेशी आक्रमणों और औपनिवेशिक दौर का असर केवल अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ा। गांव की आत्मनिर्भरता कम हुई। स्थानीय संस्थाएं कमजोर हुईं और ग्रामीण भारत की विकास यात्रा पर आघात हुआ। सीएम ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान चेतना की एक नई दिशा दी थी। उनका आह्वान था- 'बैक टू विलेज'। वे 'ग्राम स्वराज' ...शेष पृष्ठ 10 पर

### भारत और बांग्लादेश विश्वास के आधार पर काम करने को सहमत

ढाका। भारत और बांग्लादेश ने सोमवार को द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की और पारस्परिक विश्वास एवं आपसी लाभ के आधार पर भविष्य को ध्यान में रखते हुए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री के सलाहकार मो. इस्माइल जबीउल्ला से मुलाकात की और दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संबंधों पर चर्चा की। भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर पोस्ट किया लोगों के बीच आपसी संबंध ही द्विपक्षीय संबंधों की नींव होते हैं और बातचीत में इसी बात पर जोर दिया गया।

उच्चायोग ने कहा कि दोनों राजनयिकों ने भारत-बांग्लादेश संबंधों से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। भारतीय उच्चायोग ने उम्मीद जताई कि दोनों संप्रभु देश पारस्परिक विश्वास और आपसी फायदे के आधार पर भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। त्रिवेदी ने बांग्लादेश के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री अब्दुल अवल मिंटू और राज्य मंत्री शेख फरीदुल इस्लाम ...शेष पृष्ठ 10 पर

# इमारत हादसा : एमसीडी उपायुक्त समेत 5 सस्पेंड

### बचाव अभियान पूरा, सात लोगों की हुई मौत, 12 घायल

एजेंसी




नयी दिल्ली। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में एक इमारत ढहने से सात लोगों की मौत के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के उपायुक्त समेत पांच अधिकारियों को सोमवार को निलंबित कर दिया गया।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोमवार को बताया कि गुप्ता के निर्देश पर एमसीडी के दक्षिण जोन के उपायुक्त (डीसी) राकेश कुमार के साथ-साथ अधिशासी अभियंता, अधीक्षण अभियंता सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। आदेश की प्रति के मुताबिक, निलंबित अधिकारियों में दक्षिण क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता रणवीर सिंह, अधिशासी अभियंता (भवन) ललित कुमार गोयल, सहायक अभियंता (भवन) सुनील चौहान और कनिष्ठ अभियंता (भवन) आशीष कुमार शामिल हैं। निगम के सतर्कता विभाग ने इन अधिकारियों के निलंबन आदेश जारी किए हैं। इससे पहले, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सोमवार को दूसरे दिन घटनास्थल पहुंचीं और बचाव कार्यों का जायजा लिया। यह इमारत रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे मरम्मत कार्य के दौरान ढह ...शेष पृष्ठ 10 पर

### भारत-चीन की सेनाओं के बीच हुई शांति वार्ता

नयी दिल्ली। सीमा विवाद को लेकर बीजिंग में विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता के कुछ दिन बाद भारत और चीन की सेनाओं ने अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति की समीक्षा की।

सूत्रों ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश के किबिथू क्षेत्र में वाचा-दमाई सीमा बैठक स्थल पर हुई कोर कमांडर स्तर की वार्ता का मुख्य उद्देश्य सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सेना की दीमापुर स्थित तीसरी कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कालिया ने किया। वार्ता को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सुबनसिरी क्षेत्र में एलएसी के पास चीनी सैनिकों...शेष पृष्ठ 10 पर

# विकास के साथ हिमालयी पर्यावरण की सुरक्षा भी जरूरी

### सीएम धामी ने 'हिमालयो नाम नगाधिराजः' नामक कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। हिमालय को उत्तराखण्ड की पहचान, संस्कृति और जीवन का आधार बताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के विकास की दिशा ऐसी होनी चाहिए, जिसमें आर्थिक प्रगति के साथ हिमालयी पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तराखण्ड के विकास का टिकाऊ रास्ता इकोलॉजी और इकोनॉमी के संतुलन से ही निकलेगा।

मुख्यमंत्री ने वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हिमालय दिवस के अवसर पर आयोजित हिमालयो नाम नगाधिराजः कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने हिमालय परिषद् में मूलभूत सुविधाओं और संसाधनों के विस्तार के लिए 1 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने हिमालय के संरक्षण, संवर्धन और सतत विकास के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाले शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हिमालयी क्षेत्रों के लिए समर्पित विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित करने के लिए हिमालय विभूति सम्मान शुरू करने की घोषणा की। यह सम्मान प्रत्येक वर्ष हिमालय दिवस के अवसर...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- मुख्यमंत्री आज करेंगे यूपी टेक्स का उद्घाटन (पृष्ठ-02)
- हापुड़ बाईपास तक बनेगी 105 मीटर चौड़ी सड़क (पृष्ठ-02)
- रुपया सात पैसे टूटकर 94.50 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- वाहनों की खुदरा बिक्री 17.51 प्रतिशत बढ़ी (पृष्ठ-10)
- अब निवेशक समूह का ब्योरा देने की जरूरत नहीं (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — आगरा, गाजियाबाद, कानपुर और प्रयागराज समेत 16 शहरों ने टॉप रैंकिंग में बनायी जगह

# स्वच्छ हवा में यूपी का परचम, लखनऊ नम्बर वन

विशेष संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में स्वच्छ हवा को लेकर किए जा रहे लगातार प्रयासों ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से कराए गए सर्वेक्षण में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में लखनऊ ने पहली बार इंदौर को पीछे छोड़ते हुए देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। बीते साल अपना शहर 15वें पायदान पर था। साल 2022 में अपना शहर देश में पहले पायदान पर आया था। यह पुरस्कार 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में मिला है। वार्डों की श्रेणी में पेपर मिल कॉलोनी वार्ड को भी देश में पहला पुरस्कार मिला है। सोमवार को दिल्ली में पर्यावरण भवन में आयोजित कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल ने पुरस्कार ग्रहण किया। इस मौके पर नगर आयुक्त गौरव कुमार भी मौजूद रहे।

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में जो शहर देश में टॉप थ्री हैं। उनमें लखनऊ पहले नंबर पर, इंदौर दूसरे नंबर पर और जबलपुर तीसरे नंबर पर है।

लखनऊ ने 198 अंक के साथ प्रथम स्थान जबकि इंदौर 197 और जबलपुर 195 अंकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे हैं। यह उपलब्धि केवल राजधानी लखनऊ तक सीमित नहीं है। प्रदेश के 16 शहरों ने अलग-अलग आबादी वर्गों में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश में स्वच्छ वायु को लेकर शहर स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में उत्तर प्रदेश के कई शहरों ने भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। आगरा 192 अंकों के साथ चौथे, गाजियाबाद 184 अंकों के साथ नौवें, कानपुर 183.2 अंकों के साथ 11वें और प्रयागराज 180 अंकों ...शेष पृष्ठ 10 पर

# कानपुर में उफनायी पांडु नदी, कई इलाकों में बाढ़

जिला संवाददाता

कानपुर। कानपुर शहर तथा कानपुर देहात के कई इलाकों में उफनती पांडु नदी की वजह से बाढ़ आ गई है, जिससे लगभग 40 हजार लोग और एक हजार से अधिक घर प्रभावित हुए हैं। बाढ़ का पानी आवासीय इलाकों में घुस गया है और सड़क संपर्क बाधित हो गया है।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कानपुर बैराज में नदी का ऊपरी जलस्तर 114.200 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी के निशान 114 मीटर को पार कर गया है और खतरे के निशान 115 मीटर के करीब पहुंच गया है। बाढ़ का पानी कई आवासीय इलाकों में घुस गया है। कुछ सड़कों पर पांच-सात फुट और निचले इलाकों में घरों के अंदर छह फुट तक पानी दर्ज किया गया। कई परिवार बाहर चले गए हैं, जबकि कुछ निवासी छतों पर फंसे हुए हैं। वरुण विहार में निचले इलाकों में घरों में पानी भर गया है और कुछ झोपड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। कई विस्थापित परिवारों को गुजैनी नहर के किनारे प्लास्टिक शीट से आश्रय बनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। प्रशासन ने वार्ड-8 में मायापुरम, रविदासपुरम और वरुण विहार के निवासियों के लिए राहत शिविर स्थापित किया है। जिलाधिकारी और स्थानीय विधायक सुरेंद्र मैथानी ने प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री बांटी। पिपौरी गांव में 200 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं।

# कहानी सुनेंगे, सवाल पूछेंगे और चित्र बनायेंगे बच्चे

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर आज चलेगा आओ सुनें और सुनायें कहानी अभियान

- प्रदेश के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं में आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बालवाटिका के बच्चों में भाषा, कल्पनाशीलता और रचनात्मक सोच विकसित करने के लिए योगी सरकार 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में ह्यआओ सुनें और सुनाएं कहानीह्न अभियान चलाएगी। इसके तहत सभी को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों, बालवाटिकाओं और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) में कहानी आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को सहज और आनंदमय बनाते हुए उनमें सुनने, समझने, अपनी बात कहने और कल्पना करने की क्षमता विकसित करना है। कहानी के माध्यम से बच्चों को संवाद और रचनात्मक अभिव्यक्ति के अवसर भी दिए जाएंगे। बालवाटिका में निर्धारित दिवस योजना के अनुसार स्वागत और स्वतंत्र खेल गतिविधियों के बाद कहानी सत्र में यह कार्यक्रम होगा। बच्चों की आयु के अनुरूप बिग बुक या स्थानीय कहानी का चयन किया जाएगा।

कहानी में नैतिक संदेश के साथ बच्चों की रुचि और कल्पनाशीलता का भी ध्यान रखा जाएगा। कहानी सुनाने के दौरान बच्चों से खुले और बंद छोर वाले प्रश्न पूछे जाएंगे। उन्हें अपने विचार और उत्तर व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। गतिविधि के बाद बच्चे कहानी से प्रेरित चित्र बनाएंगे और अपने बनाए चित्र के बारे में अपनी बात भी बताएंगे। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में भी विशेष आयोजन होंगे। यहां कहानी वाचन, चर्चा, प्रश्नोत्तर और रचनात्मक गतिविधियां कराई जाएंगी।

स्थानीय जरूरतों के अनुसार नवाचारों को भी शामिल किया जा सकेगा। कार्यक्रम में आसपास की बालवाटिकाओं के आंगनबाड़ी कार्यकताओं, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन, बच्चों और अभिभावकों को भी जोड़ा जा सकता है। बच्चों को कागज और रंग उपलब्ध कराकर कहानी से प्रेरित चित्र बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उनकी रचनाओं को प्रदर्शित कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षण सहयोगियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बच्चों द्वारा तैयार रसामग्री को सुरक्षित रखने और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया है।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि सरकार बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत आधार देने के लिए सीखने को आनंद और रचनात्मकता से जोड़ रही है। कहानी आधारित गतिविधियों से बच्चों में भाषा, कल्पनाशीलता और अभिव्यक्ति का विकास होगा।

# मिशन-2027 के लिए भाजपा अवध क्षेत्र की नयी टीम को मिला मंत्र

## बूथ मजबूत करने पर जोर, संगठन की मजबूती का दिया संदेश

- प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से किया परिचय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा अवध क्षेत्र की नवनियुक्त टीम का परिचयात्मक कार्यक्रम सोमवार को हजरतगंज स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने नवनियुक्त क्षेत्रीय पदाधिकारियों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया और उन्हें संगठन के प्रति निष्ठा, समर्पण और सक्रियता के साथ काम करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी दिलीप पटेल और क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी भी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रत्येक पदाधिकारी को अपने दायित्व का पूरी सक्रियता से निर्वहन करना होगा। बूथ स्तर तक संगठन की पहुंच मजबूत करने और पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच ले जाने पर विशेष जोर दिया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी ने प्रदेश नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि अवध क्षेत्र की नई टीम आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के लिए पूरी ताकत से काम करेगी। उन्होंने कहा कि पद केवल जिम्मेदारी का प्रतीक नहीं, बल्कि संगठन और समाज के प्रति जवाबदेही भी है। प्रत्येक पदाधिकारी को पूरी ऊर्जा और निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने में जुटना होगा। अवध क्षेत्र प्रभारी दिलीप पटेल ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठनात्मक दायित्वों के प्रभावी निर्वहन को लेकर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और पार्टी के अभियानों को गति देने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री राजीव मिश्रा, राहुल राज रस्तोगी, अवधेश कटियार और डॉ. विमल सिंह शामिल रहे। क्षेत्रीय उपाध्यक्षों में नीरज वर्मा, राजकिशोर मौर्य, ठाकुर प्रसाद गंगवार, नितिन मित्तल, पीके वर्मा, अवधेश पाण्डेय बादल, मनीष शुक्ला, रेशु भाटिया, दिनेश सिंह और अनूप वाजपेयी मौजूद रहे। क्षेत्रीय मंत्रियों में विकास सिंह, महेंद्र लोधी, काशीराम रावत, अंकित सिंह चंदेल, गौरव भाटिया, पूजा मिश्रा, विकास श्रीवास्तव बाबा, विजय भुर्जी, अंजली मौर्य और रामकुमार वर्मा सहित क्षेत्रीय कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

# हापुड़ बाईपास तक बनेगी 105 मीटर चौड़ी सड़क

- ग्रेटर नोएडा में फ्रेट व पैसेंजर मूवमेंट होगा अलग
- गंगा एक्सप्रेसवे तक 30-45 मिनट में पहुंचने की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नोएडा इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट के संचालन के बाद ग्रेटर नोएडा में बढ़ने वाले मालवाहक और यात्री यातायात के दबाव को देखते हुए फ्रेट और पैसेंजर मूवमेंट को अलग-अलग करने की तैयारी है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण) ने महायोजना-2041 में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया है।

इस प्रस्ताव पर सोमवार को लखनऊ स्थित पिकअप भवन में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार भी मौजूद रहे। प्राधिकरण के अधिकारियों ने प्रस्तावित सड़क और लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी की योजना का प्रस्तुतिकरण किया। अधिकारियों के अनुसार नोएडा और ग्रेटर नोएडा से गंगा एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए हापुड़ बाईपास तक 105 मीटर चौड़ी सड़क विकसित करने की योजना है। इसके बाद कनेक्टिविटी को करीब 15 किलोमीटर आगे बढ़ाकर ग्रेटर नोएडा को सीधे गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने का प्रस्ताव है।

इस कनेक्टिविटी के विकसित होने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा से गंगा एक्सप्रेसवे तक पहुंचने में लगने वाला समय घटकर करीब 30 से 45 मिनट रह जाने की उम्मीद है। इससे दिल्ली-एनसीआर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों तक आवागमन सुगम होने के साथ औद्योगिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। फ्रेट मूवमेंट को सुगम बनाने के लिए मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब से वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के समानांतर छह लेन की एलिवेटेड सड़क विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। इस सड़क को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने की योजना है, ताकि लॉजिस्टिक हब से माल की आवाजाही सीधे एयर कार्गो टर्मिनल तक हो सके। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में प्रमुख परियोजनाओं को भी आगामी औद्योगिक विकास के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इनके जरिए माल ढुलाई की क्षमता बढ़ाने और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत करने की योजना है।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा तेजी से उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। ऐसे में उद्योग, व्यापार और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कनेक्टिविटी और यातायात व्यवस्था विकसित करना जरूरी है। प्रस्तावित योजना के तहत यात्री वाहनों और मालवाहक वाहनों की आवाजाही को अलग करने से शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने, लॉजिस्टिक्स को तेज करने और जेवर एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक हब तथा एक्सप्रेसवे के बीच बेहतर संपर्क स्थापित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# प्रदेश में तोरिया के निशुल्क मिनीकिट व रबी फसलों के बीजों की बुकिंग जारी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से कराया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश में तोरिया के 30 हजार मिनीकिट का कृषकों को निःशुल्क वितरण कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके सापेक्ष 07 सितम्बर तक किसानों द्वारा 15 हजार मिनीकिट की बुकिंग कराई जा चुकी है। इस संबंध में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश के किसानों से अपील की है कि वे तोरिया के निःशुल्क मिनीकिट प्राप्त करने के लिए विभाग की वेबसाइट (https://agriculture.up.gov.in) पर शीघ्र बुकिंग कर योजना का लाभ उठाएं। तोरिया के अतिरिक्त रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं के 10.45 लाख कुंतल, चना के 69.96 हजार कुंतल, मटर के 17.89 हजार कुंतल, मसूर के 41.76 हजार कुंतल तथा राई/सरसों के 15.94 हजार कुंतल की बुकिंग प्रक्रियाधीन है, जिसके लिए कृषकों से अधिकाधिक संख्या में बुकिंग कराने का आह्वान किया गया है।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे यूपी टेक्स-2026 का उद्घाटन

## लखनऊ में आज व कल जुटेंगे देश के प्रतिष्ठित वस्त्र व्यवसायी और निर्माता

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र को नई पहचान और गति देने की दिशा में योगी सरकार का प्रयास लगातार प्रभावी परिणाम दे रहा है। इसी कड़ी में यूपी टेक्स-2026 का आयोजन 8 और 9 सितंबर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका उद्घाटन करेंगे, जिसमें देश के प्रतिष्ठित वस्त्र व्यवसायी एवं निमार्ता हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के जरिए प्रदेश के वस्त्र उद्योग की संभावनाओं, निवेश, उत्पादन और रोजगार के अवसरों को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

हथकरघा और वस्त्रोद्योग विभाग योगी सरकार में लगातार उपलब्धियों की तरफ बढ़ रहा है। वर्ष 2017-18 से अब तक वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने और रोजगार सृजन के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2017 तथा उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2022 लागू की गई हैं। इन नीतियों के तहत नई वस्त्र इकाइयों तथा विस्तार/विविधीकरण करने वाली इकाइयों को लाभ पहुंचाते हुए 214 इकाइयों के पक्ष में लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए गए हैं। वहीं 157 इकाइयों को कुल 416.75 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता वितरित की जा चुकी है।

योगी सरकार ने हथकरघा एवं पावरलूम बुनकरों को स्वरोजगार और उत्पादन से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री हैंडलूम एवं पावरलूम उद्योग विकास योजना शुरू की। वित्तीय वर्ष 2023-24 से शुरू इस योजना के तहत अब तक 4,122 बुनकरों को 73.18 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता से लाभान्वित किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभाग ने दो नई योजनाएं भी शुरू की हैं। उत्तर प्रदेश वस्त्र क्षेत्र प्रशिक्षण एवं कौशल विकास योजना के जरिए प्रदेश में स्थापित होने वाली वस्त्र इकाइयों की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षित एवं कुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

वहीं मुख्यमंत्री हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना के माध्यम से बुनकरों को समूह में संगठित कर सामूहिक उत्पादन के जरिए उनके कारोबार को आर्थिक मजबूती देने, आय बढ़ाने और विदेशी मुद्रा अर्जित करने की दिशा में काम किया जाएगा।

# सीएम आज अयोध्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को करेंगे सम्मानित

**अयोध्या।** अयोध्या में मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं का सम्मान किया जाएगा। राजकीय इंटर कालेज के मैदान में आयोजित इस राज्यस्तरीय समारोह के मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। वह कार्यकत्रियों का सम्मान भी करेंगे। अयोध्या मंडल की करीब 12 से 15 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां इस कार्यक्रम में शामिल होंगीं। प्रदेश के सभी जिलों में इसका लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में विभागीय मंत्री तथा जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। राशन वितरण का कार्य देख रही स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं भी इसमें भाग लेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश के हर जिले में समानांतर कार्यक्रम होंगे, लेकिन मुख्य समारोह मुख्यमंत्री की उपस्थिति में अयोध्या में ही संपन्न होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह की निगरानी में सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल करीब तीन घंटे अयोध्या में रहेंगे। दोपहर 2:50 बजे वे जीआईसी मैदान पहुंचेंगे। शाम 4 बजे तक जीआईसी मैदान में रहने के बाद वह हेलीकॉप्टर से राम कथा पार्क हेलीपैड पहुंचेंगे। वहां से पहले हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करेंगे, उसके बाद श्रीराम मंदिर पहुंचकर रामलला का दर्शन-पूजन करेंगे। शाम करीब 5 बजे हेलीकॉप्टर से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

# यूपीटीईटी के सफल अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्र जारी

- प्राथमिक स्तर के 5,71,435 और उच्च प्राथमिक स्तर के 7,59,513 अभ्यर्थी हुए सफल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी-2026) में सफल घोषित सभी अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्र आयोग द्वारा निर्गत कर दिए गए हैं। सफल अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि दर्ज कर प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि यूपीटीईटी-2026 की लिखित परीक्षा 02 एवं 03 जुलाई को दो-दो पालियों तथा 04 जुलाई को एक पाली, इस प्रकार कुल 05 पालियों में प्रदेश के 60 जिलों के 955 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न कराई गई थी। इनमें उच्च प्राथमिक स्तर की 03 पालियां तथा प्राथमिक स्तर की 02 पालियां शामिल थीं। उन्होंने बताया कि यूपीटीईटी-2026 का परिणाम 26 अगस्त को घोषित किया गया। प्राथमिक स्तर (कक्षा 01 से 05 तक) की परीक्षा में कुल 7,13,648 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 5,71,435 अभ्यर्थी अर्थात 80.07 प्रतिशत सफल घोषित किए गए। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 06 से 08 तक) की परीक्षा में कुल 10,57,021 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 7,59,513 अभ्यर्थी अर्थात 71.85 प्रतिशत सफल घोषित किए गए।

आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत सभी अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्र निर्गत कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी उ०प्र० शिक्षा सेवा चयन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट ttps://www.upessc.up.gov.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि दर्ज कर प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रमाण-पत्र डिजिलॉकर के माध्यम से भी उपलब्ध कराया जाएगा।

# उच्च शिक्षा संस्थानों में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए बनेगी एक समान नीति

- विद्यार्थियों को परामर्शदाता मनोवैज्ञानिक या विशेषज्ञ सेवाओं का मिलेगा लाभ

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर उच्च शिक्षा संस्थानों में एक समान छात्र मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण नीति के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में प्रस्तावित नीति के विभिन्न पहलुओं, इसके प्रभावी क्रियान्वयन और विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य एवं परामर्श संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने की कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल, विशेष सचिव निधि श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

योगी सरकार उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दे रही है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐसा शैक्षणिक वातावरण देना है, जहां वे शैक्षणिक दबाव, तनाव या भावनात्मक चुनौतियों की स्थिति में समय पर सहायता प्राप्त कर सकें।

प्रस्तावित नीति के तहत राज्य, जिला और संस्थान स्तर पर समन्वित व्यवस्था विकसित की जाएगी। राज्य स्तर पर निदेशक, उच्च शिक्षा को नोडल एवं कार्यान्वयन प्राधिकारी बनाया जाएगा, जबकि प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में संचालन समिति क्रियान्वयन, बजट और समीक्षा की निगरानी करेगी। जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के साथ समन्वय करेगी।

प्रत्येक उच्च शिक्षा संस्थान में मानसिक स्वास्थ्य सहायता कक्ष की स्थापना की जाएगी, जहां विद्यार्थियों को गोपनीय वातावरण में परामर्श मिलेगा। ऑनलाइन मानसिक स्वास्थ्य पोर्टल के माध्यम से टेस्टिंग की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। जरूरत पर विद्यार्थियों को परामर्शदाता, मनोवैज्ञानिक या विशेषज्ञ सेवाओं से जोड़ा जाएगा। शिक्षकों, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों और छात्र प्रतिनिधियों को तनाव, भावनात्मक परेशानी के संकेतों को समझने और सहायता पहुंचाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षित शिक्षक छोटे समूहों में मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और जीवन कौशल पर संवाद कार्यक्रम चलाएंगे। गंभीर तनाव या आपातकाल में तत्काल सहायता के लिए हेल्पलाइन और रेफरल व्यवस्था विकसित की जाएगी, जिसमें विद्यार्थी की गोपनीयता और गरिमा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

नीति के तहत मानसिक स्वास्थ्य को समग्र व्यक्तित्व विकास से जोड़ा जाएगा। इसके लिए जागरूकता अभियान, कार्यशालाएं, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां, करियर काउंसलिंग और सोशल मीडिया के माध्यम से वातावरण तैयार किया जाएगा। क्रियान्वयन और निगरानी के लिए उच्च शिक्षा विभाग में समेकित पोर्टल एवं डैशबोर्ड विकसित किया जाएगा।

# कार्यशाला में मीना मंचों के 450 प्रतिभागी होंगे प्रशिक्षित

- 9 से 24 सितंबर तक प्रयागराज में नौ बैचों में होगी टीओटी एवं मास्टर ट्रेनर कार्यशाला

**लखनऊ।** प्रदेश की बेटियों को शिक्षा के साथ नेतृत्व, आत्मविश्वास और सुरक्षित वातावरण देने के लिए योगी सरकार विद्यालय स्तर पर चल रहे कार्यक्रमों को और मजबूत करने जा रही है। इसी क्रम में विशेष परियोजना फॉर इक्विटी के तहत मीना मंचों के सशक्तीकरण और नेतृत्व क्षमता विकास के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

प्रयागराज स्थित एसआईईएमएटी में 9 से 24 सितंबर तक नौ बैचों में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी) एवं मास्टर ट्रेनर (एमटी) कार्यशाला आयोजित होगी। इसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कुल 450 प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रत्येक बैच में 50 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में मीना मंचों को प्रभावी बनाने, बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर रहेगा। साथ ही यौन शोषण से संबंधित प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिभागियों की क्षमता का भी संवर्धन किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले टीओटी और मास्टर ट्रेनर आगे संबंधित स्तरों पर अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षित करेंगे।

कार्यशाला के पहले और दूसरे बैच का आयोजन 9 व 10 सितंबर, तीसरे और चौथे बैच का 11 व 12 सितंबर, सातवें और आठवें बैच का 16 व 17 सितंबर, पांचवें और छठे बैच का 21 व 22 सितंबर तथा नौवें बैच का 23 व 24 सितंबर को होगा। कार्यशाला में प्रदेश के 75 जनपदों से प्रतिभागियों की सहभागिता होगी। प्रत्येक जनपद से छह प्रतिभागी शामिल किए जाएंगे। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि सरकार बालिकाओं को शिक्षा के साथ नेतृत्व, सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मीना मंच बालिकाओं के सशक्तीकरण और नेतृत्व विकास का प्रभावी माध्यम है।

# बस्ती से विदेश पहुंचा 25 हजार कुंतल शीरा

- शीरे के निर्यात से करीब पांच लाख डॉलर की विदेशी मुद्रा हासिल
- यूपी के गांव में तैयार कच्चा माल अब अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन का हिस्सा

**लखनऊ।** योगी सरकार में उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था अब केवल स्थानीय और घरेलू बाजार तक सीमित नहीं रह गई है। प्रदेश के कृषि उत्पाद प्रसंस्करण के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार तक अपनी पहुंच बना रहे हैं। बस्ती से 25 हजार कुंतल शीरे का विदेश निर्यात इसका एक प्रमुख उदाहरण है। इससे करीब पांच लाख अमेरिकी डॉलर की विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई है। खास बात यह है कि शीरा अलग शुल्क वर्गीकरण में आता है, इसलिए इससे हुई विदेशी मुद्रा अर्जन की राशि प्रदेश के मुख्य आबकारी निर्यात आंकड़ों से अलग है।

उत्तर प्रदेश में गन्ने और अनाज जैसे कृषि उत्पादों से जुड़े उद्योगों को अब सिर्फ स्थानीय बाजार ही नहीं, बल्कि वैश्विक बाजार भी उपलब्ध हो रहा है। इससे खेतों में तैयार होने वाले कच्चे माल के प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और बाजार विस्तार की संभावनाएं बढ़ी हैं। प्रदेश में गन्ना आधारित अर्थव्यवस्था का बड़ा नेटवर्क है। गन्ने से चीनी के साथ शीरा जैसे उप-उत्पाद भी तैयार होते हैं।

योगी सरकार की त्रिवर्षीय आबकारी निर्यात नीति 2026-29 का जोर प्रदेश की उत्पादन क्षमता बढ़ाने और निर्यात को प्रोत्साहित करने पर है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में प्रदेश के आबकारी निर्यात में पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 45.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इसी अवधि में राष्ट्रीय वृद्धि 18.3 फीसदी रही। अप्रैल-जून 2026 में यूपी का आबकारी निर्यात 127.8 लाख डॉलर तक पहुंचा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 87.9 लाख डॉलर था। यानी प्रदेश ने करीब 39.9 लाख डॉलर की अतिरिक्त वृद्धि दर्ज की। हालांकि, बस्ती के शीरे से मिली करीब पांच लाख डॉलर की विदेशी मुद्रा अलग शुल्क वर्गीकरण के कारण इन आंकड़ों से अतिरिक्त है। कृषि उत्पाद का विदेश पहुंचना केवल किसान निर्यातक के बीच का कारोबार नहीं है। इसके पीछे प्रसंस्करण, पैकेजिंग, भंडारण, परिवहन और लॉजिस्टिक्स की श्रृंखला काम करती है। निर्यात बढ़ने के साथ इन क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ने की संभावना रहती है।

आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह ने बताया कि प्रदेश में निर्यात बढ़ने का असर केवल आबकारी इकाइयों तक सीमित नहीं है। उद्योग की पिछली कड़ी गन्ना, शीरा और अनाज जैसे कृषि उत्पादों से जुड़ी है, जबकि आगे कांच की बोतल, पैकेजिंग, ढक्कन, लेबलिंग, भंडारण और परिवहन जैसे अनेक क्षेत्र जुड़े हैं। उत्पादन और निर्यात बढ़ने के साथ इन सभी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ती हैं। इससे खेत से फैक्ट्री और फैक्ट्री से विदेशी बाजार तक एक व्यापक एक्सपोर्ट चेन तैयार हो रही है।

# सहारनपुर जाने से रोके गये अजय राय, जताया विरोध

- पुलिस ने हिरासत में लेकर भेजा पुलिस लाइन, देर शाम छोड़ गये

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर सहारनपुर में मस्जिद के ध्वस्तीकरण की घटना के सम्बन्ध में मस्जिद कमेटी के सदस्यों से मुलाकात करने के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से निकलकर सहारनपुर जा रहे थे। प्रदेश मुख्यालय से निकलते ही माल एवेन्यू चौराहे पर मौजूद पुलिस बल ने अजय राय को सहारनपुर जाने से रोका गया जिस पर वहां उपस्थित कांग्रेसजनों ने पुलिस द्वारा रोके जाने का विरोध किया।

इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष सहारनपुर जाने की जिद पर चौराहे पर ही सड़क पर बैठ गये, जहां सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन इकट्ठा हो गये, तब भारी पुलिस बल द्वारा अजय राय सहित सैंकड़ों कांग्रेसियों को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले गयी, जहां से काफी देर बाद छोड़ा गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार जनआकांक्षाओं पर विफल साबित हुई है इसलिए वह डरी हुई है, जहां कहीं भी पीड़ितों की आवाज उठाने और उनके दुख दर्द बांटने के लिए कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता पहुंचते हैं उन्हें रास्ते में रोका जाता है यह लोकतंत्र और संविधान के विरूद्ध है। पुलिस लाइन से निकलने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी कांग्रेसी इको गार्डेन पहुंचे जहां विगत 6 दिनों से अनुसूचित जाति विभाग द्वारा चलाये जा रहे अनिश्चितकालीन धरने में शामिल हुए, जहां धरने का सातवां दिन था।

इस मौके पर पूर्व विधायक भगौती प्रसाद चौधरी, पूर्व विधायक इन्दल रावत, असीम वकार, बद्री विशाल तिवारी, सलीम अख्तर, अब्दुल्ला शेर खान, मौलाना इस्लाही, डा. अरशद आजमी, डा. उमा शंकर पाण्डेय, सुरेन्द्र यादव, ओंकारनाथ सिंह, रूद्रदमन सिंह बबलू सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

# एक्सप्रेस-वे निर्माण में बड़े पैमाने पर हुआ भ्रष्टाचार

- सपा अध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस कर भाजपा सरकार पर साधा निशाना
- कहा, 60 प्रतिशत चल रहां है कमीशन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में हाइवे बीजेपी के लोगों की जेबे भरने के लिए बनाए गए है। इनके बनाए सभी एक्सप्रेस-वे में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और बजट की लूट हुई है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को उजागर करने वालों और सच्चाई दिखाने वालों के खिलाफ हैं, जो लोग भ्रष्टाचार उजागर कर रहे हैं उन्हें धमकाया, डराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोग भाजपा के भ्रष्टाचार से परेशान और पीड़ित हैं। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर 118 जगह सड़क टूटी और गड्ढे हो गए। जिसने सड़क बनाया उसे बोनस दिया गया है और दूसरी जगह काम भी दे दिया गया है। भाजपा सरकार में बजट की लूट चल रही है। 60 प्रतिशत कमीशन चल रहा है।

सपा के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का पैसा और संसाधन लगाकर कुछ अंडरग्राउंड, सुरंगी लोग हमारे खिलाफ षड्यंत्र करके एआई से वीडियो बना रहे हैं, अगर वे वीडियो बनाएंगे तो वीडियो इधर से भी बनेगा। उनके गाने से अच्छा गाना, हम लोग देंगे।

उन्होंने कहा कि एआई का प्रयोग समाज में अच्छाई लाने के लिए होना चाहिए, नकारात्मक राजनीति के लिए नहीं होना चाहिए। एआई का प्रयोग मेडिकल और कृषि और अन्य क्षेत्रों में होना चाहिए, जिससे गरीबों को समय पर इलाज मिल जाए। किसानों को मौसम की सही जानकारी मिल जाए, बीमारियों की जानकारी हो जाए तो किसान अपनी फसल को बचा पाएगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सोची समझी रणनीति और साजिश करके अधिकारियों के माध्यम से प्रदेश को कम्युनल रास्ते पर ले जाना चाहती है। जब हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिल सकता था तो मस्जिद क्यों गिरा दी गयी। सहारनपुर जा रहे सपा प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों, सांसदों और विधायकों को उनके घरों पर रोके जाने पर अखिलेश यादव ने कहा कि पुलिस चोर, डकैत बदमाशों को नहीं पकड़ रही है, राजनीतिक लोगों की घेराबंदी कर रही है। सहारनपुर जा रहे सपा के सभी सांसदों और विधायकों के घरों को पुलिस ने घेर रखा है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पीडीए प्रोग्रेसिव लोगों का एलायंस है। पीडीए में लोग एक पीड़ा से बंधे हैं। पीडीए में पीड़ित दुखी अपमानित लोग शामिल है। पीडीए एकजुट है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि हम साधु-संतो का बहुत सम्मान करते हैं। हमेशा करते रहेंगे लेकिन जो दरारवादी और संकीर्ण विचारधारा के लोग हैं, वे विपक्ष के खिलाफ किस तरह का वीडियो बना रहे हैं, सभी लोगों ने देखा है।

संक्षेप

## विद्यालय में चोरी, दी गयी तहरीर

प्रतापगढ़। प्राथमिक विद्यालय में घुसे अज्ञात चोर हजारों का सामान उड़ा ले गये। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने सोमवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के जगन्नाथपुर ग्राम पंचायत अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरे मीतन के प्रभारी प्रधानाध्यापक रमेश कुमार वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती रविवार की रात अज्ञात चोर विद्यालय में घुस आये और कमरे में रखे खेल सामग्री, बर्तन, साउण्ड स्पीकर आदि सामान उठा ले गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी।

## घर में घुसकर उड़ाये गृहस्थी के सामान जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। घर में घुसे अज्ञात चोर हजारों का सामान चुरा ले गये। पीड़ित ने सोमवार को पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के गोवर्धन गांव निवासी कृष्णराज तिवारी पुत्र माधवराज तिवारी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती रविवार की रात अज्ञात चोर उसके भाई के घर में घुस आये। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखे कीमती कपड़े, बर्तन, सिलाई मशीन, बैट्री-इंवर्टर, गैस सिलेण्डर आदि सामान उठा ले गये। सोमवार को घर में चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी।

## राहुल गांधी का दो दिवसीय रायबरेली दौरा आज से

रायबरेली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को आएंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने सोमवार को बताया कि राहुल अपने दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को रायबरेली पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि उनके जोरदार स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। राहुल अपने इस दौरे पर दिशा (जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति) की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, साथ ही कई अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

## ट्यूशन पढ़ने जा रहे दो किशोरों की सड़क हादसे में मौत

गोंडा। जिले में सोमवार सुबह तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो किशोरों की मौत हो गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) योगेंद्र सिंह ने बताया कि हादसा खरगूपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटियाथोक-खरगूपुर मार्ग पर पिपरा भोधर के पास हुआ। उन्होंने बताया कि भटपुरवा निवासी अमन कुमार उपाध्याय (15) मोटरसाइकिल से सुबह करीब सात बजे ट्यूशन पढ़ने खरगूपुर बाजार जा रहा था। उसके साथ गांव का ही एक अन्य किशोर विपिन मौर्य (17) भी था। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार भार वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी और हादसे में दोनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन चालक की पहचान लखनऊ के बीबीडी थाना क्षेत्र के बाजपुर निवासी उदय सिंह के रूप में की है। मृत अमन के पिता विजय कुमार की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया हैऔर शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नदी में नहा रहे दो बच्चों की डूबने से मौत

शाहजहांपुर। जिले में सोमवार को नदी में नहाने गए दो बच्चों की गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने से मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) देवेंद्र कुमार ने बताया कि निगोही थाना क्षेत्र के पतराजपुर गांव में रहने वाले चार बच्चे आज सुबह कैमुआ नदी में नहाने गए थे जिनमें से दो बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूब गये। उन्होंने बताया कि उनके साथी दो बच्चों ने उन्हें डूबते देखकर शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर इकट्ठे हो गए और उन्होंने गहरे पानी में डूबे करन (10) तथा विनय (12) को बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पूरे जिले में कई नदियों में भीषण बाढ़ के चलते ज्यादा पानी है ऐसे में नदियों और तालाबों में जाने से लोगों को बचना चाहिए।

# भाजपा के प्रशासनिक तंत्र की विफलता है दिल्ली में भवन गिरने से छात्रों की मौत: प्रमोद तिवारी

**राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने आरएसएस प्रमुख के लंदन में दिये गये बयान को लेकर भी की घेराबंदी**

जिला संवाददाता



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने दिल्ली के साकेत निकेतन में जर्जर पीजी भवन के ढहने से हुई कई छात्रों की दर्दनाक मौत को जिम्मेदार प्रशासनिक तंत्र के साथ भाजपा सरकार की एक और बड़ी लापरवाही करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे में कई निर्दोष घायल भी हुये हैं।

सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि उन्नीस सौ सत्तर के कच्ची ईंट से निर्मित जर्जर भवन के भरभरा कर गिर जाने से सिर्फ मकान मालिक ही दोषी नहीं है। उन्होंने कहा कि कड़वी सच्चाई यह है कि सरकार के अधीन भाजपा के निगम को भी मौत के इस कुंएं के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हादसे से जुड़े क्षेत्र में भाजपा के ही विधायक और सांसद तथा निगम निर्वाचित हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार भी सरकारी तंत्र की लापरवाही के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। उन्होंने इस घटना की न्यायिक जांच के साथ मृतक छात्रों के परिजनों को मुआवजे के साथ सभी घायलों के सरकारी खर्च पर बेहतरीन इलाज की भी मांग उठायी है। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने आरएसएस के सर संघ संचालक मोहन भागवत के द्वारा हाल ही में लंदन में संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर संघ पर नफरत फैलाने के लगे आरोप की सफाई को लेकर भी तगड़ी घेराबंदी की है। उन्होंने कहा कि पिछले बारह वर्ष से केन्द्र में भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में भी भाजपा की सरकार है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा के मातृ संगठन आरएसएस प्रमुख का दिया गया बयान दुनिया का सबसे बड़ा झूठ है। उन्होंने कहा कि कड़वी सच्चाई यह है कि भाजपा सरकारें सुनियोजित ढंग से नफरत फैलाया करती है। वहीं सहारनपुर में कचेहरी के अन्दर प्रशासन द्वारा मस्जिद को गिराये जाने की कार्रवाई को सांसद प्रमोद तिवारी ने न्यायिक बेईमानी करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई के पहले प्रभावित पक्ष को अगली अदालत में अपील का अवसर मिलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक को अन्तिम न्याय पाने का मौलिक अधिकार है। वहीं कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अगले प्रधानमंत्री के पार्टी के दावे का पुरजोर समर्थन भी किया है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा छात्रों तथा युवाओं व देश के सभी वर्गों की लगातार निडरता और साहस के साथ हक की आवाज उठायी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ राहुल गांधी का संघर्ष उन्हें पीएम मोदी से भी अधिक लोकप्रिय बना गया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता देखकर मोदी सरकार परेशान हो उठी है। सांसद प्रमोद तिवारी का बयान सोमवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## लोहे की रॉड हाईटेंशन तार से टकरायी, करंट लगने से बुजुर्ग की मौत

सिद्धार्थनगर। सदर थाना क्षेत्र के बसौना चौराहे पर सोमवार सुबह नीम के पेड़ से दातून तोड़ते समय 59 वर्षीय कमाल अहमद की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। दातून तोड़ने के लिए इस्तेमाल की जा रही लोहे की रॉड ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को घर ले गए हैं। कमाल अहमद की पत्नी नेपाल और दोनों बेटे मुंबई में हैं। परिजनों के मुताबिक उनके आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जाएगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पेड़ के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए बिजली विभाग से जरूरी कदम उठाने की मांग की है।

## दर्शन यात्रा को पैदल निकले श्रद्धालुओं का ग्रामीणों ने किया स्वागत



प्रतापगढ़। दर्शन यात्रा को पैदल निकले पिता पुत्र का ग्रामीणों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत हुआ। लालगंज क्षेत्र के परसपुर निवासी आदित्यनाथ सिंह तथा उसके पिता भूपेन्द्र सिंह रविवार की शाम वृंदावन तीर्थ यात्रा को रवाना हुए। आदित्य लालगंज के पुनीत इंण्टर कालेज में कक्षा दस का छात्र है। आदित्य पिता भूपेन्द्र के साथ दर्शन यात्रा के तहत वृंदावन में प्रेमानन्द जी महाराज के दर्शन के निमित्त पांच सौ इकतीस किलोमीटर पैदल यात्रा पूरी करने का संकल्प लिया है। किशोर व उसके श्रद्धालु पिता की भक्तिभावना को देखकर ग्रामीणों ने उसका माल्यार्पण कर स्वागत भी किया है।

## लेफ्टिनेंट बने मयंक तिवारी उपलब्धि पर खुशी का माहौल



प्रतापगढ़। नगर पंचायत के उमापुर वार्ड निवासी मयंक तिवारी ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वार्ड के पारसनाथ तिवारी के पौत्र मयंक को पांच सितम्बर को आफिसर्स टेजनिंग अकादमी चेन्नई में पासिंग आउट परेड के दौरान यह सफलता मिली है। मयंक के पिता शेषमणि तिवारी गडवारा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य तथा मां सीमा तिवारी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र हैं। मयंक की उपलब्धि की जानकारी मिलने पर सोमवार को उमापुर में परिजनों तथा लोगों में खुशी का माहौल देखा गया। छोटे भाई उमंग तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा, अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल आदि ने उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरव पूर्ण कहा है।

## डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने वेयर हाउस में रखी बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था लगातार मजबूत रखी जाए। साथ ही वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और डीवीआर की रिकॉर्डिंग लगातार चालू रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ललित कुमार, भाजपा जिलामंत्री राकेश मिश्रा, सपा जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव, कांग्रेस के यशोदानंदन शर्मा, आम आदमी पार्टी के राहुल शुक्ला सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



श्रावस्ती। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती की ओर से सोमवार को डीपीआरसी, भिनगा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित प्रजापति के निर्देशन में तथा सचिव अनुप्रिया की अध्यक्षता में हुआ।

सचिव अनुप्रिया ने लोगों को सामान्य कानूनों और उनके अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता और अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। शिविर में राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता अभियान-3.0, महिला एवं बाल संरक्षण, पॉक्सो एक्ट-2012, महिला अधिकार, समान वेतन, लैंगिक समानता, महिला कल्याण, एसिड अटैक और घरेलू हिंसा से बचाव सहित विभिन्न कानूनी विषयों पर जानकारी दी गई। इसके साथ ही नशीली दवाओं से होने वाले नुकसान और विभिन्न सरकारी सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पैनल लॉयर अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से बिना किसी शुल्क के कानूनी सलाह और अधिवक्ता की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में डीपीआरसी के सीनियर फैकल्टी बृजेश कुमार पाण्डेय, डिप्टी चीफ एलएडीसी जेपी त्रिपाठी, पीएलवी माला शर्मा, ज्योति गुप्ता, किरन चौरसिया तथा समाजसेवी इन्दु गौतम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ढही दीवार और उतरे करंट के बीच बाल-बाल बचा परिवार

श्रावस्ती। ग्राम कल्याणपुर मजरा लखाही में बारिश के दौरान एक मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार गिरने से घर में मौजूद एक ही परिवार के कई लोग मलबे में दब गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि ग्रामीणों की तत्परता से मलबे में दबे लोगों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। हादसे में जनार्दन प्रसाद पुत्र शालिग्राम, उम्र करीब 45 वर्ष, उनकी पत्नी राम कुमारी उम्र करीब 43 वर्ष, पुत्र बंसीलाल उम्र करीब 22 वर्ष सहित परिवार के अन्य सदस्य मलबे की चपेट में आ गए। इसी दौरान बिजली का करंट उतरने से स्थिति और भी खतरनाक हो गई, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। बचाने वालों में रमेश त्रिवेदी, अजय तिवारी, मेघवाल, स्वामीनाथ तिवारी, सीताराम वा तमाम ग्रामवासी शामिल रहे। इन लोगों ने अपनी जान की परवाह किए बिना मलबे में दबे परिवार के सदस्यों को बाहर निकालने में मदद की। ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता के चलते परिवार के लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बारिश के बीच दीवार गिरने और करंट उतरने की इस घटना ने ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया।

## एसएसपी ने जनता दर्शन में सुनी फरियादियों की समस्याएं, 18 प्रार्थना पत्र मिले

सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई में कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें भूमि विवाद से संबंधित 2, पारिवारिक विवाद के 5 और मारपीट से जुड़े 3 प्रार्थना पत्र शामिल रहे। अन्य मामलों से संबंधित 10 शिकायतें भी प्राप्त हुईं। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## हॉस्टल खाली कराने के विरोध में इंटर्न छात्रों का प्रदर्शन, मेडिकल कॉलेज के गेट पर लगाया ताला

सिद्धार्थनगर। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में सोमवार शाम हॉस्टल खाली कराने के विरोध में इंटर्न छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज के दोनों गेटों पर अंदर से ताला लगा दिया, जिससे कुछ देर तक आवाजाही प्रभावित रही। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। छात्रों का आरोप है कि पहले से आवंटित हॉस्टल के कमरे खाली कराकर उन्हें बाहर किराए पर रहने के लिए कहा जा रहा है। छात्राओं ने 69 फीट के कमरे में चार छात्राओं को रखने के प्रस्ताव पर भी आपत्ति जताई। उनका आरोप है कि प्राचार्य डॉ. राजेश मोहन की ओर से उन्हें परेशान किया जा रहा है। मामले की जानकारी पर एसडीएम सदर रेनू मिश्रा मौके पर पहुंचीं और हॉस्टल का निरीक्षण किया। फिलहाल छात्रों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया है और कॉलेज प्रशासन व छात्र-छात्राओं के बीच बातचीत जारी है।

## अपहरण के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय भेजा गया

इटवां सिद्धार्थनगर, । जिले के थाना मिश्रौलिया पुलिस ने अपहरण के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 112/2026 में दर्ज इठर की धाराओं 87, 137(2) और 142 के तहत कार्रवाई करते हुए अशोक चौधरी पुत्र मुनेशर चौधरी निवासी सिरसिया मिश्र टोला मदरहिया, थाना शोहरतगढ़ को बभनी बाजार के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक श्यामकन्हैया दुबे, कांस्टेबल संजीव कुमार शर्मा और कांस्टेबल रोहित नन्दन शामिल रहे।

## 50-50 हजार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

### चोरी का सामान और हथियार बरामद

श्रावस्ती। थाना कोतवाली भिनगा पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में ?50-?50 हजार के दो इनामी वांछित बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को पुलिस टीम ने मौके से पकड़ लिया।

पुलिस के अनुसार, 06 सितम्बर की रात करीब 9:30 से 9:45 बजे के बीच अण्टा तिराहा से जंगल की ओर जाने वाले रास्ते पर दो संदिग्ध बदमाशों के होने की सूचना मिली थी। सूचना पर कोतवाली भिनगा पुलिस और एसओजी टीम ने जंगल क्षेत्र में घेराबंदी की। पुलिस टीम ने संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया तो दोनों बदमाश भागने लगे। इसी दौरान मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। पुलिस ने आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, लेकिन बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने कुल छह राउंड फायर किए। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गिरीश बहेलिया पुत्र रामनरेश उर्फ भुलई, निवासी हनुमानगढ़ी मोहल्ला, कस्बा भिनगा, के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे उपचार के लिए सीएचसी भिनगा में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत सामान्य बताई गई है। वहीं दूसरे आरोपी शिवकुमार जायसवाल उर्फ दूबे पुत्र बाबूराम, निवासी गोबार, थाना कोतवाली भिनगा, को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। फायरिंग के दौरान प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोली लगी, जबकि उपनिरीक्षक अनुराग सिंह गिरने से कोहनी में चोटिल हुए। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी नकबजनी, चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट समेत कई मामलों में वांछित थे। दोनों की गिरफ्तारी पर पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र की ओर से ?50-?50 हजार का इनाम घोषित था। आरोपी भिनगा, सिरसिया और सोनवा थाना क्षेत्रों में हुई कई चोरी और नकबजनी की घटनाओं में भी वांछित बताए गए हैं।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से दो देशी तमंचे 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, छह खोखा कारतूस, चोरी की पल्सर मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, ?15 हजार नकद, चार पुरानी पायल, एक पैन कार्ड, दो बैंक पासबुक और एक पासपोर्ट बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने भिनगा, सिरसिया क्षेत्र के पटखौली, फटवा का पुरवा बनकटवा तथा चहलवा क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में शामिल होने की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, चोरी के कुछ आभूषण और सामान नेपाल ले जाकर बेचने की बात भी सामने आई है। बरामद मोटरसाइकिल, पासपोर्ट, पैन कार्ड, बैंक पासबुक और मोबाइल से संबंधित पूर्व में दर्ज कई मुकदमों का भी पुलिस ने खुलासा किया है। संबंधित मामलों में आवश्यक धाराएं बढ़ाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर जान से मारने के प्रयास के मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक प्रेमानन्द, उपनिरीक्षक अनुराग सिंह समेत कोतवाली भिनगा पुलिस टीम, निरीक्षक दीपक कुमार दूबे के नेतृत्व में एसओजी टीम तथा सर्विलांस टीम के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## धार्मिक आयोजन में नौनिहालों ने दीं मनमोहक प्रस्तुतियां




प्रतापगढ़। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर धधुवागाजन स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में धार्मिक उत्सव का भव्य आयोजन हुआ दिखा। कार्यक्रम में विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला तथा संरक्षक विभव भूषण शुक्ल ने भगवान द्वारिकाधीश की झांकी के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा आरती पूजन से इसका शुभारम्भ किया। वहीं नौनिहालों ने श्रीकृष्ण एवं राधा के स्वरूप की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर अभिभावकों एवं अतिथियों का मनमोहा।

छात्रा भावनी, आरूषी, अविन्या, वैष्णवी ने भगवान श्रीकृष्ण के लोकावतार को लेकर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। छात्राओं द्वारा नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जयघोष के बीच मनमोहक भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा दिखा। निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों की प्रतिभा में वृद्धि के साथ उनमें भारतीय संस्कृति तथा संस्कारों एवं धार्मिक परम्पराओं के प्रति अभिरूचि को बढ़ावा दिया करते हैं। कार्यक्रम में डा. सौरभ मिश्र विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर महेन्द्र पाठक, गरिमा मिश्र, योगेन्द्र शुक्ल, आन्द्रे डिसिल्वा आदि रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म के दो आरोपी घायल, किए गये गिरफ्तार

गाजियाबाद। जिले के लोनी स्थित ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने दुष्कर्म के अभियोग में वांछित चल रहे दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपी घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा। सोमवार को लोनी सहायक पुलिस आयुक्त राम किशन ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में वांछित आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम को देखकर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों आरोपी घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 2 अवैध तमंचे, 2 खोखा कारतूस और 2 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक स्कूटी भी बरामद की गई है। दोनों आरोपी ट्रोनिका सिटी थाना में दर्ज दुष्कर्म के अभियोग में वांछित चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। साथ ही उनके आपराधिक इतिहास और अन्य आपराधिक घटनाओं में उनकी संलिप्तता के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस द्वारा बरामद चोरी की स्कूटी के संबंध में भी जांच की जा रही है। दोनों आरोपियों के खिलाफ बरामद अवैध हथियारों और अन्य तथ्यों के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके कब्जे से अवैध हथियार बरामद होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। ट्रोनिका सिटी पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण कार्रवाई माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अपराध और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा।

## मिलेट्स प्रशिक्षण के लिए 50 किसान पंतनगर रवाना, डीएम ने बस को दिखायी हरी झंडी



सिद्धार्थनगर, । मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण के लिए 50 किसानों को गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर (उत्तराखंड) भेजा गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कलेक्ट्रेट परिसर से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रशिक्षण के दौरान किसान मिलेट्स की खेती एवं पुनरोद्धार से संबंधित जानकारी प्राप्त करेंगे और वापस लौटकर जनपद के अन्य किसानों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राजेश कुमार सहित किसान एवं अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे।

## हत्या के 6 आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)



सिद्धार्थनगर। थाना सिद्धार्थनगर पुलिस ने जमीन विवाद को लेकर हुई हत्या के मामले में छह वांछित आरोपियों–तीन पुरुष और तीन महिलाओं–को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी रइइछ बंदूक, चार जिंदा कारतूस और दो लकड़ी के डंडे बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 6 सितंबर को जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। आरोप है कि अभियुक्त पक्ष ने रमाशंकर (45) और उनकी बहन सरोज (32) को खींचकर अपने घर के बरामदे में ले जाकर मारपीट की। इसी दौरान लाइसेंसी बंदूक से रमाशंकर को गोली मार दी गई, जिससे उनकी मौत हो गई, जबकि सरोज घायल हो गईं। मामले में थाना सिद्धार्थनगर में इठर की संबंधित धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बीएसए ग्राउंड से जयप्रकाश धर दुबे उर्फ अकुल दुबे, रितिक पाण्डेय, बंश गोपाल धर दूबे, इन्द्रासनी दुबे, मानसी दुबे और कविता दुबे को गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया।

## समायोजन की मांग को लेकर जिले के मीटर रीडरो ने सौंपा ज्ञापन

सीतापुर। समायोजन की मांग को लेकर जिले के मीटर रीडर सोमवार शाम करीब चार बजे जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम (उप्कोस) की आउटसोर्स व्यवस्था में उन्हें भी शामिल किए जाने की मांग की। मीटर रीडरों का कहना है कि वह पिछले 10 से 15 वर्षों से विद्युत विभाग में लगातार मीटर रीडिंग, बिलिंग और उपभोक्ताओं की समस्याओं से जुड़े कार्य पूरी निष्ठा से करते आ रहे हैं। मीटर रीडरों ने बताया कि घर-घर जाकर मीटर की रीडिंग लेना, बिल तैयार करना और उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान कराना उनकी नियमित जिम्मेदारी रही है। लंबे समय तक विभागीय कार्य करने के कारण उन्हें विद्युत व्यवस्था की जमीनी हकीकत और उपभोक्ताओं की समस्याओं का अच्छा अनुभव है। ऐसे में उप्कोस की आउटसोर्स व्यवस्था में शामिल नहीं किए जाने से उनके सामने रोजगार और परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो सकता है। मीटर रीडर राजेश कुमार यादव ने बताया कि सरकार की ओर से संविदा कर्मचारियों के समायोजन और निर्धारित मानदेय की व्यवस्था की जा रही है। उनकी मांग है कि मीटर रीडरों को भी प्राथमिकता के आधार पर इस व्यवस्था में शामिल कर निर्धारित मानदेय दिया जाए।

# सीएम से डॉ. सुनील कुमार मिश्रा ने की भेंट, अपनी पुस्तकों की प्रतियां की भेंट

जिला संवाददाता



**गोरखपुर।** सुपीरियर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के निदेशक व लेखक डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ मिश्रा ने मुख्यमंत्री को अपने द्वारा लिखी हुई दो पुस्तको ह्लयोगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के विकास की नई उड़ानह्व तथा एचआर प्रबंधन की प्रतियां सादर भेंट कीं।

लेखक डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने उनकी दोनों पुस्तकों का अवलोकन करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान की। मुख्यमंत्री जी ने दोनों पुस्तकों पर अपने हस्ताक्षर भी किए तथा डॉ सुनील कुमार मिश्रा को भविष्य में विकास और सुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लेखन एवं जनजागरूकता के लिए प्रोत्साहित किया।

डॉ. सुनील कुमार मिश्रा ने अपनी पुस्तक ह्लयोगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के विकास की नई उड़ानह्व में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हुए विभिन्न सकारात्मक बदलावों, विकास, सुशासन, सुरक्षा व्यवस्था तथा औद्योगिक विकास को प्रमुखता से रेखांकित किया है। वहीं, ह्लएचआर प्रबंधनह्व पुस्तक में आधुनिक मानव संसाधन प्रबंधन, बेहतर कार्य संस्कृति, कर्मचारी विकास तथा औद्योगिक संस्थानों में एचआर विभाग की भूमिका एवं जिम्मेदारियों का विस्तृत उल्लेख किया गया है।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित की है।

उन्होंने मुख्यमंत्री जी द्वारा पुस्तकों पर हस्ताक्षर कर आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान करने के लिए उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी एस.के. अग्रवाल तथा प्रधानाध्यापक राजेश कुमार यादव भी उपस्थित रहे।

डॉ. सुनील कुमार मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री जी से हुई यह मुलाकात उनके लिए प्रेरणादायक और अविस्मरणीय रही तथा उन्हें विश्वास है कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से वे भविष्य में भी विकास, सुशासन और मानव संसाधन प्रबंधन जैसे विषयों पर सार्थक लेखन करते रहेंगे।

## हत्या के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार

इटावा। मात्र 24 घंटे के अन्दर हत्या का प्रयास करने वाले 2 अभियुक्तों को पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार। कब्जे से लाठी, डंडा व लोहे का सरिया किया गया बरामद। क्षेत्राधिकारी सैफई कुशलपाल सिंह के नेतृत्व में थाना चैबिया पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

महेंद्र सिंह थानाध्यक्ष चैबिया ने बताया कि 6 सितम्बर को थाना चैबिया क्षेत्रान्तर्गत निवासिनी द्वारा थाना चैबिया पर तहरीरी सूचना दी गयी कि 5 सितम्बर को जब वह अपने घर पर अकेली थी तभी विश्वनाथ प्रताप व हरिओम वादिनी के घर में घुसकर छेड़खानी करने लगे और जब वादिनी के पति द्वारा विरोध द्वारा किया गया तो विपक्षीगणों द्वारा जान से मारने की नीयत से लोहे की राड व हॉकी से पति पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर तत्काल थाना चैबिया पर मामला दर्ज किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों सोमवार को थाना चैबिया पुलिस द्वारा प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर उक्त अभियोग में वांछित 2 अभियुक्तों को चैपुला बंबा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने विश्वनाथ पुत्र हजारीलाल निवासी ग्राम रम्पुरा थाना चैबिया, हरिओम पुत्र हजारीलाल निवासी ग्राम रम्पुरा थाना चैबिया को गिरफ्तार किया।

# भाजपा के लिये सत्ता सिर्फ सेवा का माध्यमः सलिल विश्नोई



**गोरखपुर।** रानीडीहा स्थित भाजपा कार्यालय पर सोमवार को सेवा संकल्प अभियान को लेकर जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला आयोजित हुई, जहाँ बतौर मुख्य अतिथि भाजपा गोरखपुर के जिला प्रभारी विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई उपस्थित थे। सेवा संकल्प अभियान के तहत आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर के बीच अलग अलग 13 कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कार्यशाला में उक्त कार्यक्रमों के संयोजक व सह संयोजक तय कर जिम्मेदारी बाँटी गयी।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सलिल विश्नोई ने कहा कि भाजपा के लिये सत्ता सिर्फ सेवा का माध्यम है गैर भाजपा की सरकारों में सत्ता सिर्फ लूट का माध्यम रही है। उन्होंने 2014 से पहले केंद्र में कांग्रेस व 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार लूट खटोस का जिक्र करते हुए कहा कि बदहाल कानून व्यवस्था, चारों तरफ अराजकता व आतंक का माहौल था। बिजली पानी सड़क इत्यादि बुनियादी सुविधाओं का जर्जर हाल था। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बनने के बाद बदलाव चारो तरफ दिख रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार विकास के नित नये आयाम रच रही है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय और एकात्म मानववाद भाजपा सरकार का ध्येय वाक्य है। आज प्रत्येक परिवार केंद्र व राज्य सरकार की किसी न किसी लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जन जन तक पहुंच कर तीसरी बार योगी सरकार बनाने की अपील करे।अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने कहा कि सीएम से लेकर पीएम के रूप में नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन का 25 वर्ष संकल्प और सेवा को समर्पित रहा है। इस उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर के बीच आयोजित होंगे 13 कार्यक्रम आयोजित होंगे। आशीर्वाद का दीया, 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत, नमो सेवा गाथा, आंगन का उत्सव, कहानी बदलाव की, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, बडनगर से वाराणसी, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार, रंगोली राष्ट्र, राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज तथा जन सेवक महाकुंभ कार्यक्रम का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कुल 13 कार्यक्रमों के संयोजक व सह संयोजक बनाये गए हैं जो अपने अपने अभियानों की रूपरेखा तयकर कार्यक्रम को सफल बनायेंगे।कार्यशाला का संचालन कार्यक्रम संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिकेष राम त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम में भाजपा के नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, खजनी विधायक श्रीराम चौहान, सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ल, पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह, चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी, क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य डा० आरडी सिंह व शिवसागर तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष वंशबहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष गीतांजली श्रीवास्तव, जिला महामंत्री राजाराम कन्नौजिया, डा योगेश प्रताप सिंह व उमाशंकर निषाद, जिला मंत्री मनोज सिंह सैंथवार व उपेन्द्र पासवान, जिला पदाधिकारी, ब्लाक प्रमुख, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष, अभियान आदि है।

## युवक ने फंदा लगाकर दी जान

जसवंतनगर, इटावा। कस्बे के मोहल्ला फक्कड़पुरा में रविवार देर रात एक 38 वर्षीय व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के आंगन में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर में अकेला था, जबकि उसकी पत्नी बच्चों के साथ मायके गई हुई थी।

## महिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

जिला संवाददाता



**इटावा।** जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव का कार्यक्रम डा. पारितोष शुक्ला अधीक्षक, जिला चिकित्सालय डा. अनिल कुमार, चिकित्सा अधीक्षक महिला की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 14 नवजात कन्याओं का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। जिसके उपरान्त जिला महिला चिकित्सालय में नवजात कन्याओं को बेबी किट व उनके जन्म प्रमाण पत्र तथा धात्री माताओं दिव्या, सना, निहारिका, माधुरी, बर्षा, शायरा बानो, शिवानी, प्रीती, खुशबू, साहबा, सोनी, खुशनसीब, तबस्सुम, प्रभा कुमारी आदि को ड्राईफ्रूट भेंट किया गयाउक्त कार्यक्रम में नवजात कन्याओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उन्हे शुभ आशीर्वाद प्रदान दिया गया तथा उनकी माताओं और उनको विभिन्न सरकारी योजनाएं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रथम श्रेणी, बेटी के जन्म पर रू. 5000 द्वितीय श्रेणी एक वर्ष तक का टीकाकरण पूर्ण होने पर रू. 2000 तृतीय श्रेणी कक्षा-1 में प्रवेश पर रू. 3000 चतुर्थ श्रेणी, कक्षा 6 में प्रवेश पर रू. 3000- पंचम श्रेणी, कक्षा-9 में प्रवेश पर रू. 5000 षष्टम श्रेणी, 10वी या 12वी कक्षा उत्तीर्ण कर 2 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा या स्नातक में प्रवेश पर रू. 7000 जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दन योजना जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुडकर अधिक से अधिक आर्थिक सशक्तीकरण से नारी सशक्तीकरण की ओर बढ़ने के लिये प्रेरित किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी के निदेर्शानुसार अजित कुमार दुबे, जेंडर स्पेशलिस्ट हब के द्वारा नवजात कन्याओं की माताओं एंव उनके परिवारीजनों को उ.प्र. सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्यायोजना की विस्तृत करते हुये अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

# सोने चांदी के आभूषण चोरी

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के गंगदासपुर गांव में करीब पौने दो माह पूर्व घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चोरी करने के मामले में बकेवर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी किए गए सोने के झाले, अंगूठी, मंगलसूत्र और चांदी की पायल बरामद हुई हैं। पूछताछ में आरोपित ने अपने एक साथी के साथ वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।

थानाध्यक्ष विपिन कुमार मलिक ने बताया कि गंगदासपुर निवासी रामनरेश ने 16 जुलाई की रात घर में चोरी होने की सूचना दी थी। परिवार के लोग छत पर सो रहे थे। इसी दौरान चोर मकान में दाखिल हुए और कमरे का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी समेत ले गए थे। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। रविवार देर रात बकेवर पुलिस महासिंहपुरा पुल के पास संदिग्ध वाहनों और लोगों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान गौतमपुरा की ओर से नहर किनारे लखना की तरफ आ रहे युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक जोड़ी कान के झाले, अंगूठी, मंगलसूत्र और दो जोड़ी पायल मिलीं।

पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम तौहीद खां पुत्र काले खां निवासी रामगंज, अक्शा मस्जिद के पास, थाना कोतवाली इटावा बताया। उसने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथी राहुल निवासी टीवी अस्पताल कालोनी, थाना सिविल लाइन के साथ मिलकर गंगदासपुर में चोरी की थी। चोरी का सामान और नकदी दोनों ने आपस में बांट ली थी। कुछ जेवर राहगीरों को बेचकर मिली रकम खर्च कर दी। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर दर्ज मुकदमे में संबंधित धारा की बढ़ोतरी की है। दूसरे आरोपित की तलाश की जा रही है।

## राष्ट्रीय 'योग रत्न सम्मान से सम्मानित हुए हेमंत



बनवारपार, गोरखपुर। गोला ब्लाक क्षेत्र के खोपापार गांव निवासी योग शिक्षक हेमन्त कुमार गौड़ ने आज अपनी प्रतिभा की चमक क्षेत्र ही नही वरन पूरे जनपद का नाम प्रदेश की राजधानी के फलक पर बिखेर दिया है। योग शिक्षक को योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए देश के प्रसिद्ध ₹योगरत्न अवार्ड- 2026₹ से सम्मानित किया गया लखनऊ के हजरतगंज स्थित सहकारिता भवन के आडिटोरियम प्रसिद्ध योग संस्था ऋषिकुल योगपीठ द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ऋषिकुल योगपीठ संस्था द्वारा खोपापार गांव निवासी योग शिक्षक हेमन्त कुमार गौड़ को योग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए योगरत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। आयोजक संस्था ऋकी तरफ से योगपीठ के चेयरमैन डाक्टर देवनाथ शुक्ल व पूर्व एमएलसी अरविंद कुमार त्रिपाठी ने योग शिक्षक हेमन्त कुमार गौड़ को योग रत्न सम्मान के रूप में प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।इनको सम्मान मिलने पर माता-पिता एवं शुभचिंतकों ने हर्ष प्रकट किया है।

## ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन में मिल रहा गैस सिलेंडर ,उपभोक्ताओं को भारी परेशानी

**इकदिल, इटावा।** ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति में हो रही देरी से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं को करीब 45 दिन बाद गैस सिलेंडर मिल पा रहा है, जिससे परिवारों के सामने खाना पकाने को लेकर समस्या उत्पन्न हो रही है। ग्रामीण उपभोक्ताओं का कहना है कि शहरों में अपेक्षाकृत कम समय में गैस सिलेंडर उपलब्ध हो जाता है, जबकि गांवों में सिलेंडर के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इससे विशेष रूप से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। समाजसेवी डॉ. सुशील सम्राट ने संबंधित अधिकारियों एवं गैस एजेंसियों से मांग की है कि जिस प्रकार शहरों में 25 दिन में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाता है, उसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी 25 दिन के अंतराल पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण उपभोक्ताओं के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए और उन्हें भी समय से गैस सिलेंडर मिलना चाहिए। डॉ. सुशील सम्राट ने कहा कि गैस आज हर परिवार की आवश्यक जरूरत है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए गैस वितरण व्यवस्था में सुधार किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को समय पर सिलेंडर मिल सके।

**NOTICE**

I Preeti Mittal w/o Mr Akshat Mittal residing in 529/2038, Rajeev Nagar, Kalyanpur, Lucknow U.P. Inform that prior to my marriage, my name was recorded as Preeti Agrawal in the bank's official records; however, my name is registered as Preeti Mittal on my Aadhaar card and PAN card. Both Preeti Agrawal and Preeti Mittal refer to me.

**सूचना**

सूचित हो कि मैनै अपना नाम रईस अहमद (RAIS AHMAD) से बदलकर रईस अहमद अंसारी (RAIS AHMAD ANSARI) रख लिया है। यही नाम मेरे आधार कार्ड पर अंकित है। अब मुझे रईस अहमद अंसारी के नाम से जाना व पहचाना जाए। **रईस अहमद अंसारी पुत्र जहीर अहमद नि. खतराना निकट पावर हाउस थाना कोतवाली शहर रायबरेली।**

**सूचना**

मैं, निधि प्रजापति, पुत्री मनोज कुमार प्रजापति, निवासी ग्राम त्रिलोकपुर, पोस्ट- धम्मौर, जनपद- सुलतानपुर, उ.प्र., यह घोषित करती हूँ कि मेरी सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2026 (रोल नं. 23712027) में मेरे पिता का नाम गलती से मनोज प्रजापति अंकित हो गया है। मेरी हाई स्कूल प्रमाण-पत्र/मार्कशीट (रोल नं. 23296798) के अनुसार मेरे पिता का सही नाम मनोज कुमार प्रजापति है। अतः भविष्य में सभी अभिलेखों में मेरे पिता का नाम मनोज कुमार प्रजापति ही माना एवं अंकित किया जाए। **निधि प्रजापति निवासी- ग्राम त्रिलोकपुर, पोस्ट धम्मौर, जनपद- सुलतानपुर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अनामिका देवी का जन्म दिनांक 22/12/2010 को निजी आवास घर में ही हुआ है। जानकारी के अभाव में मैं अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं करवा सका। इसके पहले मैंने कहीं से भी जन्म प्रमाण पत्र के लिए कोई आवेदन नहीं किया। मेरी पुत्री अनामिका देवी का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना जनहित में आवश्यक है इसे जारी किया जाए। किसी को आपत्ति हो तो प्रस्तुत कर सकता है। राम औतार पुत्र जगतपाल निवासी ग्राम मेवली विकासखंड बहुआ तहसील व जिला फतेहपुर।

# तेज बहाव से सरैया घाट के पास कटान जारी



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र का मुख्य मार्ग काली मिट्टी शिवराजपुर रोड जो पिछले वर्ष बाढ़ में सरैया घाट पुल के निकट काफी दूर तक कट गया था जिससे आवागमन बाधित हो गया था। इस वर्ष गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण सोमवार सुबह मार्ग आर पार कट गया। जिससे तेज बहाव से पानी दूसरी तरफ जाने लगा जिसके बाद लोक निर्माण विभाग ने बोरियां रख कर रास्ते को बचाने का प्रयास किया है वहीं आस पास की फसलें जल मग्न हो गई हैं। मार्ग कटने से कानपुर से सीधा संपर्क टूट गया है और कटरी क्षेत्र का आवागमन भी बंद हो गया है। बताते चलें कि पिछले साल सितंबर माह में गंगा में बाढ़ आने से यह मार्ग कटने लगा था।

तब क्षेत्रीय विधायक, उपजिलाधिकारी और पीडब्ल्यूडी के प्रयासों से आर पार कटान से इसे बचाया गया था। डामर रोड कट गया था, लेकिन किनारे की पट्टी बच गई थी। इसके बाद बगल से एक वैकल्पिक मार्ग खड़ंजा बनाकर आवागमन शुरू कराया गया था। जिसपर से पैदल और दो, चार पहिया वाहन निकलने लगे थे। लेकिन इस बार आई बाढ़ में सोमवार सुबह वह वैकल्पिक मार्ग के ऊपर से भी पानी निकलने लगा है। जिससे लगभग 25 मीटर रोड कट गई और पानी का बहाव होने लगा जिसके बाद लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों द्वारा कटान स्थल पर बोरियां लगाकर पानी रोका गया है जिससे बहाव को रोकने का प्रयास किया गया। नदी की धारा सड़क की बची हुई पट्टी को काटते हुए आगे निकल गई है। सुबह कटे मार्ग की जानकारी होते ही बांगरमऊ तहसील से तहसीलदार अखिलेश कुमार मौर्य टीम के साथ मौके पर गए और लोगों को कटान के पास जाने से मना किया तथा लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों को बचाव के उपाय करने के निर्देश दिए। कटरी क्षेत्र के लोगों ने सरकार से अपील की है कि इस मार्ग को जल्द से जल्द बनवाया जाए। वहीं कटान से मक्का खेड़ा, खलक खेड़ा, धन्ना पुरवा, अर्जुन पुर, बहेलवा, जमुनिहा, मढिया, रूपपुर, भिखारी पुर आदि समेत एक दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है।

## तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला में स्थित आर टी डी पब्लिक स्कूल में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद मुख्यालय गोरखपुर के जिला मुख्यायुक्त राम जन्म सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर आयोजित प्रवेश शिविर तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि स्कूल के प्रबंधक डॉ हरिश्चंद्र प्रजापति प्रधानाचार्य शरद कुमार प्रजापति द्वारा ध्वजारोहण करके कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधक डॉ प्रजापति ने कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण से बच्चों को अनुशासित जीवन जीने के लिए एवं विषम परिस्थिति में कम संसाधन में जीवन जीने की कला सिखाता है और स्काउट गाइड प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को राष्ट्रहित में एक सुयोग्य नागरिक के रूप में तैयार करता है अनिवार्य रूप से सभी विद्यालयों में स्काउट गाइड प्रशिक्षण होना चाहिए।जिससे बच्चों के अंदर विभिन्न कौशल का विकास होगा। स्कूल के कोऑर्डिनेटर विकास प्रजापति ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं वंदन किया है और कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इसलिए सभी विद्यालयों में स्काउट गाइड प्रशिक्षण होना चाहिए जिला मुख्यालय से आये हुए स्काउट प्रशिक्षक राजू मौर्य ने कहा कि स्काउट गाइड में आपदा प्रबंधन की जानकारी एवं और राष्ट्रध्वज को सुरक्षित रखना ध्वजारोहण करने की विधिवत जानकारी स्काउट गाइड प्रार्थना झंडा गीत नियम प्रतिज्ञा बाया हाथ मिलाना सैल्यूट करने का तरीका आदि की जानकारी दिया गया।इस अवसर पर प्रदीप सरिता अंजना शिवांगी रिया तनु ज्योति विकास द आदि उपस्थित रहे।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का एडीएम व एसडीएम ने निरीक्षण किया



**सफीपुर, उन्नाव।** आधा दर्जन बाढ़ संभावित गांवों का एडीएम ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमिताभ यादव ने उपजिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह की मौजूदगी में बाढ़ संभावित क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम जमालनगर, रामपुर, इब्राहिमाबाद, गहोली, सकहन राजपूतान, कल्याणी नदी राबतापुल आदि का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने ग्रामीणों एवं नाव संचालकों से वार्ता की। उपजिलाधिकारी ने ग्रामीणों से बढ़ रहे जलस्तर को लेकर सजग रहने, छोटे बच्चों, बुजुर्गों पर विशेष ध्यान एवं एहतियात बरतने की अपील की। उन्होंने कहा जरूरत पड़ने पर नाव एवं राहत सामग्री की व्यवस्था तुरंत सुनिश्चित करने के बाढ़ राहत टीम एवं स्वास्थ्य टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# राजघाट पर एक साथ जली दोनों वकीलों की चिता, माहौल गमगीन



**गोरखपुर।** राप्ती नदी के किनारे राजघाट सोमवार की सुबह माहौल बेहद गमगीन नजर आया। एक दिन पहले तक जहां वकील आलोक अस्थाना (45) और संजय सिंह (42) अपने साथी की माता के अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे, उसी जगह सोमवार को दो वकीलों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। दोनों की अचानक हुई मौत से अधिवक्ता समाज में शोक की लहर है।

सोमवार सुबह अधिवक्ता आलोक अस्थाना (45) और संजय सिंह (42) का राजघाट पर एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। दोनों की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, परिचित, रिश्तेदार और आसपास के लोग शामिल हुए। घाट पर मौजूद हर चेहरा गम में डूबा था। परिवार के लोगों को लोग ढांढस बंधाते और उन्हें संभालने की कोशिश करते नजर आए।आलोक अस्थाना की चिता को उनके बेटे आदित्य ने मुखाग्नि दी। वहीं संजय सिंह का अंतिम संस्कार उनके भाई और भतीजे ने किया। जैसे ही दोनों की चिताओं को मुखाग्नि दी गई, वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। साथी अधिवक्ताओं के लिए यह पल बेहद भावुक कर देने वाला था।

कल अंतिम संस्कार में आए थे, आज खुद उसी घाट पर अंतिम विदाई

राजघाट पर सोमवार को सबसे ज्यादा चर्चा इसी बात की रही कि जिन दोनों वकीलों ने एक दिन पहले इसी जगह अपने साथी के माता के अंतिम संस्कार में शामिल होकर उनको अंतिम विदाई देने पहुंचे थे, सोमवार को उसी जगह उनकी खुद की चिताएं जल रही थीं।

इस दृश्य ने वहां मौजूद लोगों को अंदर तक झकझोर दिया। किसी ने सोचा भी नहीं था कि एक दिन पहले तक अपने साथी के अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले दोनों अधिवक्ता अगले ही दिन खुद इस दुनिया से विदा हो जाएंगे।घाट पर मौजूद अधिवक्ता बार-बार यही कहते नजर आए कि उन्हें जरा भी अंदाजा नहीं था कि उनके दोनों साथी इतनी जल्दी उनका साथ छोड़ देंगे।

साथी वकीलों के मुताबिक, दोनों अपने काम और व्यवहार के लिए जाने जाते थे। अचानक हुई इस घटना ने पूरे अधिवक्ता समाज को सदमे में डाल दिया है।

## जन औषधि केंद्र पर कार्रवाई

हिलौली (वीओएल)। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को सस्ती और सुलभ दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र पर नियमों की अनदेखी भारी पड़ गई। मौरावां के 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय परिसर में संचालित पीहू मेडिकल स्टोर (जन औषधि केंद्र) के खिलाफ अस्पताल प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए करीब आधे घंटे के लिए केंद्र पर ताला लगा दिया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, केंद्र संचालक को कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई थी, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

आरोप है कि केंद्र पर अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों की सूची का अनिवार्य डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगाया गया था। इसके अलावा मरबिक्री बिल भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा था।

## गुरुओं का सम्मान किया गया



इटावा। रौनक इटावी के आवास पर आकर उ. प्र. साहित्य सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. राजीव राज, दयानिधि चैबे ने मास्टर सरफराज खां अख्तर को सफी उल्ला खां राज इटावी सम्मान से सम्मानित किया। फिरोज अंसारी ने कहा हमारे गुरु सरफराज खां अख्तर को सम्मानित करने हमें बहुत खुशी रही उन्होंने राजीव राज शुक्रिया अदा किया फरहान शकील जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा का हमारे बुजुर्ग मशहूर शायर सरफराज खां अख्तर को संस्था ने सम्मानित करने डॉ राजीव राज दयानिधि चैबे रौनक इटावी का शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम का संचालन रौनक इटावी ने किया। इस मौके पर मास्टर असलम अंसारी, शाहिद सिद्दीकी, सलीम अंसारी, आमिर इटावी ने सरफराज खां इटावी को मुबारक बाद पेश की।।

संक्षेप

## सड़क हादसे में तीन की मौत, तीन घायल

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार से कार अनियंत्रित होकर हाई वोल्टेज ट्रांसफार्मर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में आग लग गई और देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी। हादसे की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी डिंपल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए पुलिसकर्मियों ने रेस्क्यू किया और कार को तोड़कर घायलों व मृतकों को बाहर निकाला। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल मोतीपुर भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने आयुष कुमार, आकाश वर्मा और शिवा सिंह को मृत घोषित कर दिया। हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। भीषण हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, वहीं मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

## कुंडे से लटकता मिला युवक का शव

सीतापुर। बिसवां कोतवाली बिसवां क्षेत्र के मोहल्ला झज्झर में सोमवार को 22 वर्षीय युवक का शव कमरे में कुंडे से लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही मोहल्ले में हड़कंप मच गया। युवक के बुलेट मोटरसाइकिल दिलाने की मांग को घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। मोहल्लेवासियों के अनुसार आदर्श पुत्र राकेश कुमार रोज की तरह कमरे में सोया था। वह अक्सर सुबह देर तक सोता था, इसलिए परिजनों ने उसे नहीं जगाया। दोपहर करीब 12 बजे तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों ने अंदर झांका तो आदर्श चादर के सहारे कुंडे से लटका मिला। यह देखते ही घर में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों के अनुसार आदर्श कई दिनों से बुलेट मोटरसाइकिल दिलाने की मांग कर रहा था। परिजनों ने उसे बुलेट दिलाने की बात भी कही थी। आदर्श परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी एक छोटी बहन है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## यूजीसी नियमों और आरक्षण व्यवस्था में समानता की मांग

सीतापुर। यूजीसी के नियमों और आरक्षण व्यवस्था में समानता की मांग को लेकर क्रांतिकारी विचार मंच ने सोमवार को एक बार फिर प्रशासन के समक्ष आवाज उठाई। 5 सितंबर को पदयात्रा और ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान व्यस्तता के चलते मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सिंह की जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. से मुलाकात नहीं हो सकी थी। तय प्रक्रिया के तहत सोमवार को सौरभ सिंह कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया। मंच की ओर से बताया गया कि पिछली बातचीत में तय हुआ था कि जिलाधिकारी की उपस्थिति में ही राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन की प्रति सौंपी गई। मंच के पदाधिकारियों ने यूजीसी के नियमों, आरक्षण व्यवस्था में समानता तथा शिक्षा से जुड़े मुद्दे प्रशासन के सामने रखे। राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि शिक्षा और आरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं में पारदर्शिता, समानता और स्पष्ट नियम सुनिश्चित किए जाने चाहिए।

# तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से शारदा उफनायी

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। बैराजों से बीते 24 घंटे में करीब साढ़े तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद शारदा नदी ने तटवर्ती इलाकों में तबाही का रूप दिखाना शुरू कर दिया है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से करीब 11 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है।

जलस्तर बढ़ने के साथ ही लहरपुर तहसील के तंबौर क्षेत्र के कई गांव बाढ़ और भीषण कटान की चपेट में आ गए हैं। बसंतापुर, देवपालपुर, लखनीपुर, रतनगंज और रायमडोर में ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सबसे भयावह तस्वीर रतनगंज से सामने आई, जहां शारदा नदी के तेज कटान की चपेट में आया एक मकान देखते ही देखते नदी में समा गया। ग्रामीणों के मुताबिक पिछले वर्षों में भी गांव के एक दर्जन से अधिक मकान कटान की भेंट चढ़ चुके हैं। लगातार बढ़ते कटान से आसपास के अन्य मकानों पर भी खतरा मंडरा रहा है। उधर, बसंतापुर गांव में बाढ़ का पानी पूरे गांव में भर गया है। ग्रामीण घर-गृहस्थी का सामान सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं। पानी बढ़ने से ग्रामीणों को मकानों और सामान की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। लखनीपुर में कटान रोकने के लिए ग्रामीणों के लंबे संघर्ष के बाद कराए गए कटानरोधी कार्य भी सवालों के घेरे में आ गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नदी में लगाए गए जिओ ट्यूब जलस्तर बढ़ते ही धंस गए हैं। रायमडोर में भी कटान किसानों की जमीन निगल रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि अब तक 50 बीघे से अधिक कृषि योग्य भूमि फसल समेत नदी में समा चुकी है। ग्रामीणों ने कटानरोधी कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराने और मानकों के अनुरूप प्रभावी कार्य कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो कई और मकान तथा सैकड़ों बीघे जमीन नदी की धारा में समा सकती है। डीएम राजा गणपति आर ने बताया कि तटवर्ती गांवों के ग्रामीणों को ऊंचाई वाले सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री भी भेजी जा रही है। प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## सीतापुर में शारदा और घाघरा का जलस्तर बढ़ा, 50 गांवों में बाढ़

सीतापुर। जिले की लहरपुर, बिसवां और महमूदाबाद तहसीलों के गांजरी क्षेत्र में शारदा और घाघरा नदियों का जलस्तर बढ़ने से खेतों में खड़ी फसलें और संपर्क मार्ग जलमग्न हो गए हैं। करीब 50 गांवों और उनके मजरों में बाढ़ का पानी पहुंचने से ग्रामीण प्रभावित हैं। तहसीलदार बिसवां अनिल कुमार राम ने सोमवार को बताया कि घाघरा और शारदा नदियां खतरे के निशान के करीब बह रही हैं। घाघरा नदी का जलस्तर खतरे के निशान 119 मीटर के मुकाबले 118.70 मीटर और शारदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान 135.49 मीटर के मुकाबले 135.40 मीटर दर्ज किया गया है।

## जियो ट्यूब और तटबंध निर्माण में अनियमितता का आरोप, पांच गांवों पर मंडराया बाढ़ का खतरा

सीतापुर। शारदा नदी के उफान ने सिंचाई विभाग के करोड़ों रुपये के कटानरोधी कामों की पोल खोल दी है। बसंतापुर और कोल्हुआ पुरवा के बीच छह करोड़ रुपये से अधिक की लागत से हाल में बनाया गया करीब 600 मीटर लंबा तटबंध नदी की तेज धारा में बह गया।



ग्रामीणों ने तटबंध और जियो ट्यूब निर्माण में मानकों की अनदेखी और भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। तटबंध टूटने से बाढ़ का पानी बसंतापुर, देवपालपुर, मोगलापुर, पूरन सरांय और मुरब्बा गांवों की ओर फैलने लगा है। वहीं लखनीपुर, खानामांडोर, रायमडोर, इच्छा और रतनगंज में कटान का खतरा बढ़ गया है। रतनगंज में नदी की कटान से मकान के नदी में समाने का वीडियो भी प्रसारित हो रहा है। रायमडोर में 50 बीघे से अधिक और बसंतापुर में करीब 10 बीघे धान की फसल बह गई। कटान रोको संघर्ष मोर्चा के विनीत तिवारी समेत ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## धूमधाम से मनायी भगवान कृष्ण की छठी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के मंगलेश्वर नाथ मंदिर पर कृष्ण जन्म के बाद छठी कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें गुलशन एंड पार्टी द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की गई मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने पूजा अर्चना के साथ भजन की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया है। गांव राजापुर बैनी में बने



पौराणिक मंगलेश्वर नाथ मंदिर पर जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इसके उपलक्ष्य में रविवार की रात कान्हा की छठी धूमधाम से मनाई गई जिसमें विधायक ने पंचामृत के साथ कढ़ी चावल का भोग लगाकर पूजा अर्चना की है उन्होंने भजन जब से तुम संग लौ लगाई, मैं बड़ी मस्ती में हूं गाकर श्रोताओं को ताली बजाने को मजबूर कर दिया है भजन सम्राट गुलशन कुमार द्वारा कृष्ण भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई इस मौके पर मनोज गुप्ता, पूर्व बार संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, इंद्रजीत सिंह, वैभव प्रताप सिंह, पुष्पा सिंह, राजेंद्र सिंह समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं।

## विधायक ने 10 हजार देकर नशा मुक्ति केंद्र से सुखदेव सिंह को छुड़ाकर उसकी मां के किया हवाले

पलियाकलां खीरी। थाना क्षेत्र संपूर्ण नगर के मिर्चिया गांव के सुखदेव सिंह पुत्र भगवान सिंह की मां जितेन्द्र कौर, अपने बेटे को देखने के लिए भटक रही थी, चूंकि नशा मुक्ति केन्द्र में 25 हजार रुपए का बिल बना हुआ था। मां जितेन्द्र कौर के पास पैसा न होने के कारण अपने बेटे सुखदेव सिंह को छुड़ा नहीं पा रही थी, लोगों ने बताया कि तुम विधायक रोमी साहनी के पास जाओ तो आज मां जितेन्द्र कौर, विधायक के पलिया घर पहुंची और विधायक को अपनी बात बताई, विधायक ने अपनी गाड़ी में मां जितेन्द्र कौर को बैठाया और अपने गनर को भेजा तो पता चला कि इनका नशा मुक्ति केन्द्र पर 25 हजार रुपए बाकी है, विधायक ने 10 हजार रुपए देकर तुरन्त बेटे को छुड़ाया और नशा मुक्ति केन्द्र वालों ने विधायक के कहने पर 15 हजार रुपए माफ करके सहयोग किया।

## पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

सिंगाही खीरी। पुलिस अभिरक्षा से फरार दुष्कर्म के आरोपी को सिंगाही पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने सोमवार देर रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी। उसके कब्जे से 315 बोर का देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। घायल आरोपी को उपचार के लिए सीएचसी निघासन भेजा गया। सीओ निघासन शिवम कुमार के अनुसार, सिंगाही थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित खलील अहमद (55) पुत्र अशर्फी निवासी सिंगहा कलां को छह सितंबर को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी निघासन ले जाया जा रहा था। रास्ते में उसने पेशाब करने के बहाने पुलिस वाहन रुकवाया और पुलिसकर्मी को धक्का देकर जंगल की ओर भाग निकला। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन झाड़ियों और गन्ने के खेत का फायदा उठाकर वह फरार हो गया। घटना के बाद सिंगाही थाने में आरोपी के खिलाफ पुलिस अभिरक्षा से फरार होने का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में टीमें लगाई गईं। सोमवार रात सिंगाही पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम सिंगहा कलां बगिया मोड़ के पास चेकिंग और कांबिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को खलील अहमद दिखाई दिया। पुलिस के मुताबिक, टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में गोली आरोपी के बाएं पैर में लगी। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में सीएचसी निघासन ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। मुठभेड़ के मामले में सिंगाही थाने में आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान बनी आग का गोला, 10 लाख का माल खाक

सीतापुर। कोतवाली नगर क्षेत्र में हरदोई-सीतापुर मार्ग पर गौशाला के निकट स्थित लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान रविवार देर रात आग का गोला बन गई। करीब दो बजे अचानक दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा करीब 10 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो चुका था। क्षेत्र निवासी रंजीत कुमार की लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स नाम से दुकान है। उन्होंने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर वह घर चले गए थे। उस समय सब कुछ सामान्य था। करीब दो बजे उन्हें दुकान में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। दमकल टीम ने तत्काल आग बुझाने का काम शुरू किया और काफी प्रयास के बाद लपटों पर काबू पाया। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखे पंखे, स्टेबलाइजर, स्विच, वायरिंग समेत अन्य विद्युत उपकरण पूरी तरह जल गए। दुकान में रखी करीब छह हजार रुपये की नकदी भी आग की भेंट चढ़ गई। आग से दुकान का अधिकांश सामान और अंदर का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दमकल विभाग की प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शार्ट सर्किट सामने आ रही है। हालांकि आग के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। दुकान स्वामी के मुताबिक दुकान ही उनके परिवार की आजीविका का मुख्य साधन थी। वहीं यहां काम करने वाले तीन मजदूरों के परिवारों की रोजी-रोटी भी इसी दुकान से चलती थी। लाखों रुपये का सामान जलने से परिवार के सामने बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

## 10 लाख की नकदी और जेवरात चोरी, क्षेत्र में दहशत

सीतापुर। तंबौर थाना इलाके में बेटे के निकाह की तारीख लेने परिवार के साथ घर से निकले जहीर अहमद जब वापस लौटे तो घर का नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। मकान के पीछे वाले गेट का ताला टूटा पड़ा था। अंदर पहुंचे तो कमरों और सेफ-अलमारियों के ताले भी टूटे मिले। चोर करीब 10 लाख रुपये की नकदी और लाखों के सोने-चांदी के जेवरात समेटकर फरार हो चुके थे। घर में चोरी का पता चलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। तंबौर कस्बे के मोहल्ला नवाबगंज निवासी जहीर अहमद पुत्र मतलूब रविवार को अपने इकलौते बेटे के निकाह की तारीख लेने परिवार समेत बाराबंकी जिले के जिगनी गांव गए थे। घर में ताला लगा था। शाम करीब आठ बजे परिवार वापस लौटा तो पीछे वाले गेट का ताला टूटा देखकर चोरी की आशंका हुई। अंदर पहुंचे तो कमरों के दरवाजों और सेफ-अलमारियों के ताले टूटे पड़े थे। अलमारियां खुली थीं और सामान बिखरा हुआ था। चोर दो सोने के हार, झुमका, कान का झाला, सोने की अंगूठी, नाक की नथुनी, चांदी की पायल समेत बेटी-दामाद के पूरे जेवरात पर हाथ साफ कर चुके थे। पीड़ित के मुताबिक करीब दस लाख रुपये की नकदी भी गायब है। निकाह की तैयारियों के बीच घर में हुई इतनी बड़ी चोरी से परिवार सदमे में है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। चोरी की तहरीर मिलते ही थाना प्रभारी बृजेश राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर चोरों के बारे में जानकारी जुटाई। दिनदहाड़े हुई इतनी बड़ी चोरी ने कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। थाना प्रभारी ने पीड़ित परिवार को जल्द चोरी का खुलासा करने का भरोसा दिया है। पुलिस आसपास लगे कैमरों और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाने में लगी है।

## रोट्रेक्ट क्लब ने कराया कान्हा रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन







गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर रोट्रेक्ट क्लब यूथ द्वारा बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता और भारतीय संस्कृति से जुड़ाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कान्हा रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई।

नन्हे प्रतिभागी भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप में आकर्षक वेशभूषा और मनमोहक रूप-सज्जा के साथ नजर आए। मुकुट, मोरपंख, मुरली और पारंपरिक परिधानों में सजे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में बच्चों की रूप-सज्जा, रचनात्मकता, प्रस्तुति और समग्र प्रभाव के आधार पर अनायरा वर्मा ने प्रथम, रघुनन्दन सिंह ने द्वितीय तथा वैभव मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा आरांश सिंह, अक्षिता सिंह, तेजस वर्मा, श्री विश्वास और स्वयं गुप्ता को उत्कृष्ट सहभागिता एवं उत्साह के लिए सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और उनकी मेहनत को देखते हुए क्लब के पीएसटी (प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी एवं ट्रेजरर) ने आपसी सहमति से प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को सम्मानित करने का निर्णय लिया। इसके तहत प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाणपत्र और उपहार प्रदान किए गए। क्लब की इस पहल से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिला। आयोजन ने बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनमें रचनात्मक अभिव्यक्ति की भावना विकसित करने का भी संदेश दिया।

## बिजली के लिए डीएम कार्यालय पहुंचे सैकड़ों ग्रामीण, दो दिन में समाधान का अल्टीमेटम



सीतापुर। विद्युत आपूर्ति की बदहाल व्यवस्था से परेशान झरेखापुर-लिखौना फीडर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण सोमवार दोपहर बारिश के बीच जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गए। ग्रामीणों ने बिजली कटौती और अनियमित आपूर्ति को लेकर अधिकारियों के सामने नाराजगी जताते हुए तत्काल समस्या के समाधान की मांग की।

ग्रामीणों के साथ किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सतनाम सिंह भी मौजूद रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि फीडर से जुड़े गांवों में मुश्किल से चार से छह घंटे ही बिजली मिल रही है। आपूर्ति लगातार न होकर आधे घंटे, 40 मिनट या 50 मिनट के अंतराल पर आती-जाती रहती है। इससे किसानों को सिंचाई के साथ ही घरेलू कार्यों में भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सतनाम सिंह ने क्षेत्रीय अवर अभियंता पर ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाया। वहीं लाइनमैन पर बिजली संबंधी कार्यों के लिए ग्रामीणों से रुपये मांगने और रुपये देने वालों के काम को प्राथमिकता देने की शिकायतें भी उठाईं। ज्ञापन लेने के बाद जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने बिसवां के अधिशासी अभियंता से फोन पर बात कर नाराजगी जताई और दो दिन के भीतर विद्युत समस्या का समाधान कराने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट तेवर में कहा कि व्यवस्था ऐसी दुरुस्त की जाए कि ग्रामीणों को बिजली की इसी समस्या को लेकर दोबारा अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि तय समय में समस्या दूर नहीं हुई तो वे फिर अधिकारियों के समक्ष शिकायत लेकर पहुंचेंगे।

## विधायक ने किया बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विकासखंड बिजुआ क्षेत्र में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। गोला विधानसभा क्षेत्र की आषाढ़ी ग्राम पंचायत के रूरा सुल्तानपुर और हुजूरपुरवा गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। सोमवार को गोला विधायक अमन गिरि ने अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ प्रभावित गांवों का दौरा कर बाढ़ की स्थिति और कटान का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने शारदा नदी के बढ़ते जलस्तर और नदी के कटाव से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और राहत एवं बचाव को लेकर आवश्यक जानकारी ली। विधायक ने कहा कि बाढ़ और नदी के कटाव के कारण जिन किसानों की कृषि भूमि कटान में चली गई है, उन्हें नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित काश्तकारों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि सभी पात्र किसानों को उनकी भूमि के उचित मूल्य के अनुसार मुआवजा दिलाया जा सके। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है। यदि आने वाले दिनों में बाढ़ का जलस्तर और बढ़ता है तो प्रशासन को समय रहते प्रभावित ग्रामीणों के लिए राहत किट और भोजन सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। इस संबंध में उन्होंने जिला स्तरीय एवं तहसील प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारी, राजस्व विभाग की टीम तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

मोहम्मदी खीरी। गांव बेला में ऑटो रिक्शा को घर में चार्जिंग पर लगाते समय उतर रहे करंट के चपेट में आ गया जिससे वह छटपटाने लगा जब तक घर के लोग जान पाए देर हो गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस में शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस के अनुसार रविवार 8 बजे करीब गांव के मो यासीन (50) पुत्र हुसैन घर में चार्जिंग के दौरान ऑटो रिक्शा में करंट उतर रहा था जिस की चपेट में आ जाने पर वह छटपटाने लगा घर के लोग जान पाए तब तक बहुत देर हो चुकी थी परिजनों ने उन्हें रिक्शे से दूर किया और इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। जबकि परिजन घर में करंट लगने की बात को नकार रहे हैं।

## ग्रामीणों ने पांच गौतस्करों को पकड़ा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। थाना क्षेत्र के हैदराबाद गांव स्थित सरकारी गौशाला में सोमवार तड़के गोवंश को पिकअप वाहन में लादकर बाहर ले जाने की कोशिश का मामला सामने आया। सुबह करीब पांच बजे वाहन में पशु लादे जाने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पिकअप को घेर लिया। ग्रामीणों ने गोवंश को वाहन से उतरवाने के साथ पांच लोगों को पकड़ लिया, जबकि दो युवक भाग निकले। पकड़े गए लोगों में गौशाला के दो केयरटेकर भी शामिल बताए गए हैं।

प्रभारी निरीक्षक महेश पाठक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पकड़े गए लोगों को हिरासत में लेने के साथ पिकअप को कब्जे में ले लिया। जांच के दौरान गौशाला परिसर में दो गोवंश मृत अवस्था में भी मिले। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई। ग्रामीणों ने गौशाला में मौजूद गोवंश की वास्तविक संख्या का सत्यापन कराने तथा मृत पशुओं, चारा आपूर्ति और पशुओं के आवागमन से संबंधित रिकॉर्ड की जांच की मांग की है। गौरतलब है कि करीब चार दिन पहले ही हैदराबाद और ममरी गौशालाओं के निरीक्षण में व्यवस्थाओं की कई खामियां सामने आई थीं। पर्याप्त भूसा और हरा चारा उपलब्ध नहीं मिला था। परिसर में गंदगी व जलभराव के साथ पशुओं के बैठने और ठहरने की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई थी। इसके बाद हैदराबाद गौशाला की प्रभारी सचिव सुरभि गौर और ममरी गौशाला के प्रभारी सचिव अखिलेश कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था। इसी बीच हैदराबाद गौशाला से गोवंश को वाहन में ले जाने की कोशिश सामने आने से निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। दोपहर में मौके पर पहुंचे बीडीओ श्रीश वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों ने पांच लोगों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया है। इनमें दो केयरटेकर शामिल हैं, जबकि बाहर से आए तीन लोगों में से दो फरार हो गए। उन्होंने बताया कि एडीओ पंचायत सर्वेश कुमार की ओर से थाना हैदराबाद में तहरीर दी जा रही है। मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अब जांच में यह स्पष्ट होना बाकी है कि गौशाला से गोवंश को किस उद्देश्य से बाहर ले जाया जा रहा था और इस घटनाक्रम में पकड़े गए लोगों की वास्तविक भूमिका क्या थी। मौके पर अरविंद शुक्ला, अवधेश मिश्रा, गौरव, रामू शुक्ला, नानक चंद्र, अरुण अग्निहोत्री, सुरेंद्र वर्मा, जोगेंद्र वर्मा और रमन समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## गुरु का सम्मान ही सफलता की पहली सीढ़ी: मीनाक्षी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सनराइज पब्लिक स्कूल में भारत के द्वितीय राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि दीपक मिश्रा, राजीव गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार करन सिंह व देवेश त्रिवेदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में गुरु की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों और माता-पिता का सम्मान करने तथा शिक्षा के माध्यम से जीवन में बेहतर मुकाम हासिल करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि दीपक मिश्रा ने विद्यालय परिवार और संचालक करन सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से सदैव गुरु की आज्ञा का पालन करने की बात कही। देवेश त्रिवेदी ने भी गुरु की महत्ता पर विचार रखे। संचालन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार करन सिंह ने विद्यार्थियों से शिक्षकों का सम्मान करने और उनसे प्रतिदिन नई प्रेरणा लेने की अपील की। इस अवसर पर शिक्षिका ऊषा राजवंशी, कनीज फातिमा, हुमैरा, आयरा, रोशनी गिरी और कल्पना कश्यप को सम्मानित किया गया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बलरामपुर

पत्रांकः 2502/2ए/निविदा /2026 दिनांकः-25.08.2026

ई-निविदा सूचना

1- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बलरामपुर महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से लोक निर्माण विभाग में श्रेणी ''ए ,बी., सी. डी'' में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिषत दरों में अधोलिखित विवरण के अनुसार आन लाइन निविदा आमंत्रित करते है। निविदादाता कार्य हेतु विड प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (विधानसभा- बलरामपुर) | | | | | | |
| 1 | बलरामपुर | जनपद बलरामपुर में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड एवं (प्र.प./भवन) लो.नि.वि. बलरामपुर के सुरक्षा हेतु चाहर दीवारी का कार्य। | 28.70 | 2.87 | 944.00 | 03 माह |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 13.09.2026 से 22.09.2026 तक सांय 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 22.09.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 22.09.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 22.09.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.,बलरामपुर।

UPID-255657 Date: 07.09.26
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## आर्केस्ट्रा बजाने में हुए विवाद में चार लोग घायल

लालगंज,रायबरेली। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के लोदीपुर उतरावा गांव में आर्केस्ट्रा के दौरान गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया जिसमें हुई मारपीट से चार लोगों को चोटे आई है। मामले में अभय प्रताप सिंह पुत्र छेदी सिंह ने गांव के ही रघुनाथ, महेश, बंबइया, शिव शंकर पुत्र गण मोहन, बिलारा पत्नी शिव शंकर, रचित पुत्र महेश, हिमांशु पुत्र रामगोपाल, अंकित पुत्र भगवान दीन, मनोज पुत्र बाबूलाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में कोतवाली लालगंज में मामला दर्ज कराया है। अभय प्रताप सिंह की मानें तो प्रतिपक्षी गण नशे की हालत में थे, गाली गलौज कर रहे थे मना करने पर मारपीट की घटना को अंजाम दें दिया। जिससे जहां उनको चोट आई है वहीं उनकी पत्नी आरती सिंह और पुत्री अंशिका व पुत्र आदित्य सिंह भी घायल हुएहैं। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा लिखकर कार्यवाही की गई है।

## युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

रायबरेली। पुरानी रंजिश में युवक को लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते गोली मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लहू लुहान हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला भदोखर के जफरपुर गांव में हुआ है। बताया जाता भदोखर के जफरा पुर गांव में सनसनीखेज वारदात को तीन लोगों ने अंजाम दिया जिसमें लोगों ने धर्मराज को घेरकर गोली मार दी। जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है वर्ष 2024 में हत्या के मामले में धर्मराज जेल गया हुआ था अभी करीब एक साल पहले जेल से बाहर आया था पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## शिक्षामित्र की मूल विद्यालय में वापसी की मांग

अयोध्या। शिक्षामित्र का मूल विद्यालय में और पति के निवास स्थान पर स्थानांतरण/समायोजन की मांग को लेकर शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्र के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधि मंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद से मुलाकात किया। इस संबंध में श्री मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी जनपद के तीन ब्लाकों का समायोजन बिल जिला मुख्यालय पर न होने के कारण लिस्ट निकलने में विलंब हुई है। जिसे बीएसए लालचंद ने आते ही जारी करने की बात को कहा है। दूसरी और मसौधा ब्लाक में तैनात शिक्षा मित्र अर्चना सिंह का लंबित मानदेय प्रकरण भी शीघ्र निस्तारित करने की बात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कही है। उपरोक्त ज्ञापन पत्र कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवनियुक्त जिला संगठन मंत्री राम नाथ यादव, सोहावल ब्लाक अध्यक्ष आशुतोष प्रताप सिंह, मसौधा ब्लाक अध्यक्ष शिव कुमार यादव भी उपस्थित रहे।

## दीवार गिरने से बाइक मैकेनिक की मौत

अयोध्या। अयोध्या सदर तहसील के सामने सोमवार की सुबह करीब 11.30 बजे अचानक पीडब्ल्यूडी कार्यालय की दीवार गिरने से उसके मलबे में दबकर बाइक मैकेनिक रविंद्र कुमार गौड़ की मौत हो गई। बताया गया कि रविंद्र बाइक की मरम्मत का काम करते थे। हादसे के दौरान वह दीवार के पास मौजूद थे, तभी अचानक दीवार भरभराकर गिर गई और वह मलबे में दब गए। मौके से गुजर रहे ई-रिक्शा चालक ने स्थानीय लोगों को बताया कि मलबे के नीचे कोई व्यक्ति दबा हुआ है। इसके बाद आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए मलबा हटाकर रविंद्र को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# आज जुटेंगी 15 हजार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सीएम करेंगे सम्मान



- जीआईसी मैदान में होगा राज्यस्तरीय समारोह, अयोध्या से प्रदेशभर में होगा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण
- सीएम योगी के आगमन को लेकर सुरक्षा चाक-चैबंद, कैंट से धाम तक लागू रहेगा रूट डायवर्जन

अयोध्या। अयोध्या में मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित करेंगे।

राजकीय इंटर कालेज के मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। वह कार्यकत्रियों का सम्मान भी करेंगे। अयोध्या मंडल की करीब 12 से 15 हजार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी। प्रदेश के सभी जिलों में इसका लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसमें विभागीय मंत्री तथा जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। राशन वितरण का कार्य देख रही स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं भी इसमें भाग लेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश के हर जिले में समानांतर कार्यक्रम होंगे, लेकिन मुख्य समारोह मुख्यमंत्री की उपस्थिति में अयोध्या में ही संपन्न होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह की निगरानी में सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल करीब तीन घंटे अयोध्या में रहेंगे। दोपहर 2.50 बजे वे जीआईसी मैदान पहुंचेंगे। यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के सम्मान समारोह के साथ ही संबोधित करेंगे। शाम 4 बजे तक जीआईसी मैदान में रहने के बाद वे हेलीकॉप्टर से राम कथा पार्क हेलीपैड पहुंचेंगे। वहां से पहले हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करेंगे, उसके बाद राम मंदिर पहुंचकर रामलला का दर्शन-पूजन करेंगे। शाम करीब 5 बजे हेलीकॉप्टर से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर अयोध्या कैंट और अयोध्या धाम में रूट डायवर्जन लागू रहेगा। प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पूरी कर ली है। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने जीआईसी पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह कार्यक्रम प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के समर्पण और सेवा को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। अयोध्या प्रशासन पूरे आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर अयोध्या में व्यापक तैयारियां की गई हैं।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी भाजपा

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा उनके जन्मदिन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक ह्यसेवा संकल्प अभियानह्न चलाएगी। एक माह के इस अभियान में सेवा, जनसंपर्क, जनभागीदारी, महिला एवं बाल कल्याण, लाभार्थी संपर्क, युवा सहभागिता, नवाचार और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम होंगे। इसी अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला सर्किट हाउस में आयोजित की गई। अभियान के लिए महानगर जिला महामंत्री शैलेन्द्र कोरी को संयोजक बनाया गया है।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शशि प्रताप सिंह, आकाश सिंह और प्रतिमा शुक्ला को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यशाला में भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश श्रीवास्तव ने कार्यकताओं को अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से होंगे। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को अभियान की शुरूआत ह्यआशीर्वाद का दीयाह्न कार्यक्रम से होगी। 17 सितम्बर को कार्यकर्ता घर-घर जाकर आशीर्वाद का दिया प्रज्जवलित करने के लिए आवाहन करेंगे। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक बच्चों और युवाओं को जोड़ने के लिए सेवा कार्यों तथा विकसित भारत विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। स्कूलों में प्रदर्शनियां और पुरस्कार कार्यक्रम भी होंगे। इसी अवधि में ह्यसेवा स्मरणह्न के तहत प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवा कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को सांस्कृतिक एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जाएगा। महानगर अध्यक्ष श्रीवास्तव ने बताया कि 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक ह्यआंगन का मिलनह्न कार्यक्रम होगा। आंगनबाड़ी केंद्रों पर माताओं और बच्चों को जोड़ते हुए पोषण, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकताओं, सहायिकाओं और आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे अभियान के दौरान ह्यकहानी बदलाव की के तहत सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों की वास्तविक कहानियां सामने लाई जाएंगी। वहीं ह्यसेवा मेरा योगदानह्न में नागरिक कम से कम 25 मिनट किसी सेवा गतिविधि में योगदान देंगे। रक्तदान, पौधरोपण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संरक्षण, साइबर सुरक्षा सहित 25 सेवा गतिविधियों को इसमें शामिल किया गया है। सेवा सेतु के तहत विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर शिविर लगाकर पात्र लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास होगा।

## मछली पकड़ते समय पैर फिसला नाले में डूबकर अधेड़ की मौत

सोहावल-अयोध्या।रौनाही थाना क्षेत्र के हाजीपुर बरसेंडी के मजरे गंज अम्बरपुर निवासी गुन्नू पुत्र राम अवध उम्र 52 वर्ष की नाले में डूबने से मौत हो गई। सोमवार को वह गुलालपुर के पास स्थित नाले में मछली पकड़ने गया था।शिकार के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिरकर डूबने लगा। जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे नाले से बाहर निकालकर सत्तीचैरा पुलिस को सूचना दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।चैकी प्रभारी सत्यम अग्रवाल ने बताया कि पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## युवा संवाद के पोस्टर का विमोचन, 11 को होगा आयोजन

अयोध्या। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर अयोध्या महानगर इकाई की ओर से आगामी 11 सितंबर को आयोजित होने वाले ह्ययुवा संवादह्न कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन सोमवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया। पोस्टर विमोचन के अवसर पर अयोध्या के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल बृजेंद्र सिंह, अयोध्या महानगर प्रचारक सुदीप, विभाग प्रचार प्रमुख शैलेंद्र, कुलसचिव विनय सिंह, दिनेश कुमार, अनिल, कार्यक्रम प्रमुख राणा आशुतोष सिंह एवं महाविद्यालय कार्य प्रमुख शिवेन सिंह सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। इस अवसर पर महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि आगामी युवा संवाद में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका और ह्यपंच परिवर्तनह्न जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर युवाओं के साथ विचार-विमर्श होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में जगद्गुरु रामानंदाचार्य रामदिनेशाचार्य विशिष्ट वक्ता के रूप में शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक संजय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थिति रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। युवा संवाद के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र, समाज और संस्कृति से जुड़े विभिन्न विषयों पर चिंतन एवं संवाद का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम को लेकर महानगर इकाई की ओर से व्यापक स्तर पर संपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है।

## झाड़ियों में रोता मिला नवजात

गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। थाना क्षेत्र के बनमई गांव में सोमवार सुबह सड़क किनारे झाड़ियों से नवजात के रोने की आवाज सुनकर ग्रामीणों के कदम ठिठक गए। सुबह करीब आठ बजे रोने की आवाज सुन ग्रामीण कमलेश सिंह पास गए तो देखा कपड़े में लिपटा मासूम झाड़ियों में पड़ा बिलख रहा था। जन्म के बाद उसकी नाल तक नहीं काटी गई थी। यह दृश्य देख ग्रामीणों का कलेजा कांप उठा। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही भटमई चैकी प्रभारी सुनील सिंह यादव मौके पर पहुंचे और नवजात को तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज भिजवाया। चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। नवजात लड़का है। पुलिस ने चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी सूचना दी। जानकारी मिलते ही एसोसिएशन के लोग मेडिकल कॉलेज पहुंचे गए और नवजात की देखरेख में जुट गए। ग्रामीणों के मुताबिक, किसी ने जन्म के तुरंत बाद मासूम को कपड़े में लपेटकर झाड़ियों में लावारिस छोड़ दिया। मां की गोद और ममता के लिए तरसता मासूम वहां अकेला जिंदगी के लिए जूझता मिला। चैकी इंचार्ज सुनील सिंह यादव ने बताया कि नवजात को छोड़कर जाने वाले का अब तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वीरांगना झलकारी बाई एकता मिशन ने आयोजित की जागरूकता बैठक

रायबरेली। झलकारी बाई एकता मिशन ने संत शिरोमणि गुरु रविदास सामुदायिक आश्रम में एक जागरूकता बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता वीरांगना झलकारी बाई कल्याण एवं विकास परिषद के अध्यक्ष राम सजीवन धीमान ने की। इसका संचालन सदगुरु कबीर जन्मोत्सव समिति के संयोजक राम अहोरे कोरी ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए सामाजिक चिंतक डॉ सुनील दत्त ने कहा कि राष्ट्रमाता वीरांगना झलकारी बाई ने जाति व समाज से ऊपर उठकर देश हित में अपने पति पूरन कोरी के साथ अंग्रेजों से मुकाबला करते हुए वीरगति को प्राप्त हुई थीं। उनका त्याग और बलिदान आज अमर हो गया है। उन्होंने तथागत बुद्ध, सतगुरु कबीर साहब, शहीद उधम सिंह, बाबा साहब डॉ अंबेडकर, राष्ट्र माता वीरांगना झलकारी बाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस बैठक को संबोधित करते हुए वीरांगना झलकारी बाई एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम करन कोरी ने कहा कि हमें शिक्षा और व्यवसाय की तरफ ध्यान देना होगा। आज जो कुछ भी प्राप्त हुआ है वह सब बाबा साहब के त्याग, बलिदान और परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने 22 नवंबर वीरांगना झलकारी बाई के जन्मोत्सव को बछरावां विधानसभा में धूमधाम से मनाने की बात कही। वीरांगना झलकारी बाई कल्याण एवं विकास परिषद के महासचिव गुप्तार वर्मा ने कहा कि हमें हर हाल में बाबा साहब के अधूरे सपने को पूरा करना है। उनके बताए मार्ग पर चलना है। हमें एक जुटता का परिचय देना है। हमें संगठन नहीं बनाना है बल्कि संगठित रहना है। इस अवसर पर राम बहादुर कोरी, राजेश कुमार धीमान, अरुण कुमार कोरी, राजेश राज, आर.के.कोरी आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विजय कुमार कोरी, रामचंद्र, बसावन लाल, मोहनलाल, रामसमुझ, संतोष कुमार धीमान, अंजनी कुमार बौद्ध आदि लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने सबसे पहले तथागत बुद्ध, संत शिरोमणि गुरु रविदास, संत शिरोमणि कबीर साहब व बाबा साहब डॉ अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## पात्र लाभार्थियों के लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निस्तारण

जिला संवाददाता (vol)



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोशल सेक्टर विभाग से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति, शादी अनुदान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित समाज कल्याण विभाग एवं संबंधित विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी पात्र लाभार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक कठिनाई न हो तथा लंबित आवेदनों एवं प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों के सत्यापन तथा संबंधित प्रक्रियाओं को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि2026 लाभार्थियों को पेंशन की धनराशि निर्बाध रूप से प्राप्त होती रहे। छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने पात्र छात्र-छात्राओं के आवेदन एवं सत्यापन की प्रक्रिया में विशेष ध्यान देते तथा निर्धारित समयसीमा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शादी अनुदान एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र परिवार इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत शीघ्र आयोजन कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी आर०वी० सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, सहायक श्रमायुक्त उमेश यादव सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कूरेभार को जीरो वेस्ट गांव बनाने की मुहिम तेज

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत कूरेभार ग्राम पंचायत को स्वच्छ, सुंदर एवं जीरो वेस्ट बनाने के उद्देश्य से सोमवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत धनपतगंज मार्ग स्थित दर्जनों दुकानदारों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रखने के लिए डस्टबिन वितरित किए गए तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के जिला सलाहकार नीरज दूबे और एडीओ पंचायत कूरेभार प्रकाश कुमार मिश्रा ने दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों से अपील की कि वे कूड़ा सड़कों और नालियों में न फेंकें तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें। अधिकारियों ने कहा कि गांव और कस्बे की साफ-सफाई केवल सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।उन्होंने दुकानदारों को अपनी दुकानों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित डस्टबिन में डालने तथा गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने की सलाह दी। बताया गया कि गीले कचरे से जैविक खाद तैयार की जा सकती है, जबकि सूखे कचरे का पुनर्चक्रण संभव है।इस अवसर पर मिशन से जुड़े अभिषेक कुमार, राज कुमार, ग्राम पंचायत सचिव सुरेंद्र कुमार, ग्राम प्रशासक प्रतिनिधि सुरेश कुमार सहित अनेक स्वच्छता दूत मौजूद रहे। सभी ने कूरेभार को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिएजनसहभागिता का आह्वान किया तथा लोगों ने भी अभियान में सहयोग करने का संकल्प लिया।

## खबर का असर: खुले नाले के चारों ओर हुई बैरिकेडिंग



परशदेपुर रायबरेली। स्थानीय लोगों की आवाज आखिरकार असर दिखाने लगी है। कस्बे के कटरा बाजार स्थित मुख्य मार्ग पर लंबे समय से खुले पड़े खतरनाक नाले को लेकर प्रकाशित समाचार के बाद नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आया और खुले नाले के चारों ओर बैरिकेडिंग करा दी गई है। इस कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और राहगीरों ने राहत की सांस ली है। गौरतलब है कि बीते दिनों कस्बे के साकेत नगर चौराहे से मेन चौराहे को जोड़ने वाले अत्यंत व्यस्त मार्ग पर सड़क किनारे स्थित खुले नाले की समस्या को समाचार पत्र में 'मुख्य मार्ग पर खुला नाला दे रहा बड़े हादसे को आमंत्रण' नामक शीर्षक को प्रमुखता से उठाया गया था। समाचार में बताया गया था कि बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के खुला पड़ा यह नाला राहगीरों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है तथा किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

समाचार प्रकाशित होने के बाद स्थानीय लोगों की चिंता और मांग को संज्ञान में लेते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने तत्काल कदम उठाया और नाले के चारों ओर बैरिकेडिंग करवा दी। इससे अब लोगों को आने-जाने में पहले की तुलना में अधिक सुरक्षा महसूस हो रही है तथा दुर्घटना की आशंका भी काफी हद तक कम हो गई है।स्थानीय नागरिकों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि नगर पंचायत द्वारा समय रहते उठाया गया यह कदम जनहित में सराहनीय है।हालांकि लोगों का कहना है कि बैरिकेडिंग केवल अस्थायी व्यवस्था है। स्थायी समाधान के लिए खुले नाले पर मजबूत और पक्का ढक्कन लगाया जाना आवश्यक है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना पूरी तरह समाप्त हो सके।क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि नगर पंचायत प्रशासन जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करेगा।वहीं यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर प्रशासन को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

## पूर्व सांसद मित्रसेन यादव की मनी 11वीं पुण्यतिथि

मिल्कीपुर-अयोध्या। पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्रसेन यादव की 11वीं पुण्यतिथि पर किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर परिसर में श्रद्धांजलि एवं पुण्यतिथि समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद अवधेश प्रसाद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचरण यादव ने की। हैरिंगटनगंज ब्लाक क्षेत्र स्थित किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर के परिसर में आयोजित पुण्यतिथि समारोह में पहुंचे अतिथियों का पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अवधेश प्रसाद ने पूर्व सांसद के राजनीतिक उत्तराधिकारी पुत्र आनंद सेन यादव को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए उनसे बाबूजी के संघर्षों को आगे बढ़ाते रहने की बात कही। उन्होंने स्वर्गीय मित्रसेन यादव को युग पुरुष बताया और केंद्र तथा प्रदेश में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी की सरकार को आड़े हाथों लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख अंकुर सेन यादव ने कहा कि स्वर्गीय मित्र सेन यादव को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाया जाए जाए। सपा पूर्व जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने स्वर्गीय बाबू मित्रसेन यादव के संघर्षों को एक-एक करके गिनाया। पूर्व विधायक अब्बास अली उर्फ रुश्दी मियां ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक एवं पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव ने श्रद्धांजलि सभा में पधारे अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने देश और प्रदेश में सत्तासीन भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि लोग बेतहाशा महंगाई से तबाह हैं। उन्होंने कहा कि बाबू जी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब अयोध्या जनपद की पांचो की पांचो विधानसभा सीट समाजवादी पार्टी जीते।

## गुप्तारगंज में उमड़ा आस्था का सैलाब, कृष्णमय हुआ बाजार

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। अयोध्या-प्रयागराज हाईवे स्थित गुप्तारगंज बाजार रविवार रात जन्माष्टमी महोत्सव के तीसरे दिन भी रोशनी से जगमगाता रहा। भगवान श्रीकृष्ण के आधा दर्जन भव्य पंडालों में देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक प्रस्तुतियां चलती रहीं। मेले में उमड़ी भीड़ के बीच बच्चों ने झूलों का आनंद लिया, जबकि श्रद्धालुओं ने पंडालों में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। शहर से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित गुप्तारगंज में पिछले 76 वर्षों से लगातार जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जा रहा है। राधे-कृष्ण फाउंडेशन समिति के मंत्री शुभम मिश्रा एडवोकेट ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव में धार्मिक आयोजनों के साथ मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। चैथे दिन सोमवार को भव्य विसर्जन शोभायात्रा के साथ महोत्सव का समापन होगा।भीड़ का अनुमान लगाने और सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए इस बार ए कैमरों का भी इस्तेमाल किया गया। समिति के अनुसार, ए से मिले आंकड़ों के आधार पर मेले में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची। अयोध्या, अंबेडकरनगर, जौनपुर, सुलतानपुर और प्रतापगढ़ समेत विभिन्न जिलों से सैकड़ों दुकानदारों ने हाईवे की दोनों पटरियों पर दुकानें सजाईं। इससे सड़क पर जगह कम पड़ने से श्रद्धालुओं की भीड़ सड़कों पर दिखाई दी और हाईवे पर वाहन रेंगते रहे। यातायात व्यवस्था के तहत रात 12 बजे तक भारी वाहनों का रूट बदला गया। सुरक्षा के लिए कूरेभार के साथ धनपतगंज, बल्दीराय और हलियापुर थानों की पुलिस तैनात रही।

## 145 अन्नपूर्णा भवन अटके डीएम ने जतायी नाराजगी

सुलतानपुर (वीओएल)। अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण की धीमी रफ्तार पर जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने नाराजगी जताई। सोमवार को कलेक्ट्रेट में खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने भूमि विवादों को प्राथमिकता से निस्तारित कराने और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिले में अन्नपूर्णा भवनों के लिए पिछले तीन वर्षों में 281 का लक्ष्य मिला था। इनमें 41 भवनों का निर्माण चल रहा है, जबकि 145 भवनों का निर्माण अभी बाकी है। धीमी प्रगति पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

सप्लाई इंस्पेक्टरों की कार्यशैली पर नाराज डीएम ने कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि न तो डिजिटल डायरी रखी जा रही है और न नियमित बैठकें हो रही हैं। क्षेत्रीय लेखपालों की जानकारी तक नहीं है। निर्देश दिया कि लेखपालों के साथ समन्वय कर भूमि विवादों की रिपोर्ट सीडीओ को उपलब्ध कराएं।

डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक सीडीओ के साथ भूमि विवादों की प्रगति और बाधाओं की समीक्षा की जाए। उन्होंने साफ कहा कि निर्माण में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक में बताया गया कि जिले में 1,079 उचित दर दुकानें, 4,63,652 लाभार्थी और उज्ज्वला योजना के तहत 2,35,288 गैस कनेक्शन हैं। राशन कार्डों की आधार सीडिंग 100 प्रतिशत पूरी है। जिले में 37 हजार मीट्रिक टन भंडारण क्षमता है और गेहूं खरीद में लक्ष्य के सापेक्ष 119 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज हुई है।

## 17 साल बाद जयसिंहपुर उप निबंधक कार्यालय को मिला भवन



मंत्री ने किया लोकार्पण

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। करीब 17 साल के लंबे इंतजार के बाद जयसिंहपुर उप निबंधक कार्यालय को सोमवार को अपना स्थायी भवन मिल गया। स्टांप, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने 2 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित उप निबंधक कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद कार्यालय का संचालन नए भवन से शुरू कर दिया गया। मंत्री के जयसिंहपुर पहुंचने पर बरौसा चौराहे पर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय , जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ला और मोतिगरपुर ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम में डीआईजी जगदंबा प्रसाद शुक्ला, आईजी धर्मेंद्र चैधरी, रजिस्ट्रार सदर अनिरुद्ध कुमार यादव, लंभुआ रजिस्ट्रार धीरेंद्र कुमार राय, जयसिंहपुर रजिस्ट्रार आदित्य प्रताप जायसवाल, एसडीएम संदीप यादव, क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह और नायब तहसीलदार रूबी यादव सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।इसके अलावा बार एसोसिएशन जयसिंहपुर के अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा, प्रशासनिक सचिव एडवोकेट देवानंद पांडेय, दस्तावेज लेखक, अधिवक्ता और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

जयसिंहपुर उप निबंधक कार्यालय वर्ष 2009 से संचालित हो रहा था। शुरूआत में कार्यालय विकासखंड के समीप स्थित एक भवन में चलाया गया। इसके बाद वर्ष 2020 में इसे तहसील परिसर स्थित रैन बसेरे के भवन में स्थानांतरित किया गया। उसी भवन में अब तक कार्यालय का संचालन किया जा रहा था। तहसील परिसर में लंबे समय तक अस्थायी व्यवस्था में कार्यालय चलने के कारण अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ दस्तावेज लेखकों और यहां आने वाले लोगों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बाद में अठेसी नॉर्थ कोऑपरेटिव सोसाइटी के पीछे कार्यालय भवन के लिए भूमि चिह्नित की गई। विधायक राज प्रसाद उपाध्याय के प्रयासो के बाद यहां दो करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से नया उप निबंधक कार्यालय भवन तैयार कराया गया। सोमवार को लोकार्पण के साथ ही करीब 17 साल बाद कार्यालय को अपना स्थायी भवन मिल गया।

लोकार्पण के दौरान मीडिया ने राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल से दस्तावेज लेखकों के बैठने की व्यवस्था को लेकर सवाल किया। इस पर उन्होंने कहा कि दस्तावेज लेखक कार्यालय के बाहर बैठेंगे। वहीं, नए कार्यालय परिसर में इंटरलॉकिंग के धंसने की शिकायत पर मंत्री ने उप निबंधक आदित्य प्रताप जायसवाल को कार्यदायी संस्था से इसे दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कार्यदायी संस्था समस्या का समाधान नहीं करती है तो इसकी जानकारी दी जाए, संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सांसद संजय सिंह समेत 12 आरोपियों का बयान दर्ज

सुलतानपुर (वीओएल)। आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह समेत 12 आरोपियों का सोमवार को कोर्ट में बयान दर्ज किया गया। सांसद के अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह मदन ने बताया कि एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने सफाई साक्ष्य के लिए 19 सितंबर की तिथि तय की है। संजय सिंह पर 13 अप्रैल 2021 त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान बंधुआकला थाने के हसनपुर गांव में बिना अनुमति सभा कर आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप है। बंधुआकला थाने के तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार ने सांसद संजय सिंह समेत अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी होने के बाद कोर्ट ने सांसद व अन्य आरोपियों का बयान दर्ज करने के लिए सोमवार की तिथि तय की थी।

## अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत की बैठक

अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत जिला इकाई की एक बैठक कचहरी स्थित सेनानी भवन मे आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष अरविंद कौल ने की और संचालन परिषद के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने किया, बैठक में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के 35वें स्थापना दिवस सेवा सप्ताह पखवारा कार्यक्रम करने की योजना बनाई गई, जो की 7 सितंबर से आरंभ होकर 12 सितंबर तक चलेगा, जिसमें प्रमुख रूप से जेल में बंद विचाराधीन कैदियों से मुलाकात, वृद्धावस्था आश्रम में जाकर लोगों से मिलना, कचहरी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम ,रक्तदान शिविर का आयोजन एवं चिकित्सासीय कैंप लगाकर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई ,बैठक में प्रमुख रूप से अधिवक्ता परिषद के महामंत्री रत्नेश सिंह ,उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ,अजय प्रताप सिंह, अनीता पाठक, दीप्ति पांडे, वर्षा , बबीता मौर्य, राधा रमन सिंह एवं वरिष्ठ अधिवक्ता संजय रस्तोगी शामिल रहे।

संक्षेप

## आरोग्य मेले में 146 रोगियो का उपचार

भटनी (देवरिया) स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत पडने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक नवीन कुमार सिःह द्वारा औचक निरीक्षण अपने सहयोगियों के साथ किया गया ।जिसमें एक चिकित्सक अनुपस्थित मिला ।

अधीक्षक द्वारा नूनखार मंगराइच सठियांव डुमरी और भरहेचौरा उपस्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया ।

जिसमें सभी चार उपस्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित होकर उपचार करते पाये गये ।लेकिन मंगराइच उपस्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्साधिकारी डाँ आकृति अनुपस्थित पायी गयी , अन्य कर्मचारी उपस्थित होकर कार्य करते पाये गये ।अधीक्षक ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के दौरान पाँच. उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर कुल 146 रोगियो की जाँच व उपचार ,जिसमें 65पुरुष 58महिलाएं व 23बच्चे शामिल रहे ।

# निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने सोमवार को समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षित निगरानी के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस के चारों ओर

● सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य संवेदनशील व्यवस्थाओं का लिया जायजा

स्थापित सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं कार्यशीलता, कैमरों की कवरेज, कक्षवार विद्युत आपूर्ति एवं बैकअप व्यवस्था, खिड़कियों एवं रोशनदानों की सुरक्षा तथा वेयरहाउस के प्रवेश एवं निकास से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा सभी सुरक्षा उपकरण एवं व्यवस्थाएं सदैव क्रियाशील रहें ।उन्होंने वेयरहाउस के बाहरी परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बाहरी सुरक्षा व्यवस्था की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

साथ ही सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी समय निगरानी व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने विद्युत आपूर्ति, बैकअप एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को भी सुचारु बनाए रखने पर विशेष जोर दिया ।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ईवीएम वेयरहाउस निर्वाचन प्रक्रिया की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील परिसर है। अतः इसकी सुरक्षा व्यवस्था में निर्धारित प्रोटोकॉल एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का पूरी गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वेयरहाउस परिसर में अनधिकृत प्रवेश को पूर्णतः प्रतिबंधित रखने तथा सुरक्षा संबंधी सभी अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्र, राम अवध यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी; केशव उपाध्याय चुनाव प्रबंधन भारतीय जनता पार्टी; प्रतिनिधि कांग्रेस पार्टी, आम आदमी पार्टी, अपना दल; जिला उद्यान अधिकारी, के साथ सैयद कमाल असगर रिजवी प्रधान सहायक, ब्रजभूषण प्रजापति, वरिष्ठ सहायक तथा शशि कुमार मद्धेशिया, कम्प्यूटर सहायक एवं अन्य सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## इटावा में राजमार्ग पर डबल डेकर बस में लगी आग, सभी 40 यात्री सुरक्षित

इटावा। इटावा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक डबल डेकर बस में आग लग गई, जिसके बाद सभी 40 यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने यह जानकारी दी ।पुलिस ने बताया कि बस दिल्ली से राठ जा रही थी, तभी फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में आगरा-इटावा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर इटावा-फुर्खाबाद पुल के पास उसमें आग लग गई। नगर क्षेत्राधिकारी अवनीश कुमार ने बताया कि यात्रियों ने बस से धुआं व आग की लपटें उठती देखीं और वे खिड़कियों से कूदकर बाहर निकल गए। राहगीरों से सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और अग्निशमन दल को बुलाया गया। पुलिस के अनुसार, इस घटना के कारण राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने में करीब दो घंटे का समय लगा, लेकिन तब तक बस और यात्रियों का सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुके थे ।कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट के कारण बस में आग लगने की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि घटना के बाद बस के कर्मचारी मौके से फरार हो गए ।क्षेत्राधिकारी ने कहा कि बस में सवार सभी 40 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्हें उनके गंतव्यों तक भेजने के लिए वैकल्पिक वाहनों की व्यवस्था की गई।

## पेंशन से वंचित पात्र लोगों के लिए 10 शिविर को

देवरिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत पात्र एवं वंचित व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 10 सितंबर को तहसील सभागार, देवरिया में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में उन ग्राम पंचायतों के पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई की जाएगी, जहां पेंशनरों की संख्या सबसे कम पाई गई है।

उन्होंने बताया कि शिविर में देसही देवरिया, गौरी बाजार, रामपुर कारखाना, पथरदेवा, तरकुलवा, बैतालपुर एवं देवरिया सदर विकास खंडों की चयनित ग्राम पंचायतों के पात्र व्यक्ति शामिल हो सकते हैं।

पेंशन योजना का लाभ लेने के इच्छुक पात्र व्यक्ति अपने साथ आय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, परिवार रजिस्टर की प्रति, शैक्षिक प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेख लेकर शिविर में उपस्थित हों।

## राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा का जनपद आगमन आज



कसया, कुशीनगर। राज्यमंत्री सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार हंसराज विश्वकर्मा का जनपद कुशीनगर आगमन 8 सितंबर दिन मंगलवार को होगा। वह कुशीनगर विधानसभा में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और औद्योगिक इकाइयों और भवन का निरीक्षण करेंगे। सोमवार को राज्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव राजीव कुमार द्वारा जारी पत्र के हवाले से भाजपा नेता डॉ छेदी शर्मा ने बताया कि राज्यमंत्री श्री विश्वकर्मा का रामपुर पंद्रह मील 10 बजे सुबह पहुंचेंगे। इसके पश्चात सुकरौली, हाटा, हेतिमपुर होते हुए दोपहर 12 बजे होटल पथिक निवास पहुंचेंगे। जहां कुछ देर रुकने के पश्चात वह एक बजे दिन में विश्वकर्मा मंदिर पहुंचेंगे, परिचय के बाद निर्माणाधीन उद्योग भवन कसया पहुंचेंगे। 1.30 बजे सुभाष नगर वार्ड में स्वागत कार्यक्रम में भाग लेंगे। 3.30 बजे सायं सिसवा महंथ में जितेंद्र विश्वकर्मा के आवास पर भोजन और कुछ देर विश्राम करेंगे। उसके पश्चात सिसवा महंथ में ही मिनी उद्योग क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। 4.20 बजे सायं रामकोला में हिंदुस्तान पेट्रोलियम पर स्वागत कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम पांच बजे पडरौना अनिल कुमार शर्मा के आवास पर जाएंगे। 5.25 बजे शाम को जनपद से वाराणसी के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष छोटेलाल वर्मा, चंदन विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, राम मनोहर विश्वकर्मा आदि ने बताया कि राज्यमंत्री का जगह जगह भव्य स्वागत किया जायेगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जायेगा आयोजन

कुशीनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर संजीव कुमार त्यागी की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितंबर शनिवार को दीवानी न्यायालय कुशीनगर स्थान पडरौना व वाह्य न्यायालय, कसया, कुशीनगर के प्रांगण में आयोजित की जा रही है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जाना है। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन, बीमा, दुर्घटना, पारिवारिक मामला, आपराधिक मामला, बिजली बिल का विवाद, चेक विवाद, पैसा वसूली का विवाद सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकेगा। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर से सम्पर्क कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा 10 सितम्बर को करेंगी महिला जनसुनवाई

बिजनौर। राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली की अध्यक्षा विजया राहटकर 10 सितंबर गुरुवार को जनपद के भ्रमण पर रहेंगी तथा विकास भवन सभागार में महिला संबन्धित मांमलों की समस्याएं भी सुनेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी विमल कुमार चैबे ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास भवन सभागार में 10 सितंबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक महिला जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों पर संबंधित विभागों और अधिकारियों के माध्यम से मौके पर आवश्यक निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। विमल कुमार चैबे ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा के जनपद दौरे के दौरान अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। महिला जनसुनवाई के उपरांत जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की जाएगी।

## लोक अदालत की सफलता के लिए बैठक संपन्न

बहराइच । आगामी 12 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ आमनजन व वादकारियों को उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकारण बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निदेर्शानुसार सिविल कोर्ट, बहराइच के सभागार में विगत दिवस विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो)/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत अरबिंद गौतम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अधिकाधिक वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में कराया जाय साथ ही इस बात का भी प्रयास किया जाय पिछली लोक अदालत से अधिक वादों का निस्तारण हो सके। बैठक में मौजूद अधिकारियों से वादों के निस्तारण में आ रही बाधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई साथ ही लोक अदालत को और अधिक प्रभावी बनाने के बारे में सुझाव भी प्राप्त किये गये ।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार यादव, उपजिलाधिकारी सदर बहराइच, पुलिस क्षेत्राधिकारी (काइम) बहराइच, समस्त तहसीलदार, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग, बहराइच, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक यातायात, लीड बैंक प्रबन्धक, मुख्य शाखा प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, बहराइच, मुख्य शाखा प्रबन्धक, पंजाब नेशनल बैंक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## युवक नहर में डूबा, मौत

बांदा। बिसंडा थाना क्षेत्र के तेंदुरा गांव के अंश बनईपुरवा निवासी लवलेश (28) रविवार शाम करीब चार बजे घर से पैदल अतर्रा रेलवे स्टेशन के लिए निकले थे। उन्हें देर शाम संपर्क क्रांति ट्रेन पकड़कर दिल्ली जाना था। परिजनों के मुताबिक, वह दिल्ली में प्लंबर का काम करते थे और इसी से परिवार का भरण-पोषण करते थे। घर से करीब चार किलोमीटर दूर रास्ते में बारिश और कीचड़ के कारण लवलेश का पैर फिसल गया। वह पास से निकली नहर में जा गिरे। नहर में पानी गहरा होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सके। आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीणों ने घटना देखी और इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ कुछ देर तक नहर में तलाश की। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से देर रात तक युवक की तलाश कराई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह पुलिस ने स्थानीय पांच गोताखोरों को बुलाकर नहर में तलाश शुरू कराई। करीब पांच घंटे की खोजबीन के बाद सुबह करीब दस बजे घटनास्थल से लगभग पांच सौ मीटर दूर गोताखोरों ने लवलेश को तलाश कर बाहर निकाला। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज भेज दिया। भतीजे शिवपूजन ने बताया कि लवलेश के पास करीब दो बीघा खेत था, लेकिन इससे परिवार का गुजारा नहीं हो पाता था। इसी वजह से वह दिल्ली में रहकर प्लंबर का काम करते थे। लवलेश छह भाइयों में पांचवें नंबर के थे।

## पांच वर्ष पुराने राजस्व वाद का एएसडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

देवरिया। शासन एवं जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार पुराने राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के क्रम में सोमवार को अपर उपजिलाधिकारी (एएसडीएम) देवरिया अखिलेश यादव ने न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी, देवरिया में लंबित पांच वर्ष पुराने राजस्व वाद छोटेलाल बनाम विशुनदेव का ग्राम अरईपार में स्थलीय निरीक्षण किया। एएसडीएम ने संबंधित स्थल पर पहुंचकर मौके की स्थिति का जायजा लिया तथा राजस्व अभिलेखों के आधार पर प्रकरण की जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए वाद के निस्तारण की प्रक्रिया नियमानुसार एवं शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि शासन एवं जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार पुराने राजस्व वादों के निस्तारण को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

## तेंदुए ने किया मासूम पर हमला

बहराइच। नानपारा कोतवाली क्षेत्र के पुजारी पुरवा जुड़ा गांव में रविवार देर शाम एक तेंदुए ने घर के आंगन में खेल रही तीन वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया और उसे जबड़े में दबोचकर खेतों की ओर ले गया। ग्रामीणों के शोर और पीछा करने पर तेंदुआ बच्ची को करीब 400 मीटर दूर खेत में घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सीताराम की पत्नी अनीता रविवार शाम करीब सात बजे घर के आंगन में लगे नल पर पानी भर रही थीं। उनकी तीन वर्षीय बेटी लाडो उनके पीछे खड़ी थी। इसी दौरान अचानक एक तेंदुआ आंगन में घुस आया और बच्ची पर हमला कर उसे अपने जबड़े में दबोच लिया। बेटी को तेंदुए के जबड़े में देख अनीता ने शोर मचाना शुरू कर दिया। उनकी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और तेंदुए के पीछे दौड़ पड़े।

# *बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर संचालित करने वाले तीन लोगों के विरुद्ध सीजेएम न्यायालय में वाद पंजीकृत

जिला संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी, मधुसूदन हुल्गी के आदेश के अनुपालन में औषधि निरीक्षक, देवरिया द्वारा बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर संचालित किए जाने के तीन मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सीजेएम न्यायालय में वाद पंजीकृत कराया गया है। कार्रवाई के दौरान तीनों प्रकरणों में

● करीब 2.78 लाख रुपये मूल्य की औषधियां सीज, थोक विक्रेताओं को भी चेतावनी

करीब 2.78 लाख रुपये मूल्य की औषधियां पाई गई थीं, जिन्हें मौके पर सीज कर दिया गया था।

ग्राम गौरा टोला कटाईलवा, पोस्ट गौरा जयनगर, थाना बरहज, जनपद देवरिया निवासी रीता देवी के घर में वृद्धिचन्द्र यादव द्वारा बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा था। जांच के दौरान करीब 47,000 रुपये मूल्य की औषधियां पाई गई थीं। समस्त औषधियों को मौके पर सीज कर दिया गया था। विवेचना के उपरांत वृद्धिचन्द्र के विरुद्ध सीजेएम न्यायालय में वाद पंजीकृत कराया गया है।

इसी क्षेत्र के धर्मेन्द्र यादव द्वारा भी बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा था।

उनके घर से करीब 41,000 रुपये मूल्य की औषधियां पाई गई थीं। समस्त औषधियों को मौके पर सीज कर दिया गया था। विवेचना के उपरांत धर्मेन्द्र यादव के विरुद्ध भी सीजेएम न्यायालय में वाद पंजीकृत कराया गया है। गौरा पादरी, पोस्ट पड़री, तहसील एवं थाना हाटा, जनपद कुशीनगर निवासी शेर मोहम्मद द्वारा वकीलगंज चौराहा, थाना गौरी बाजार, जनपद देवरिया में आरोही हॉस्पिटल के परिसर के अंदर बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा था।

जांच के दौरान मेडिकल स्टोर से करीब 1,90,000 रुपये मूल्य की औषधियां पाई गई थीं। समस्त औषधियों को मौके पर सीज कर दिया गया था। विवेचना के उपरांत शेर मोहम्मद के विरुद्ध भी सीजेएम न्यायालय में औषधि निरीक्षक द्वारा वाद पंजीकृत कराया गया है।

औषधि निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने समस्त थोक औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर को औषधियों का विक्रय करते हुए पाए जाने पर संबंधित थोक विक्रेताओं के विरुद्ध भी नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में दारोगा की मौत

कुशीनगर। जिले के रविंद्र नगर थाना क्षेत्र के सरस्वती चौक बाईपास मार्ग पर सोमवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में एक सब इंस्पेक्टर की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान पुलिस सब इंस्पेक्टर भवानी प्रसाद पांडे के रूप में हुई है। वह सेवरही थाना क्षेत्र में तैनात बताए जा रहे हैं और मूल रूप से बस्ती जनपद के निवासी थे।

# डीएम ने तीन बड़े बैनामों का किया सत्यापन



जिला संवाददाता

देवरिया, । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज नगर स्थित तीन बड़ी क्रय-विक्रय संपत्तियों के स्टाम्प मूल्यांकन की वास्तविकता की जांच के लिए एआईजी स्टाम्प एवं सब रजिस्ट्रार देवरिया के साथ मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चकियवां में विक्रेता नाहिर जमाल तथा क्रेता हिना कौसर के प्रकरण का जायजा लिया। यह विक्रय संपत्ति एक करोड़ रुपये से अधिक की थी इसके अलावा चकियवां के जितेंद्र कुमार गुप्ता व पूनम देवी द्वारा विक्रय की गई संपत्ति, जिसे क्रेता अशफाक आलम एवं फरहीन आलम द्वारा खरीदा गया था, के स्टाम्प मूल्य का भी स्थलीय सत्यापन किया। न्यू कॉलोनी, गरुलपार स्थित नीतू मल्ल द्वारा विक्रय की गई संपत्ति, जिसे शुभम रुंगटा द्वारा क्रय किया गया था, का भी जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर स्थलीय स्थिति का स्टाम्प अभिलेख के अनुसार सत्यापन किया तथा प्रयुक्त स्टाम्प मूल्य दर की वास्तविकता का परीक्षण किया। मौके पर तीनों प्रकरणों में स्टाम्प मूल्य अभिलेख के अनुसार सही पाया गया।

जिलाधिकारी ने उपनिबंधक अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रावधानों के अनुरूप स्टाम्प मूल्य का प्रयोग सुनिश्चित हो तथा नियमानुसार परीक्षण कर ही विक्रय पंजीकरण किया जाए। इसमें पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बरती जाए, ताकि कहीं भी मूल्यांकन दर अथवा स्टाम्प शुल्क में कमी की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने क्रय-विक्रय में कम स्टाम्प लगाए जाने तथा तथ्य गोपन से बचने की अपेक्षा भी की। अन्यथा जांच में कमी पाए जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के समय एआईजी स्टाम्प अजय धर्मराज सिंह तथा सब रजिस्ट्रार अजय कुमार सिंह उनके साथ रहे।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



जिला संवाददाता

कुशीनगर। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, कुशीनगर वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को अपराह्न 01:00 बजे मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधान परिषद के 06 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली एवं निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई ।बैठक में अवगत कराया गया कि निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन में कुल 3,433 मतदाताओं में से 946 मतदाताओं के नाम/विवरण में संशोधन किया गया है। वर्तमान में निर्वाचक नामावली में अभी तक किसी भी मतदाता का परिवर्धन अथवा विलोपन नहीं किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने स्तर से निर्वाचक नामावली का अवलोकन कर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करें, जिससे निर्वाचक नामावली को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके ।बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से दिनांक 01 नवंबर 2025 को आधार मानकर तैयार की गई निर्वाचक नामावली के संबंध में शिकायत अथवा आपत्ति के बारे में जानकारी ली गई। इस पर उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा कोई शिकायत अथवा आपत्ति नहीं होना बताया गया। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं शुचिता बनाए रखने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली का शुद्ध एवं अद्यतन होना स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन की महत्वपूर्ण आधारशिला है। बैठक के अंत में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक का समापन किया गया।

बैठक में नूरूल हुदा आम आदमी पार्टी; राम अवध यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी; केशव नाथ उपाध्याय जिला संयोजक चुनाव प्रबंधन भारतीय जनता पार्टी; देश दीपक मिश्रा, प्रतिनिधि, कांग्रेस; अयोध्यालाल श्रीवास्तव कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी); सुभाष भास्कर बहुजन समाज पार्टी; गौरी शंकर उर्फ बबलू जायसवाल समाजवादी पार्टी सहित उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, ईवीएम के नोडल अधिकारी/ईवीएम गोदाम इंचार्ज, प्रधान सहायक सैयद कमाल असगर रिजवी, प्रजापति, वरिष्ठ सहायक कौशलेश कुमार, वरिष्ठ सहायक शशि कुमार मद्धेशिया, कम्प्यूटर सहायक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेवायोजन, कौशल विकास एवं आईटीआई विभागों की समीक्षा

जिला संवाददाता

*देवरिया, 07 सितंबर।* जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट कार्यकक्ष में श्रम, सेवायोजन, कौशल विकास एवं आईटीआई से जुड़े विभागों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने वाली योजनाओं का प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कौशल विकास एवं आईटीआई युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने वाले महत्वपूर्ण विभाग हैं, इसलिए इनकी सभी गतिविधियों में गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। जिलाधिकारी ने सभी राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि सभी ट्रेडों में प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रशिक्षणार्थियों को उनके संबंधित ट्रेड में दक्ष एवं रोजगारपरक बनाया जाए, ताकि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि केवल प्रशिक्षण देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रशिक्षणार्थियों को बाजार की आवश्यकता के अनुरूप व्यावहारिक एवं तकनीकी दक्षता भी प्रदान की जाए। कौशल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक युवाओं को कौशल विकास की योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनकी रुचि एवं स्थानीय रोजगार की संभावनाओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। आवश्यकी प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया।

# ऑपरेशन के बाद बिगड़ी हालत प्रसूता की मौत, परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा



कुशीनगर। जिले के कसया नगर के नहर बाईपास मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में रविवार को प्रसव के लिए भर्ती कराई गई 30 वर्षीय महिला की ऑपरेशन के कुछ घंटे बाद हालत बिगड़ गई। चिकित्सकों ने उसे

● पुलिस ने समझा-बुझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, नवजात सुरक्षित

गोरखपुर रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। नवजात सुरक्षित बताया जा रहा है ।नगरपालिका परिषद के वार्ड नंबर आठ पंडित राज मंगल पांडेय नगर निवासी दिनेश पासवान की पत्नी सुमन देवी (30) को रविवार सुबह करीब 11 बजे प्रसव के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

चिकित्सकों ने ऑपरेशन किया, जिसके बाद सुमन ने बच्चे को जन्म दिया। परिजनों के अनुसार ऑपरेशन के कुछ घंटे बाद शाम करीब छह बजे उसकी हालत बिगड़ने लगी। चिकित्सकों ने उसे गोरखपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर गोरखपुर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। सूचना पर पहुंची कसया पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई आश्वासन देते हुए समझाकर मामला शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ कसया इत्यानंद पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# टूटी सड़कें ध्वस्त बजबजाती नालियां शहर के भीतरी और नये वार्डो की पहचान बनी

देवरिया । शहर के पाश इलाकों सड़कों बाजारो में चमकती सड़केन, साफ सफाई, जलनिकासी देखकर भले ऐसा लग रहा हो कि देवरिया शहर में नागरिक सुविधाएं चक चौबंद है लेकिन शहर के भीतरी वार्डों खासकर हाल ही में बने नए वार्डों की हालत इससे बिल्कुल उलट दिख रही है ।शहर को दो भागों में बांटने वाली रेलवे लाइन के उत्तर स्थित वार्डों, घनी आबादी वाले राम गुलाम टोला, हाल ही में बने

● गैस ,जलकल की पाइप लाइन के लिये खोदे गए गड्ढे बरसात में बने परेशानी के सबब

पिंडरा, राघवपुर जैसे नए वॉर्डों में नागरिक सुविधा मुंह के बाल गिरी हुई दिख रही है। टूटी खोदी गई सड़केन ,गलियां ध्वस्त नालियां, गालियों रास्तों सड़कों पर बहता गंदा पानी, जल निकास के अभाव में गंदे बरसाती पानी के जमाव और ऊपर से कभी गैस पाइपलाइन और कभी जलकल पाइप लाइनिंग के लिए खोदी ,तोड़ी गई सड़कों रास्तों गलियों के गडढे इस बरसात में जानलेवा साबित हो रहे हैं।

आधुनिक मशीनों मजदूरों के द्वारा वार्ड नंबर 12 ,10 में पिछले महीनो में गैस पाइपलाइन और जलकल पाइप बिछाने के लिए अच्छी भली सड़कों का जैसे सीना ही चिर कर कबाड़ दिया गया हो जिसे अबतक ठीक नही किया जा सका है ।

मजे की बात यह है जिस तेजी से सड़कों को तोड़ा खोदा गया उसे बरसात के पूर्व भरने की जहमत तक नही उठाई गयी है ।गड्ढों के भरने के नाम पर गड्ढा खोदते समय निकली, गिट्टी मिट्टी ईंट के टुकड़ों को ही उसमें भर दिया गया जो बरसात होते ही दब करके नागरिकों के लिए संकट पैदा कर रहे हैं । साफ सफाई के नाम पर सड़कों गलियों के कूड़ा कचरा को वार्ड में ही किसी खाली स्थान पर जमा कर देने से अब इनके सड़ने और पानी के साथ बहने से संक्रामक रोगों के फैलने की संभावना भी बढ़ गई है। प्रकाश के लिए लगाए गए लाइट जगह-जगह खराब है ।वार्ड वासियों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों और प्रतिनिधियों द्वारा वार्डों का भ्रमण न करने और इनको उपेक्षित छोड़ देने से वार्डों की हालत ग्रामीण क्षेत्र से भी बदतर हो गई है ।ग्रामीण क्षेत्रो से आकर शहर में नई मकान बनाकर बिजली पानी सड़क की सुविधा की आस लगाए लोग इन दोनों कीचड़ पानी में आने जाने को मजबूर हैं और अधिकारियों को कोसने में लगे हैं ।टूटी नालियों और सफाई के अभाव में जल निकासी की समस्या बनी हुई है ।नए वार्ड में नालियों के अभाव में सड़कों पर पानी बह रहा है इसके कारण घरों के आसपास गंदा पानी जमा हो गया है।

सड़कों पर बेरोकटोक अवरोध मनमाने अतिक्रमण से जगह-जगह नालियां जाम है नालियों के ढक्कन टूटने से सफाई कर्मचारी भी परेशान है।

वार्ड वासियों का कहना है कि विभागीय अधिकारी वार्डों का स्थलीय निरीक्षण, भ्रमण करते तो उनको सच्चाई की जानकारी होती और तोड़ी खोदी सड़को ,गलियों, टूटी बजबजाती नालियों, गन्दे पानी के जमाव से नागरिकों को हो रही परेशानियों की वास्तविकता का पता चलता ।

# वैश्विक चुनौतियां

भारत का जीडीपी डाटा जो चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का सामने आया है, उससे स्पष्ट है कि भारत की आर्थिक प्रगति दर फिलहाल ठीक-ठाक है। अभी तक भू-राजनीतिक संकट से प्रगति दर बहुत अधिक प्रभावित नहीं हुई है, लेकिन इसके प्रभाव आने वाले दिनों में गंभीर हो सकते हैं, क्योंकि मध्यपूर्व संकट ज्यों का त्यों बरकरार है। क्रूड ऑयल लगातार 90 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बना हुआ है। इससे चालू खाते का घाटा और महंगाई बढ़ने तथा रुपये के और गिरने का खतरा बना हुआ है। अधिकारिक आंकड़ों में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.8 फीसदी की मजबूत दर से बढ़ने की पुष्टि के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर देशवासियों से विदेश में छुट्टियों पर जाने और गैर-जरूरी सोने की खरीद से बचने की अपील की। यह अपील एक तरह से भारत के वृहद आर्थिक प्रबंधन की जटिलता को उजागर करती है। भारतीय रिजर्व बैंक की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, पहली तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा 4.2 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.5 फीसदी रहा। अलग से देखें तो इसे एक सीमित घाटा कहा जा सकता है। भारत में आमतौर पर चालू खाता घाटे की भरपाई विदेशी निवेश से होती है जो घरेलू बचत का पूरक बनता है। यद्यपि इस तिमाही में पूंजी खाते में भी 3.9 अरब डॉलर का शुद्ध बहिर्गमन दर्ज हुआ जिसका मुख्य कारण पोर्टफोलियो निवेश का बाहर जाना रहा। परिणाम स्वरूप भुगतान संतुलन घाटे में चला गया। भुगतान संतुलन में लगातार बना रहने वाला घाटा मुद्रा पर दबाव डाल सकता है और अन्य वृहद आर्थिक जोखिमों को जन्म दे सकता है। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि पिछले दो वित्त वर्षों के दौरान भुगतान संतुलन घाटे में रहा है। ईरान युद्ध और ऊर्जा आपूर्ति में आये व्यवधानों के कारण कीमतें बढ़ीं, जिससे चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका पैदा हुई। पश्चिम एशिया में तनाव समेत कई कारणों से पूंजी प्रवाह पर दबाव था। ऐसे में इस वर्ष भी भुगतान संतुलन के घाटे में रहने की आशंका थी। इस स्थिति को देखते हुए रिजर्व बैंक ने जून में विदेशी मुद्रा स्वैप योजना शुरू की, जिसमें विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक), यानी एफसीएनआर (बी) जमा भी शामिल थे। इस योजना को अपेक्षा से बेहतर समर्थन मिला है। इसके चलते रिजर्व बैंक ने एफसीएनआर (बी) के लिए योजना को समय से पहले बंद करने का फैसला किया। आंकड़े दिखाते हैं कि बैंकों ने इस योजना के तहत 136 अरब डॉलर से अधिक की धनराशि जुटायी है। इसलिए दूसरी तिमाही के आंकड़ों में भुगतान संतुलन का बड़ा अधिशेष दिखने की संभावना है। यह ध्यान रखना जरूरी है कि यह अधिशेष निकट और मध्यम अवधि की चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा लेकिन भारत की मूल समस्या का समाधान नहीं करेगा। वह समस्या है पर्याप्त और स्थिर विदेशी निवेश नहीं आना। मसलन, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 2025 की शुरूआत से अब तक भारतीय शेयरों में 42 अरब डॉलर से अधिक की बिकवाली की है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत को शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के रूप में 6.1 अरब डॉलर मिले। इन आंकड़ों पर्याप्त वृद्धि जरूरी है। बताया जाता है कि सरकार द्विपक्षीय निवेश संधियों (बीआईटी) के लिए बेहतर ढांचे पर काम कर रही है। उसे इसे जल्द घोषित करना चाहिए और विदेशी निवेशकों की आशंकाओं को दूर करना चाहिए। एफसीएनआर (बी) के माध्यम से हुआ पूंजी प्रवाह उत्साहजनक है और इससे बाहरी क्षेत्र की तात्कालिक समस्याओं से निपटने में मदद मिलेगी लेकिन इससे दूसरी तरह की जटिलताएं भी पैदा हो रही हैं। व्यवस्था में अधिशेष नकदी 6.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है जो अप्रैल 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। केंद्रीय बैंक परिवर्तनशील दर रिवर्स रेपो नीलामी के जरिये अतिरिक्त नकदी को कम करने में बहुत सफल नहीं रहा है। अगर यह लंबे समय तक बनी रहती है, तो मुद्रास्फीति का प्रबंधन चुनौतीपूर्ण हो जायेगी।




भारत की प्रगति दर फिलहाल ठीकठाक बनी हुई है लेकिन अगर वैश्विक चुनौतियां बनी रहीं, तो समस्या बढ़ सकती है।

विचार

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

–मेंगून.

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश–यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

–बृंद.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

–चिलो.

# आपदाओं से बचाव का करें स्थायी इंतजाम

नरेंद्र शर्मा

जब हर साल भारत में बाढ़ एक आपदा बनकर आती है, तो आजादी से अब तक करीब 78 सालों में विभिन्न सरकारों ने इससे निपटने का कोई स्थायी इंतजाम क्यों नहीं किया? क्या इसकी वजह यह है कि मौसमी आपदा से शासन-प्रशासन में बैठे बहुत से लोगों को अच्छी खासी कमाई हो जाती है?

भारत के सबसे निकटतम पड़ोसी नेपाल में आये भयानक बाढ़ से हुई तबाही, विध्वंस और मानवीय त्रासदी पर दुनियाभर के पर्यावरण विशेषज्ञ गंभीर विमर्श कर रहे हैं। लेकिन नेपाल जैसी स्थितियां भारत में भी मौजूद हैं। यहां हर वर्ष बाढ़, भूस्खलन, क्लाउड ब्रस्ट की घटनाएं होती हैं। इसलिए भारत में इस पर गंभीर चिंतन की जरूरत है। गत वर्ष बाढ़, भू-स्खलन, बादल फटने और बिजली आदि गिरने से देश में हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई। जिसमें सबसे ज्यादा मौतें उत्तराखंड, हिमाचल, असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा, मध्य प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र आदि में हुईं। अगर देश के अलग अलग राज्यों के अनुमानित नुकसान को समग्रता में देखा जाए, तो लगभग बीस हजार करोड़ रुपये का नुकसान बीते साल मानसून के दौरान हुआ। बारिश का पैटर्न ज्यादातर राज्यों में बहुत स्ट्रांग था और जिन राज्यों में कमजोर था, वहां बारिश न होने से कई सौ करोड़ रुपये के नुकसान का भी अनुमान था।

सवाल है जब हर साल भारत में बाढ़ एक आपदा बनकर आती है, तो आजादी से अब तक करीब 78 सालों में विभिन्न सरकारों ने इससे निपटने का कोई स्थायी इंतजाम क्यों नहीं किया? क्या इसकी वजह यह है कि इस मौसमी आपदा से शासन-प्रशासन में बैठे बहुत से लोगों को अच्छी खासी कमाई हो जाती है? ये लोग मालामाल हो जाते हैं? इसलिए हर साल हजारों जानें, जाने और करोड़ों अरबों रुपये का नुकसान होने के बावजूद देश में शासक प्रशासक वर्ग इस आपदा को गंभीरता से नहीं लेते? कहीं इसके पीछे राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी तो नहीं है? बाढ़ से जुड़ी योजनाएं अकसर लंबी अवधि की होती हैं और इनका चुनावों में किसी तरह का फायदा नहीं मिलता, क्योंकि बारिश के तुरंत बाद या बारिश के आसपास कभी चुनाव नहीं होते। आम चुनाव आमतौर पर या तो मार्च, अप्रैल में होते हैं या सर्दियों में और भारत में किसी भी आपदा को भुलाने के लिए 60 से 90 दिन बहुत होते हैं। बाढ़ से जो विभीषिका पैदा होती है, जनधन की हानि होती है, उसका कोई असर चुनावों पर नहीं पड़ता और अगर चुनाव का साल न हो, तब तो बाढ़ जैसी परेशानियों के बारे में सोचा भी नहीं जाता।



चिंतन

सवाल है क्या साल 2025 में जून और जुलाई के पहले हफ्ते में जो सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है, उसके कारण देश की अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ या नुकसान। इससे भी बड़ी बात है कि जो नुकसान हुआ होगा, क्या उसके बारे में अगली बार नुकसान न हो, ऐसा गंभीरता से सोचा जायेगा? या फिर जैसे पिछले लगभग 78 सालों से चला आ रहा है, वैसा ही रूटीन साल होगा? याद रखिए, अगर हम बाढ़ को लेकर इतना ही उदासीन रहे, तो सन 2047 तक हम भारत को विकसित बनाने का जो ख्वाब देखते हैं, वह ख्वाब ही रह सकता है। यह समस्या भले अपने अपने फायदों के कारण शासन-प्रशासन में महत्वपूर्ण जगहों पर बैठे लोग न समझते हों, लेकिन देश के आम लोग जो इस बाढ़ से हर साल पीड़ित होते हैं, वो बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। इसलिए साल 2025 की सामान्य से बेहतर बारिश खुशियों के साथ जो समस्याओं पुलिंदा लेकर आयी थी, उसके बारे में अब गंभीरता से सोचना होगा, नहीं तो इस आपदा को लेकर हमारा यह चालू रवैय्या हमें हमेशा के लिए इसके साथ नत्थी कर देगा।

हम सब जानते हैं कि भारत आज भी मूलतः कृषि प्रधान देश है। भले हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया में चौथे पायदान पर पहुंच गई हो और इस अर्थव्यवस्था में कृषि की हिस्सेदारी सिर्फ 18.2 फीसदी हो, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश की अभी भी 42 फीसदी आबादी सीधे तौर पर और करीब 10 फीसदी आबादी अप्रत्यक्ष तौर पर कृषि पर ही निर्भर है। इस तरह देखें तो खेती अभी भी आधे से ज्यादा भारतीयों की जीविका है। हमारे यहां बारिश का होना इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज भी आधे से ज्यादा खेती मानसून पर ही टिकी है और देश में पेयजल का भी 60 फीसदी से ज्यादा आधार बारिश का पानी ही है। इसके अलावा देश में जो जलविद्युत बनती है, उसके लिए भी बारिश का होना बहुत जरूरी है। इसलिए भारत जैसे देश में मानसून का जल्दी आना जैसे इस साल आया अच्छी खबर मानी जाती है। मौसम विभाग के अनुसार बीते साल जून से सितंबर के बीच 106 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई। बारिश की सामान्य परिभाषा में 87 सेंटीमीटर का दीर्घकालिक औसत के 96 से 104 प्रतिशत के बीच माना जाता है।

इस बार अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है। जबकि कुछ क्षेत्रों में बारिश कुछ कम भी हो सकती है, जिनमें बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िसा के कुछ हिस्से, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे राज्य शामिल हैं। सवाल है क्या यह औसत से ज्यादा बारिश का अनुमान खेती के लिए खुशहाली की सूचना है? इसका जवाब 'हां' में भी है और 'न' में भी। क्योंकि अनुभव बताता है कि ज्यादा बारिश अपने यहां दुधारी तलवार की तरह है। यह खेती के लिए खुशखबरी भी हो सकती है और कई बार यह खेती के लिए परेशानी का सबब भी बनती है। बीते साल करीब 10 दिन पहले मानसून सक्रिय हो गया, इसलिए जुलाई के महीने में होने वाली खरीफ फसल बुआई का रकबा पिछले साल के मुकाबले 11.3 फीसदी बढ़ गया और जून की आखिरी तारीख तक ही 26.2 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ की बुआई हो चुकी थी। विशेषकर धान, सोयाबीन और तिलहनों का रकबा बढ़ा है। बुआई के साथ साथ जलाशयों, नदियों और भूमिगत जल के स्तर में तेजी से पुनर्भरण हुआ है, जिससे रबी की फसल में आम सालों की तरह सिंचाई की कम जरूरत पड़ी। यही नहीं जून और मई के महीनों में औसत से कम गर्मी पड़ी है। मध्य भारत में विशेष तौरपर तापमान 4 डिग्री तक कम रहा है, जिससे गत वर्ष भीषण गर्मी वाले दिन यानी 'नौतपा' भी बाकी सालों के मुकाबले कम गर्म रहे। इस तरह मध्य भारत को बीते साल गर्मी से किसी हद तक छुटकारा मिला था। इस साल मानसून कैसा रहेगा? कितनी गर्मी पड़ेगी इस संदर्भ में आईएमडी के अनुमान अभी आने हैं। लेकिन समय से पहले बारिश आने से सबकुछ अच्छा-अच्छा ही नहीं सोचा जा सकता।

गुजरात में बीते साल 135 फीसदी तक यानी सामान्य से 30 फीसदी ज्यादा बारिश हुई। चूंकि इतनी ज्यादा बारिश महज 20 दिनों के अंतराल में हुई, इसलिए इसकी तीव्रता, बारिश के पानी का प्रवाह फसलों के लिए फायदेमंद नहीं रहा। गुजरात में ही नहीं महाराष्ट्र के पुणे और मराठवाड़ा जिले में भी ज्यादा बारिश के कारण ज्वार, बाजरा, मूंगफली जैसी फसलों का 60 से 70 फीसदी तक नुकसान हुआ। इन सब बातों को देखते हुए अगर साल 2025 में कम या ज्यादा के होने वाले नुकसानों के प्रति संवेदनशील नहीं हुए तो आने वाले वर्षों में हमारे लिए यह लापरवाही बहुत भरी साबित होगी। देश में विशेषकर उत्तर और पश्चिम भारत में गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है। अप्रैल के पहले हफ्ते तक गर्मी सामान्य रही है, लेकिन गर्मी, वर्षा और सर्दी कब करवट बदल ले कुछ कह नहीं सकते हैं। इसलिए सरकार को प्राकृतिक आपदाओं और मौसम की प्रतिकूलता से बचाव के लिए स्थायी उपाय विकसित करना होगा। अन्यथा प्राकृतिक आपदायें बड़ी जन-धन हानि का कारण बनती रहेंगी।

सोशल मीडिया

कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के नाराज फूफाओं को होम्योपैथी वाली मीठी और शांति दवा दी, लेकिन उसका असर ऐलोपैथी की हाई एंटीबायोटिक की तरह हुआ। नितिन नवीन.



हर बार बीजेपी सरकार का वही शर्मनाक पैटर्न, हादसे से पहले रोकथाम नहीं, उसके बाद बयान बाजी। छोटे अफसरों पर जवाबदेही मढ़ दी जाती है और असली बचे रहते हैं। राहुल गांधी



ये है 'भारतीय जनता पार्टी कालीन विकास'। सुना तो ये था कि दरारों को कालीनों से ढका जाता है, लेकिन यहां तो गंगा एक्सप्रेस वे के भ्रष्टाचार के गड्ढे ढके जा रहे हैं। अखिलेश यादव.



# आत्मशोधन का महत्व

ईश्वर ने मनुष्यको विशिष्ट जीव बनाया है। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

अंतर्दृष्टि

# गरीबी निवारण कार्यक्रम


व्यंग्यलोक

सरकारों ने भरसक प्रयत्न किया था कि देश में समाजवाद आ जाये, परन्तु पता नहीं कैसे नहीं आया। इसमें कुछ समाजवाद की भी गलती है कि यह हमारे देश में जाने क्यों आना ही नहीं चाहता, जबकि हमारे यहाँ तो समाजवादी भी हैं और समाजवादी पार्टी भी। मुझे लगता है कि यदि इसी तरह लगे रहे तो वह दिन दूर नहीं है, जब समाजवाद हर क्षेत्र में आ ही जायेगा। समाजवाद का अर्थ अब अमीर-गरीब की खाई को पाटना भर नहीं है, अपितु हर क्षेत्र में हर नागरिक को समान रूप से कार्य करने का अधिकार मिल जाये तो यह भी समाजवाद ही है। इधर सांसद भी समाजवाद की ओर अग्रसर हो गये हैं, पहले केवल काम करने की रिश्वत सरकारी कर्मचारी ही लेता था, लेकिन अब सांसद, मंत्री और तमाम राजनेता इस ओर पूरी ईमानदारी से चेष्टा कर रहे हैं। यदि रिश्वत सार्वजनिक हो जाती है तो यह समाजवाद ही है। सभी को रिश्वत लेने का अवसर हाथ लग जाये और उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो तो यह हमारे लिए समाजवाद के सन्निकट ले जाती है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की प्रासंगिकता बिलकुल नहीं रही है। जांच आयोगों का हश्र हम लोग देख ही रहे हैं। रिश्वतखोर, घोटालेबाज तथा दलालों को समान दृष्टि से देखा जाना ही समाजवाद का पर्याय है। युग बदला है तो समाजवाद के मायने भी बदल गये हैं। समाजवाद अब हर कोई लाने पर उतारू है। सरकार का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं है और सबको सभी की मेहनत का फल बराबरी से मिल रहा है। अब लोग कर्तव्यों को भूलकर अपने अधिकारों के प्रति इतने जागृत हो गये हैं कि समाजवाद का सा वातावरण सब ओर दिख रहा है। अब समाजवाद को कहीं से उधार लाने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमारी सरकारें भी सबको समान अवसर देने का संकल्प कर चुकी हैं। मनमानी को ही लें, हर नागरिक इसे तहेदिल से अपना चुका है और मनमानी में लगभग समाजवाद पूरी तरह आ चुका है। पुलिस और चोर मिलकर एक बीड़ी फूंक रहे हैं। राजनेता बाहुबलियों को लेकर सत्तातंत्र पर हावी हैं। डॉन से दोस्ती रखना गर्व की बात मानी जाने लगी है और वे मिल-बैठकर अपनी स्वार्थ सिद्धी में लगे हैं। यह हमारे समाजवाद का ही प्रतिफल है। जो लोग बीपीएल हैं, उनके बारे में तो बात करना ही बेमानी है। ये लोग इतने ढ़ीठ हो गये हैं कि आजादी के छह दशक बाद भी अपने आप को नहीं उठा सके हैं। इनके कारण बड़ा शर्मिन्दा होना पड़ता है। वरना सरकार ने तो गरीबी हटाओ का कार्यक्रम इतने जोरों से चला रखा है कि इसे अब तक ऊपर आ जाना ही चाहिए था। गरीबी मिटाते-मिटाते नेता अमीर हो गये, लेकिन इन गरीबों की गरीबी अभी तक भी इनका पीछा नहीं छोड़ रही।



पूरन सरमा

# क्या महिलाओं को अधिक नींद की जरूरत होती है



स्वास्थ्य

डॉ.माजिद अलीम

विभिन्न अध्ययनों से यह बात स्पष्ट हुई है कि महिला पुरुषों की तुलना में औसतन अधिक नींद लेती हैं। साल 2022 में किये गये एक बड़े वैश्विक अध्ययन में जिनमें 70 हजार महिलाओं का डेटा शामिल किया गया था, इस अध्ययन के नतीजों के अनुसार हर उम्र की महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में ज्यादा नींद ली थी। 40 से 44 साल की महिलाओं ने इस बात को स्वीकार किया कि वे पुरुषों की तुलना में 20 से 30 मिनट ज्यादा नींद लेती हैं। कुछ अन्य अध्ययनों के आधार पर महिला और पुरुषों के नींद की गुणवत्ता पर भी जब ध्यान दिया गया तो उसमें यह तथ्य सामने आया कि पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को ज्यादा गहरी और आरामदायक नींद की जरूरत होती है और वो जितना गहरी नींद लेती हैं, उतना ही उनकी कार्यक्षमता में बढ़ोत्तरी होती है। स्वस्थ रहने के लिए हमें कम से कम 7-8 घंटे की नींद लेनी चाहिए, ऐसा कहा जाता है। लेकिन महिलाओं को इतनी नींद लेने के बावजूद भी सुबह उठते समय थकावट महसूस होती है और उन्हें लगता है कि उनकी नींद पूरी नहीं हुई और उन्हें थोड़ा और सोना चाहिए। वहीं पुरुष 7-8 घंटे की नींद से ही अच्छी तरह से काम कर लेते हैं।

### अच्छी नींद क्यों जरूरी है?

अच्छी नींद हमारी कार्यक्षमता में वृद्धि करती है और हमारे दिल के स्वास्थ्य और पाचनशक्ति को दुरुस्त करने के लिए और हमारी त्वचा और बालों की गुणवत्ता में भी सुधार लाती है। अच्छी नींद लेने से चिंता और अवसाद कम होता है और घर हो या बाहर हम काम में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। क्योंकि नींद के दौरान हमारे शरीर में उत्तकों की मरम्मत और मांसपेशियों की वृद्धि होती है।

### नींद की कमी के नतीजे

अगर महिलाओं को पर्याप्त नींद न मिले तो उनमें हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, दिल की बीमारियां और स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। इससे उनकी मेंटल हेल्थ पर भी बुरा असर होता है। नींद की कमी से तनाव, गुस्सा, उदासी और चिंता होती है। नींद की कमी से थकान बढ़ती है और काम में मन नहीं लगता। लंबे समय तक नींद कम लेने से मासिक चक्र गड़बड़ा जाता है और प्रजनन क्षमता पर भी बुरा असर होता है। यही वजह है कि महिलाओं के लिए अच्छी नींद लेना बेहद जरूरी है। क्योंकि इसी से उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सही रहता है।

### नींद का बदलता पैटर्न

नवजात शिशु या छोटे बच्चों को शारीरिक वृद्धि के लिए अधिक नींद की जरूरत होती है और वयस्क व्यक्ति को 7 से 8 घंटे की नींद चाहिए। हालांकि उम्र के साथ नींद का पैटर्न भी बदल जाता है और धीरे-धीरे गहरी नींद के कुल घंटे कम हो जाते हैं। 40 वर्ष की आयु के बाद महिला हो या पुरुष उनकी नींद के पैटर्न में परिवर्तन हो जाते हैं। विभिन्न शोधों से भी यह बात पता चलती है कि महिलाएं चूंकि दिनभर शारीरिक श्रम ज्यादा करती हैं, अपनी दैनिक गतिविधियों से उपजी थकान मिटाने के लिए महिलाओं को पुरुषों की तुलना में ज्यादा नींद की जरूरत होती है। क्योंकि महिलाओं की मस्तिष्क की संरचना पुरुषों की तुलना अलग और जटिल होती है। महिलाएं एक साथ कई कार्य करने और एक ही समय में अपनी बुद्धि का कई कामों के लिए इस्तेमाल करने के लिए जानी जाती हैं। यही वजह है कि उन्हें शारीरिक और मानसिक थकान ज्यादा लगती है और पुरुषों की तुलना में उन्हें ज्यादा नींद की जरूरत होती है।

इसके अलावा महिलाओं में पुरुषों की तुलना में तनाव, चिंता, अवसाद के कारण अनिंद्रा की समस्या होने की ज्यादा संभावना होती है। भले ही महिलाओं को पुरुषों की तुलना में ज्यादा नींद की जरूरत हो, इसके बावजूद महिलाओं में अनिंद्रा का खतरा पुरुषों की तुलना में 40 प्रतिशत ज्यादा होता है। विभिन्न अध्ययन भी इस बात का खुलासा करते हैं कि अधिक नींद लेने के बावजूद नींद में बार-बार व्यवधान और गड़बड़ी के कारण पुरुषों की तुलना में महिलाओं में नींद की गुणवत्ता कम हो जाती है, जिसकी एक वजह महिलाओं की नींद पर उनमें हार्मोन्स का बदलाव भी मायने रखता है। मासिक धर्म के दौरान एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हामोनों में उतार-चढ़ाव भी महिलाओं में नींद के पैटर्न को बाधित करते हैं। इसके अलावा गर्भावस्था में हार्मोनल परिवर्तन और शरीर में होने वाले बदलावों के कारण भी उनके नींद के पैटर्न में बदलाव आ जाता है। मोनोपॉज के दौरान भी महिलाओं के शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव उनकी नींद को प्रभावित करते हैं।

## आप की बात

### रोजगार सृजन की चुनौती

युवाओं के लिए उपयुक्त रोजगार का सृजन कर उनको राष्ट्र निर्माण से जोड़ना फिलहाल देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हर साल एक करोड़ से अधिक युवा कालेजों से ग्रेजुएट्स होकर निकल रहे हैं और इस लिहाज से देखा जाये तो देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन ही है। जहां देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन है, तो देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। बेशक एक युवा जब कालेज से निकलता है तो उससे उसके परिवार की, उसकी खुद की और समाज की बहुत सारी उम्मीदें होती हैं और इन उम्मीदों और दायित्वों का पूरा होना तभी संभव है जब उसके पास या तो कोई नौकरी हो अथवा व्यवसाय। किसी काम धंधे में नियोजित होकर ही व्यक्ति राष्ट्र निर्माण में अपना सम्यक योगदान दे सकता है। इस संदर्भ में यह बात उत्साह बढ़ाने वाली है कि इस रोजगार कालेज से निकलने वाले युवाओं की भर्तियां बढ़ी हैं। फ्रेशर्स हायरिंग में वृद्धि यह बताती है कि धीरे-धीरे रोजगार का बाजार सुधर रहा है, नयी नौकरियां सृजित हो रही हैं। लेकिन यह जरूरी है कि अब रोजगार का स्वरूप बदल रहा है। कुछ समय पूर्व एक सर्वे में यह बात सामने आयी थी कि अगले छह-सात वर्षों में करोड़ों नौकरियां खत्म हो जायेंगी जो मुख्यतः क्लर्क, कैशियर, लिखा-पढ़ी जैसे साधारण प्रकृति के कामों से जुड़ी होंगी। इसी तरह एप आधारित गिग जॉब, एआई, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में रोजगार बाजार में सुधार देखने को मिलेगा।

दरअसल प्रौद्योगिकी के अत्यधिक उपयोग से रोजगार संकुचन की जो बात कही जा रही है उसमें बहुत सचाई नहीं है। हम आईटी सेक्टर को लेकर ही देखें तो आईटी क्रांति से नयी-नयी नौकरियां पैदा हुई हैं, देश की जीडीपी और निर्यात में इजाफा हुआ है और बड़े पैमाने पर रोजगार के मौके भी पैदा हुए हैं। ऐसे में जब एआई जैसी तकनीक आमतौर पर इस्तेमाल होने लगेगी, तो रोजगार का स्वरूप जरूरत बदल सकता है लेकिन रोजगार के मौके कम होने की बात सही नहीं लगती। युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुकूल स्किल्ड करना तो जरूरी होगा अन्यथा सामान्य युवा को रोजगार मिलना कठिन हो जायेगा। प्रौद्योगिकी के इस युग में रोजगार भी उन्हीं लोगों को मिलेगा जो प्रौद्योगिकी में दक्ष होंगे। इसलिए नये विकसित होते क्षेत्रों में स्किल्ड युवाओं को तैयार करने के लिए शिक्षा और बेहतर प्रशिक्षण जरूरी है।

**विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

### समावेशी विकास

भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

संक्षेप

## तहसीलों में प्राइवेट दलाल, मुंशी कल्चर हावी

**बांदा**। तहसील अतर्रा के बल्लान गांव में अतिवृष्टि के चलते घरगिरी के सर्वे का वीडियो वायरल होने के कुछ दिन पहले फेसबुक पर जिले की सदर तहसील में लेखपालों के नाम पर पैसा लेने वाले मुंशियों के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल हुई थी। इस पोस्ट में तहसीलों के नाम पर तहसीलों में घूमने वाले प्राइवेट लोगों के द्वारा लेखपालों के माध्यम से काम कराने की एवज में सुविधाशुल्क की अवैध वसूली की बात कही गई थी। हालांकि बल्लान में वीडियो वायरल होने के बाद उपजिलाधिकारी अतर्रा ने इसका संज्ञान लेकर लेखपाल को तत्काल निलंबित कर दिया है। तहसीलों में इस तरह की घटनाओं को लेकर समाजसेवियों में खासा रोष है। उनका कहना है कि तहसील कार्यालय में कुछ प्राइवेट लोग पेशकारों के बगल में ही कुर्सी लगाकर बैठते हैं और काम कराने के नाम पर अवैध वसूली करते हैं। ऐसे में स्थिति यह है कि असली कर्मचारी और प्राइवेट दलालों के बीच का अंतर पहचानना मुश्किल हो गया है। प्रशासन के औचक निरीक्षण और छापामारी से इन प्राइवेट दलालों की धरपकड़ किया जाना बेहद जरूरी है। समाजसेवियों का कहना है कि जब तक दफ्तरों में कुर्सियां लगाकर बैठने वाले प्राइवेट दलाल नहीं पकड़े जाएंगे तब तक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना संभव नहीं है।

## जलभराव व जर्जर रास्ते से खंभापुर बेहाल

**फतेहपुर**। नगर पालिका क्षेत्र फतेहपुर के वार्ड नंबर 4 खंभापुर, राधा नगर थाना के पश्चिम, ग्लोबल पब्लिक स्कूल के पास में जलभराव और पक्के रास्ते के अभाव में स्थानीय लोगों का जीना मुहाल हो गया है। समस्या से परेशान होकर मोहल्ला वासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को पत्र सौंपकर स्थायी समाधान की गुहार लगाई है। मोहल्ला वासियों के अनुसार इलाके में लगभग 50 से 60 मकान बने हुए हैं। उचित जल निकासी (ड्रेनेज) और पक्की सड़क न होने के कारण पूरे क्षेत्र में आए दिन भारी जलभराव की स्थिति बनी रहती है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है, जिन्हें रोजाना गंदे पानी और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। ज्ञापन में निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जल निकासी और सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं कराया गया, तो संक्रामक बीमारियों का खतरा और अधिक बढ़ जाएगा। इस दौरान पत्र सौंपने वालों में अनीता देवी, रामशरण, विभा शर्मा, आशा देवी, फूल कुमारी, दुर्गा प्रसाद, विमलेश, दिनेश, हिमांशु सिंह, दीपक निषाद, जितेन्द्र कुमार, मनोरमा, सविता देवी, जमुना देवी, मोहित कुमार समेत अन्य स्थानीय लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## गडढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**महोबा**। चरखारी कोतवाली क्षेत्र के रिवई गांव में रविवार शाम एक हृदय विदारक हादसा हो गया। मॉडल स्कूल के पीछे बने गहरे गड्ढे में भरे पानी में डूबने से तीन बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया। मृतकों की पहचान अंशुल पुत्र खलक उम्र 10 वर्ष, रोशनी पुत्री जियालाल उम्र 11 वर्ष एवं प्रिंस पुत्र मनोज कुमार उम्र 11 वर्ष के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों बच्चे खेलते-खेलते स्कूल के पीछे बने गड्ढे के पास चले गए थे और गहरे पानी में डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी सुजीत जायसवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शवों को पानी से बाहर निकाला जा सका, बच्चों के शव देखकर पूरे गांव में हाहाकार मच गया। चरखारी एसडीएम एवं सीओ ने घटनास्थ का निरीक्षण किया और बच्चों के परिजनों को ढाढ़स बंधाया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बच्चों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उक्त घटना के संबंध मे आज दिनांक 7 सितंबर 2026 को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया व पीडित परिवारों के परिजनों को सांत्वना दी व दैवीय आपदा के तहत तत्काल 24 घण्टे के अंदर सहायता राशि दिलाये जाने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया।

# हनीट्रैप गैंग का पर्दाफाश



जिला संवाददाता (वीओएल)

**बिजनौर**। हनीट्रैप में फसाकर झूठा मुकदमा लिखाने के बाद ब्लैकमेलिंग के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने प्रेसवार्ता कर घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपी शातिर किस्म के अपराधी है जिनके खिलाफ विभिन्न थानों में संगीन धाराओं में मुकदमें दर्ज है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस लाइन के सभागार में

●3 महिलाएं सहित 5 गिरफ्तार

सोमवार को प्रेसवार्ता के दौरान घटना का खुलासा करते हुए बताया कि वादी मौहम्मद अहसान पुत्र अल्लादिया निवासी मौ0 काजीपाडा उमर कालोनी थाना कोतवाली शहर बिजनौर द्वारा थाना कोतवाली शहर पर दी गई तहरीर में बताया कि आरोपीगण गुडडी पत्नी मूलचन्द निवासी लडापुरा थाना कोतवाली नगर, कुन्ती पत्नी ओमप्रकाश निवासी मौ0 कस्सावान बी-2 थाना कोतवाली नगर, जुल्फेकार उर्फ बब्बू लंगडा पुत्र अय्यूब निवासी चांदपुर की चुंगी जन्नत कालोनी थाना कोतवाली नगर बिजनौर, अफजाल पुत्र कफील निवासी भागूवाला थाना मण्डावली बिजनौर, पारूल पुत्री मूलचन्द निवासी लड़ापुरा थाना कोतवाली नगर बिजनौर, रामकली पत्नी वीरेन्द्र निवासी कस्वा व थाना कोतवाली नगर बिजनौर, प्रीति पुत्री विरेन्द्र निवासी कस्बा व थाना कोतवाली नगर बिजनौर, अन्नु पुत्री योगेश निवासी मौ0 रेती-थाना किरतपुर बिजनौर व अज्ञात द्वारा वादी को झूठे मुकदमे में फँसाने और अभियुक्तगणों द्वारा मुकदमा वापस लेने के लिये उससे रूपयों की मांग की गयी। थाना कोतवाली शहर पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबन्धित धाराओं में पंजीकृत किया। इसके अलावा थाना नूरपुर पर भी उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्तगण के विरुद्ध बीएनएस की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

पुलिस द्वारा जांच के बाद सबूतों के आधार पर मुकदमें में नामजद अभियुक्तगण जुल्फेकार उर्फ बब्बू लंगडा, अफजाल, गुड्डी, कुन्ती एवं प्रीति को गिरफ्तार किया गया। विवेचना के दौरान अन्य जो भी व्यक्ति प्रकाश में आएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई बताया कि पुलिस जांच में यह भी प्रकाश में आया कि मुख्य अभियुक्त जुल्फेकार उर्फ बब्बू लंगड़ा एक संगठित गिरोह का संचालन करता था, जिसमें अभियुक्तगण अफजाल, गुड्डी, कुन्ती, प्रीति तथा अन्य सहयोगी शामिल थे। गिरोह द्वारा विभिन्न व्यक्तियों के आपसी विवाद, पुरानी रंजिश एवं अन्य प्रकरणों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें अपने प्रभाव में लेकर सुनियोजित ढंग से दबाव बनाया जाता था। समझौता करने के लिए डरा-धमकाकर धनराशि एवं अन्य अनुचित लाभ की मांग की जाती थी। मांग पूरी न होने अथवा शर्तें स्वीकार न करने पर गिरोह से संबंधित महिलाओं एवं अन्य सहयोगियों के माध्यम से विभिन्न थानों एवं जनपदों में गंभीर प्रकृति के अभियोग पंजीकृत कराए जाते तथा विभिन्न न्यायालयों में परिवाद प्रस्तुत किए जाते थे। इनमें बलात्कार, सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट एवं एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं के प्रकरण होना भी प्रकाश में आया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपीगण शातिर किस्म अपराधी है जिनका काफी लंबा अपराधिक इतिहास है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक सचिन मलिक, थानाध्यक्ष अवनीत मान, उ0नि0 शौकत अली सर्विलांस सैल मय टीम, उ0नि0 विपिन ढेडा, म0उ0नि0 ममता, हे0का0 जोगिन्द्र कुमार का0 दिलशाद चैधरी सचिन, आकाश, विशाल तोमर, मोनू, अक्षय कुमार, गौरव कुमार, हिमांशु कुमार, राहुल कुमार, म0का0 भारती, काजल, सृष्टि थाना कोतवाली शहर शामिल रहे।

## तेजस मामले में बजरंग सेना ने मांगा न्याय

**फतेहपुर**। सरस्वती बाल मंदिर इण्टर कालेज शिवपुरम-हरिहरगंज के मृतक छात्र तेजस द्विवेदी उर्फ यशु के परिजनों को उचित न्याय और मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर बजरंग सेना ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन प्रेषित कर पुलिस और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। बजरंग सेना के जिलाध्यक्ष ठाकुर चन्दन सिंह राणा के नेतृत्व में भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि छात्र की मौत के मामले में अब तक न तो उचित कार्रवाई हुई है और न ही पीड़ित परिवार को मुआवजा मिला है, जिससे हिंदू समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। बजरंग सेना की प्रमुख मांगों में न्याय व मुआवजा के साथ पीड़ित परिवार को उचित न्याय के साथ-साथ वित्तीय मुआवजा प्रदान किया जाए। साथ ही सरकारी नौकरी की मांग उठी है, कहा गया कि परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। वहीं फरार प्रबंधक की गिरफ्तारी जल्द की जाए। मामले में फरार चल रहे विद्यालय प्रबंधक को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और सरकारी अवकाश के दिन भी स्कूल खोले जाने के आरोप में उचित और सख्त कानूनी धाराएं बढ़ाई जाएं। एक सप्ताह का अल्टीमेटम बजरंग सेना ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन एक सप्ताह के भीतर उनकी ये मांगें पूरी नहीं करता है।

## पत्नी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने पर पति को सात वर्ष की कैद

**बांदा**। पत्नी को प्रताड़ित कर आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने के आरोपी पति को दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम प्रवीण कुमार सिंह द्वितीय की अदालत ने सात वर्ष की कैद व 20 हजार रुपये जुमार्ना की सजा सुनायी। वादी राकेश कुमार पुत्र स्व.रामस्वरूप ग्राम मोहम्मदपुर थाना अकबरपुर, कानपुर देहात ने तहरीर देकर कहा कि उसकी बहन शिवरानी पत्नी बबलू पुत्र बलराम सिंह ग्राम जरसेन थाना मूसानगर, कानपुर देहात के साथ 14 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। उसके दो बेटी और एक बेटा था। बहन शिवरानी प्राची जौनपुर में डयूटी करती थी। इस दौरान पति बबलू ने उसे शराब पीकर कई बार प्रताड़ित किया। बहन ने पति को कई बार समझाया लेकिन इसके बावजूद वह लगातार विवाद करता रहा। भाई का आरोप है कि बबलू, मां और पिता ने मिलकर उसके हाथ और सिर में गंभीर चोट पहुंचायी और हत्या कर रेलवे लाइन में रख दिया। वादी की तहरीर पर 1 जुलाई 2017 को तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। मामलें की विवेचना जीआरपी के सब इंस्पेक्टर भीमसेन झांसी अनुभाग शशिभूषण ने की। चूंकि मामला बांदा जीआरपी क्षेत्र में होने के कारण यहीं मुकदमा चला। सुनवाई के दौरान सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी प्रमोद कुमार द्विवेदी ने अभियोजन की ओर से नौ गवाह पेश किए। न्यायाधीश ने दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और पत्रावली में साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी बबलू उर्फ देवेंद्र को धारा 306 का दोषी पाते हुए सात वर्ष की कैद व 20 हजार जुमार्ना की सजा सुनायी।

## यूजीसी व एससीएसटी आरक्षण के विरोध में सवर्णों का प्रदर्शन, ज्ञापन



**बांदा**। यूजीसी एक्ट और एससीएसटी आरक्षण समेत अनेक मांगों को लेकर सोमवार को राष्ट्रवादी ब्रम्हमहासभा के बैनरतले जोरदार प्रदर्शन किया गया। शहर के महाराणा प्रताप चैक पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और इसके बाद जुलूस के रूप में कलक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी की और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। राष्ट्रवादी ब्रम्हमहासभा के जितेंद्र तिवारी, मंडल अध्यक्ष अनूप त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला, प्रमोद द्विवेदी, अखिलेश अवस्थी, रामेंद्र तिवारी, कमलेश तिवारी एडवोकेट बड़ी संख्या में अधिवक्ता, किसान नेता, छात्र, युवा और सैकड़ों समाजसेवियों ने प्रदर्शन के दौरान भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि अब तक धर्म और जाति के नाम पर समाज को बाटने की राजनीति की जाती रहीं। अब छात्रों तथा युवाओं के बीच भी विभाजन पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा संस्थानों को राजनीति और सामाजिक टकराव का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए। छात्रों और युवाओं का भविष्य देश की सबसे बड़ी प्राथमिकता होना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इन मामलों पर गंभीर होकर निर्णय नहीं लेती तो ऐसी स्थिति में सवर्ण समाज में सरकार के प्रति बढ़ते असंतोष का असर आने वाले चुनाव में देखने को मिल सकता है।

## पुलिस की सक्रियता से नाबालिग किशोरी को भगाने का आरोपी पहुंचा जेल



जिला संवाददाता (वीओएल)

**नगीना, बिजनौर**। पुलिस ने नाबालिग किशोरी को अपने साथ बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान कर उसे जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीती 02 सितंबर को वादी ने थाना नगीना में तहरीर देकर शिकायत की थी कि एक अज्ञात युवक उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

शिकायत के आधार पर थाना नगीना पुलिस ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर किशोरी को सकुशल बरामद करने के लिए उसकी तलाश शुरू की। तेजतर्रार दरोगा दीपक शर्मा ने अपनी टीम के सुखवीर सिहं, विक्रम सिंह, म0का0 मृदुल के सहयेग एंव मजबूत सूचना तंत्र के माध्यम किशोरी को मात्र 48 घंटे में ही सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने घटना के आरोपी सनी पुत्र राजू, निवासी ग्राम रायपुर गढ़ी, थाना बढ़ापुर को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। किशोरी के सकुशल बरामद होने एंव आरोपी को ततकाल गिरफ्तार कर जेल भेजने पर तेजतर्रार दरोगा दीपक शर्मा व उनकी टीम के सुखवीर सिहं, विक्रम सिंह, म0का0 मृदुल की क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है।

# स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार





एस पी मिश्रा

**बहराइच**। भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रुपईडीहा पुलिस और एसएसबी ने बड़ी कार्रवाई की है। संयुक्त टीम ने रविवार देर रात दशहरा बाग क्षेत्र में घेराबंदी कर एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 116 ग्राम अवैध स्मैक

●भारतीय और नेपाली मुद्रा भी बरामद

बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 35 लाख रुपये है। तलाशी में 21,029 रुपये भारतीय, 23,800 रुपये नेपाली मुद्रा और वीवो वी60 मोबाइल फोन भी मिला।पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशु गौतम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा हरेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम छह सितंबर की रात क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी।दशहरा बाग में संदिग्ध महिला पर नजर पड़ी। पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधि के आधार पर महिला को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 116 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसकी पहचान शकीला बीबी पत्नी मो. इस्लाम उर्फ लालबादशाह, निवासी दशहरा बाग नई बस्ती, थाना रुपईडीहा के रूप में हुई। उसकी उम्र करीब 40 वर्ष बताई गई है।मुद्रा ने भी खोले तस्करी के तारमहिला के पास से स्मैक के साथ बड़ी मात्रा में भारतीय और नेपाली मुद्रा मिलने से सीमा पार मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़े होने की आशंका को बल मिला है। पुलिस ने उसके पास से 21,029 रुपये भारतीय और 23,800 रुपये नेपाली बरामद किए हैं। इसके अलावा एक वीवो वी60 मोबाइल फोन भी मिला है। पुलिस मोबाइल की जांच के जरिए तस्करी से जुड़े अन्य संपर्कों की जानकारी जुटाने में लगी है।बरामदगी के बाद रुपईडीहा थाने में मु0अ0सं0 237/2026, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपित महिला के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय भेज दिया।कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक अब्दुल कादिर तथा एफ-कंपनी 42वीं वाहिनी एसएसबी नानपारा के डॉग हैंडलर मो. फारूख डॉग रैंक के साथ शामिल रहे।

## नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अखिलेश का भव्य स्वागत



**बांदा**। भारतीय जनता पार्टी कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की नवगठित कार्यकारिणी में जनपद के निवर्तमान जिला महामंत्री अखिलेशनाथ दीक्षित को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रजापति को क्षेत्रीय सदस्य मनोनीत किये जाने के बाद पहली बार अपने गृह जनपद आगमन पर उनका जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर से उनका काफिला तिंदवारी होते हुए कालूकुआं चैराहा पहुंचा यहां स्थापित मूर्ति में माल्यार्पण के बाद महाराणा प्रताप चैक में स्थापित महाराणा प्रताप की मूर्ति में माल्यार्पण किया। जजी चैराहा में भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति में माला पहनाया।इसके बाद संकट मोचन मंदिर पहुंचकर बजरंगबली की पूजा अर्चना की। भाजपा जिला कार्यालय पहुंचने पर पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने फूलमाला व अंगवस्त्र से उनका स्वागत अभिनंदन किया। नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अखिलेशनाथ दीक्षित ने कहा कि अभी से सभी लोग आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुट जाए। बूथ अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसलिए जिले के सभी बूथों को मजबूत करना होगा। जब बूथ मजबूत होगा तो चुनाव में पार्टी की भारी बहुमत से विजय होगी। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन में सभी लोग पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में जगराम सिंह, संतोष गुप्ता, अखिलेश श्रीवास्तव, लवलेश सिंह, ममता मिश्रा, प्रीति गुप्ता, निर्मला गौतम, मनोज पुरवार, विवेकानंद गुप्ता, उत्तम सक्सेना, संतू गुप्ता, राकेश गुप्त लल्ला बबेरू, आनंदी साहू, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, अजय पटेल, सुधीर कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता परिषद का 35 स्थापना दिवस मना



**नगीना, बिजनौर**। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के 35 वे स्थापना वर्ष के अवसर पर नगीना बार एसोसिएशन के सभागार में परिषद की स्थानीय कमेटी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें परिषद की नीतियों व कामकाज पर प्रकाश डाला गया। सोमवार को नगीना बार एसोसिएशन के सभागार मे एल्डर कमेटी के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता जयकिशन शर्मा की अध्यक्षता व महासचिव मौ0 नईम की मुख्य उपस्थित में अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व मुख्य अतिथि राखी एडवोकेट ने विस्तृत रूप से परिषद के कार्य व उद्देश्य पर चर्चा की। इस अवसर पर परिषद से जुड़े वक्ताओं ने बताया कि परिषद की स्थापना 7 सितंबर 1992 को की गई जिसमें आज देशभर में हजारों सदस्य है जो परिषद के मूल उद्देश्य को पूरा कर रहे है परिषद का मकसद अधिवक्ताओं की बार एसोसिएशन के काम काज मे हस्तक्षेप नहीं बल्कि शोषित व किसी भी वजह से न्याय से वंचित लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। परिषद के नगीना संयोजक अंबरीश कुमार के संचालन मे आयोजित इस कार्यक्रम को मुख्य रूप से राखी एडवोकट, देवेन्द्रपाल एडवोकट, आनंद जंघाला, प्रीति चैहान, मौ0 नईम (महासचिव बार एसोसिएशन नगीना), फरीद अहमद खान एड, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार शर्मा प्रमोद शर्मा एड, एवं परिषद के सह संयोजक पंकज कुमार एड, विपिन कुमार बिश्नोई एड, नवनीत कुमार एड, अजय कुमार एड, क्षितिज कुमार, सोनाक्षी एड, अंशु बिश्नोई एड, हेमंत कुमार एड, नीरज गौड़ एड, अनूप कुमार एड, अमीत कुमार शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, शानू चैधरी, अरशद जावेद, शादाब अहमद, शफीक अहमद, आदित्य कुमार एड, प्रदीप कुमार एड, कोमल कुमार एड. आदि अधिवक्तओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

## हज यात्रियों की दो चरणों में होगी मेडिकल स्क्रीनिंग व फिटनेस जांच

जिला संवाददाता

**बहराइच**। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा हज-2027 के चयनित हज यात्रियों के लिए मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस के सम्बन्ध में जारी दिशा निर्देशों के अनुसार चयनित हज यात्रियों को दो चरण में मेडिकल स्क्रीनिंग व फिटनेस कराना आवश्यक होगा। प्रथम चरण में हज यात्रियों के चयन उपरान्त व द्वितीय चरण में उड़ान से पूर्व कराना होगा।

इसी क्रम में प्रथम चरण में चयनित हज यात्रियों को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय व अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारुप पर सरकारी चिकित्सा केन्द्रों में जाँचोपरोन्त एलोपेथिक पद्धति के चिकित्सक द्वारा प्रमाण पत्र जारी कराना होगा। इस सम्बन्ध में प्रदेश के समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को शासन स्तर से भी निर्देश निर्गत किये गये हैं।

श्री खालिद ने बताया कि हज यात्रियों को मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण पत्र, अग्रिम जमा धनराशि की रसीद व अन्य प्रपत्र हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट हजकमेटी डाट जीओवी डाट इन पर 15 सितम्बर 2026 तक अपलोड किया जाना होगा। हज यात्रियों को सलाह दी गयी है कि प्रथम चरण का मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण पत्र वेबसाइट पर अपास सुरक्षित रखें ताकि द्वितीय चरण की जाँच के समय इस रिपोर्ट को प्रस्तुत किया जा सके।

## परामर्श केंद्र ने दो परिवारों को टूटने से बचाया

**बहराइच**। आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र किए गए, जिनके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी

## 20 उपकेंद्रों पर 1,543 किशोरियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**बहराइच**। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को स्वास्थ्य विभाग और मिलान संस्था के संयुक्त सहयोग से चित्तौरा ब्लॉक के 20 उप-स्वास्थ्य केंद्रों पर ह्यकिशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवसह्न का आयोजन किया गया। विशेष शिविरों में किशोरियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान कुल 1,543 किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक दवाएं, सेनेटरी पैड तथा पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि शिविरों में स्वास्थ्य कर्मियों और मिलान संस्था की टीम ने किशोरियों की लंबाई और वजन मापकर बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) का आकलन किया। एनीमिया की रोकथाम के लिए हीमोग्लोबिन की जांच की गई और किशोरियों को आयरन एवं फोलिक एसिड (आईएफए) की गोलियां वितरित की गईं। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था जीवन का अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस उम्र में सही पोषण और नियमित स्वास्थ्य निगरानी से भविष्य में होने वाली कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है।

## कोडीन सीरप मामले का मुख्य आरोपी प्रियांशु उर्फ किशन गिरफ्तार



**बांदा**। थाना बिसंडा व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने प्रतिबंधित व नशीली दवाओं (कोडीन सीरप) की तस्करी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी को जनपद आगरा से गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी प्रियांशु उर्फ किशन पुत्र मुन्नालाल निवासी अतर्रा कुशवाहा मैरिज हाल के पास थाना अतर्रा इस तस्करी गिरोह को मुख्य अभियुक्त है। यह नई दिल्ली से कोडीन सीरप लाकर उसे कूट रचित तरीके से फर्जी दस्तावेज बनाकर अतर्रा, बांदा, चित्रकूट व म0प्र0 राज्य के समीपवर्ती जिलो में मेडिकल स्टोर के बजाय नशे के कारोबार में तस्करी के लिये कोडीन सीरप के रैपर को परिवर्तित कर महंगे दामो में सप्लाई व बिक्री करता था। थानाध्यक्ष बिसंडा चंद्रप्रकाश तिवारी ने बताया कि धीरेंद्र पुत्र भगवत प्रसाद निवासी ग्राम नहर पुरवा थाना बिसंडा, प्रवीण उर्फ लकी पुत्र स्वर्गीय दयाराम निवासी मोहल्ला लखन कॉलोनी अतर्रा थाना अतर्रा, रोहित पुत्र कालूराम निवासी मोहल्ला रामलीला मैदान अतर्रा थाना अतर्रा, शेखर पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम भैना थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

# मानस को न्याय दिलाने के लिए उमड़ा जनसैलाब



**बहराइच**। मानस यज्ञसेनी की मौत के मामले में न्याय की मांग शुक्रवार को सड़क पर उतर आई। पंचायती मंदिर छावनी से मानस के परिजनों और समर्थकों ने कैंडल मार्च निकाला। मार्च में हजारों लोग शामिल हुए। हाथों में जलती मोमबत्तियां और मानस की तस्वीर लिए लोग जब सड़कों पर निकले तो माहौल गमगीन होने के साथ ही आक्रोश से भी भरा नजर आया। ह्यजस्टिस फॉर मानसह्न और न्याय की मांग से जुड़े नारों से शहर गूंज उठा।कैंडल मार्च शहीद स्मारक पहुंचा, जहां श्रद्धांजलि सभा में तब्दील हो गया। यहां लोगों ने मानस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। परिजनों की आंखों में अपनों को खोने का दर्द था तो समर्थकों में घटना की निष्पक्ष जांच को लेकर नाराजगी साफ दिखाई दी।

**मानस के हत्यारों को फांसी दोह्न के नारे**

श्रद्धांजलि सभा के दौरान समर्थकों ने ह्यमानस के हत्यारों को फांसी दोह्न समेत कई नारे लगाए। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। हालांकि, घटना में किसी की आपराधिक जिम्मेदारी का निर्धारण पुलिस जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही किया जाना है।

**पुलिस कार्रवाई पर जताया रोष**

सभा में परिजनों और समर्थकों ने पुलिस की अब तक की कार्रवाई पर रोष जताया। उनका कहना था कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। सीसीटीवी फुटेज, घटनास्थल के साक्ष्य, हादसे में शामिल वाहनों की स्थिति और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान समेत हर उपलब्ध साक्ष्य की जांच कराने की मांग उठाई गई।

**क्षेत्राधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

कैंडल मार्च के बाद मानस के परिजन और समर्थक नगर क्षेत्राधिकारी के पास पहुंचे। उन्हें ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग की गई। ज्ञापन में उपलब्ध साक्ष्यों की पड़ताल कर जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की मांग की गई।

**29 अगस्त की रात हुआ था हादसा**

मानस यज्ञसेनी की 29 अगस्त की रात करीब 11:22 बजे कोतवाली देहात क्षेत्र के कटी चौराहा के पास सड़क हादसे में मौत हुई थी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार वह स्कूटर से हुजूरपुर रोड की ओर जा रहे थे।

## मासिक बैठक में बूथ व सेक्टर गठन पर जोर

फतेहपुर मासिक बैठक शैलेंद्र पटेल की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय चित्रांश नगर फतेहपुर में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य बिंदु पर चर्चा हुई। सक्रिय सदस्य जो पदाधिकारी नहीं बने हैं। और जो पदाधिकारी हैं। वो संबंधित अपना सेक्टर बूथ अध्यक्ष का नाम नम्बर जिले के सीनियर पदाधिकारी लोगों के माध्यम से लखनऊ पार्टी कार्यालय को लिखित तौर पे भेजने का कार्य करें।, सभी पदाधिकारी अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय को गोद लेने व व्यवस्था देख रेख का कार्य किया जाय और सभी पार्टी कार्यकर्ता अधिक से अधिक सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें और सभी विधान सभा अध्यक्ष हर हाल में अपने सभी जोन में 12तारीख को बैठक कराना है। और जोन की बैठक में प्रभारी हर हाल में उपस्थित रहेंगे संगठन विस्तार की समीक्षा व चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करना है रेशम देवी पत्नी कुलदीप निवास को अधिकारी नगर पालिका फतेहपुर से खाली पड़ी कॉलोनी आवंटन के संबंध में वार्ता की गई। दिनांक 8 9.2026 को मिलने के लिए कहा गया है।

# सेंसेक्स में 383 अंकों की गिरावट

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 383 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 119 अंक नीचे आया। कच्चे तेल के दाम में तेजी, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने की संभावना से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 382.62 अंक यानी 0.50 प्रतिशत टूटकर 76,132.81 अंक पर बंद हुआ।




कारोबार के दौरान एक समय यह 544.91 अंक की गिरावट के साथ 75,970.52 अंक पर आ गया था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 23 नुकसान में रहे जबकि सात में तेजी रही। इसी तरह, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक जैसे शेयरों में गिरावट से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 118.55 अंक यानी 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,779.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस में सबसे ज्यादा 3.81 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा टेक महिंद्रा (1.96 प्रतिशत), टाटा स्टील (1.85 प्रतिशत), बजाज फिनसर्व (1.57 प्रतिशत), अल्ट्राटेक सीमेंट (1.41 प्रतिशत) और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (1.28 प्रतिशत) प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल, मारुति और पावर ग्रिड शामिल हैं। अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में हमलों के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर 97.41 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वैश्विक अनिश्चितता जारी रहने और अमेरिका में ब्याज दर में संभावित बढ़ोतरी की आशंका के बीच बाजार में सोमवार को भारी बिकवाली का दबाव बना रहा। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और वैश्विक अनिश्चितता जारी रहने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। इससे भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। पूरे कारोबारी सत्र के दौरान जोखिम से बचने के रुख के कारण बाजार दबाव में रहा। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.84 प्रतिशत टूटा, जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 0.15 अंक के नुकसान में रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,111.94 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सेंसेक्स शुक्रवार को 362.57 अंक चढ़कर 76,515.43 अंक पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी 24.25 अंक की बढ़त के साथ 23,897.70 अंक पर रहा था।

# रुपया सात पैसे टूटकर 94.50 प्रति डॉलर पर

मुंबई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और वैश्विक दबाव के बीच रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे टूटकर 94.50 (अस्थायी) पर रहा।

हालांकि, मजबूत विदेशी मुद्रा प्रवासी डॉलर प्रवाह से रुपये को कुछ सहारा मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी पूंजी प्रवाह के चलते शुरुआती कारोबार में रुपये में मामूली मजबूती आई, लेकिन घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों की धारणा पर असर डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.40 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.38 के ऊपरी स्तर तक गया और 94.50 के निचले स्तर तक आया। अंत में यह 94.50 (अस्थायी) पर रहा, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट है। रुपया



शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे मजबूत होकर 94.43 पर बंद हुआ था। विदेशी पूंजी प्रवाह और डॉलर में नरमी के कारण भारतीय रुपया स्थिर से सकारात्मक रुख में रहा। हालांकि, घरेलू बाजारों में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने तेज बढ़त को सीमित किया। विदेशी पूंजी प्रवाह को लेकर आशावाद और डॉलर में कमजोरी के कारण रुपये के सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की संभावना है। ईरान ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ओमान के साथ समझौता अंतिम चरण में है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आ सकती है, जिससे रुपये को और समर्थन मिल सकता है। हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बना रहने से ऊंचे स्तर पर रुपये पर दबाव जारी रह सकता है। अब निवेशकों की नजर अमेरिका और भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.90 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.58 प्रतिशत बढ़कर 96.84 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 382.62 अंक की गिरावट के साथ 76,132.81 अंक पर, जबकि निफ्टी 118.55 अंक के नुकसान के साथ 23,779.15 अंक पर बंद हुआ।

## संक्षेप

### अपैरल ग्रुप ने दी रिटेल परिदृश्य को नयी परिभाषा

नई दिल्ली। अपैरल ग्रुप ने कारफोर के पहले फ्लैगशिप स्टोर के उद्घाटन के साथ भारत में कारफोर के प्रवेश की घोषणा की है, जो दुनिया के सबसे गतिशील उपभोक्ता बाजारों में से एक में दोनों व्यवसायों के लिए एक महत्वाकांक्षी नए अध्याय की शुरुआत है आज का लॉन्च कारफोर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि हम आधिकारिक रूप से भारत में अपनी रिटेल यात्रा शुरू कर रहे हैं। हम भारत को दुनिया के सबसे गतिशील उपभोक्ता बाजारों में से एक मानते हैं, जिसकी नींव मजबूत आर्थिक आधारों, तेजी से विकसित हो रहे रिटेल परिदृश्य और अपार दीर्घकालिक संभावनाओं पर टिकी है। अपैरल ग्रुप के साथ हमारी साझेदारी कारफोर की वैश्विक विशेषज्ञता को स्थानीय बाजार के गहन ज्ञान के साथ जोड़ती है, जिससे सतत विकास के लिए एक मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार होता है। यह फ्लैगशिप स्टोर एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क और एक मजबूत ओमनीचैनल रिटेल बिजनेस बनाने की हमारी दीर्घकालिक महत्वाकांक्षा का पहला कदम है, जो पूरे भारत के ग्राहकों को गुणवत्ता, मूल्य और सुविधा प्रदान करता है।

### सैमसंग ने गैलेक्सी टैब एस10 प्लस पेश किये

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज भारत में त्योहारों से पहले अपने फ्लैगशिप टैबलेट गैलेक्सी टैब एस10प्लस पर आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की। इसमें अत्याधुनिक हार्डवेयर और एआई से चलने वाले फीचर, दोनों हैं। इससे यह उन पेशेवरों, रचनात्मक लोगों और तकनीक के शौकीनों के लिए सही विकल्प बन जाता है, जो काम, मनोरंजन और स्मार्ट होम संभालने, तीनों के लिए एक ही उपकरण चाहते हैं। गैलेक्सी टैब एस10प्लस में 31.47 सेमी का डायनैमिक एमोलेड 2एक्स डिस्प्ले है, जिसमें एंटी-रिफ्लेक्टिव तकनीक दी गई है, ताकि रंग चटख दिखें और चमक आंखों में न चुभे। दस्तावेज पर काम करना हो, प्रेजेंटेशन देखना हो या कुछ स्ट्रीम करना हो, यह डिस्प्ले हर बार डुबो देने वाला अनुभव देता है। इसमें चार स्पीकर हैं, जिन्हें एआई से चलने वाले डायलॉग बूस्ट का साथ मिलता है, जिससे आवाज साफ सुनाई देती है। साथ ही आईपी68 रेटिंग और आर्मर एल्युमीनियम की बनावट इसे रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए मजबूत बनाती है। ग्राहक बैंकों (6 महीने) और एनबीएफसी (12 महीने तक) के जरिए बिना ब्याज वाली ईएमआई का विकल्प भी ले सकते हैं।

### केनस्टार की एयर फ्रायर रेंज पेश

नई दिल्ली। केनस्टार ने एयर फ्रायर की नई रेंज पेश की है। इस रेंज में अलग-अलग क्षमता, डिजाइन और कुकिंग सुविधाओं वाले मॉडल शामिल हैं। इन्हें भारतीय परिवारों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इनमें कम तेल में खाना पकाने के साथ सुविधा और अलग-अलग तरह के व्यंजन तैयार करने पर जोर दिया गया है। नई रेंज में रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए छोटे एयर फ्रायर से लेकर एक साथ दो व्यंजन पकाने वाले डुअल-बास्केट मॉडल, ऑल-ग्लास एयर फ्रायर और बड़े परिवारों के लिए ज्यादा क्षमता वाले एयर फ्रायर ओवन शामिल हैं। ग्राहक अपने परिवार के आकार, रसोई में उपलब्ध जगह और खाना पकाने की जरूरत के हिसाब से मॉडल चुन सकते हैं। कंपनी ने इसे गिफ्टिंग के लिए भी एक विकल्प के तौर पर पेश किया है। भारतीय रसोई में तेजी से बदलाव आ रहा है। ग्राहक अब ऐसे उपकरण चाहते हैं, जो खाना पकाने को आसान बनाएं, कई तरह के व्यंजन तैयार करने में मदद करें और जो खाना उन्हें पसंद है, उसे कम तेल में बनाने का विकल्प दें।

### फ्रैंकलिन टेम्पलटन का कैंपेन शाहजहांपुर पर पहुंचा

शाहजहाँपुर। फ्रैंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) का चेंज द सोच लखनऊ टू अयोध्या ड्राइव उत्तर प्रदेश में अपनी तरह का पहला राज्यव्यापी अभियान अब शाहजहाँपुर शहर पहुँचा है। इस पहल का उद्देश्य वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, खासतौर पर महिलाओं के बीच। उत्तर प्रदेश के 21 शहरों और कस्बों में यह यात्रा की जाएगी। वे स्थानीय समुदायों से सीधे जुड़कर वित्तीय साक्षरता और समावेशन को आगे बढ़ाएँगे। यह अभियान 30 दिनों तक चलेगा, जिसमें वे छोटे शहरों और गाँवों का दौरा करेंगे और महिलाओं के लिए निवेशक शिक्षा कार्यशालाएँ आयोजित करेंगे।

## एफपीआई को अब निवेशक समूह का ब्योरा देने की जरूरत नहीं

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने विदेशी निवेशकों के लिए निवेश प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से सोमवार को कदम उठाया। इसके तहत केवल सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को अब निवेशक समूह का ब्योरा देने की जरूरत नहीं होगी।

इस कदम का उद्देश्य केवल सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले एफपीआई के लिए नियामकीय अनुपालन को सुगम बनाना है। यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक के पांच जून को सामान्य मार्ग के तहत सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले एफपीआई के लिए निर्धारित निवेश सीमा का अनुपालन करने की आवश्यकता वापस लिए जाने के बाद उठाया गया है। इसके परिणामस्वरूप, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि केवल सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले एफपीआई के लिए अपने निवेशक समूह की पहचान बताने की आवश्यकता अब प्रासंगिक नहीं रह गई है और इसलिए इसे हटा दिया गया है। केवल सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले एफपीआई को निवेशक समूह का ब्योरा देने की आवश्यकता नहीं होगी। यह नई रूपरेखा तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

## एनबीएफसी का स्वर्ण आभूषण के बदले कर्ज जुलाई में 68.5 प्रतिशत बढ़ाः आरबीआई

मुंबई। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की तरफ से स्वर्ण आभूषण के बदले दिए जाने वाले कर्ज (स्वर्ण ऋण) में जुलाई के दौरान 68.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आरबीआई के आवधिक आंकड़ों के मुताबिक, कीमती धातुओं के बदले कर्ज का वितरण पिछले कई महीनों से ऊंचे स्तर पर बना हुआ है। स्वर्ण ऋण खंड में जून में 69.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जबकि जुलाई, 2025 में इसमें 43.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। पिछली कुछ तिमाहियों में सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से समूचे ऋण परिदृश्य में इस खंड को लेकर भरोसा बढ़ा है। ऊंची कीमत वाले सोने के बदले कर्ज देने में बेहतर रिटर्न मिलता है और इसके साथ भावनात्मक मूल्य भी जुड़ा होता है। हालांकि, परिसंपत्ति निर्माण से हटकर उपभोग संबंधी खर्चों के लिए कर्ज लेने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता भी जताई जा रही है। आंकड़ों के मुताबिक, टिकाऊउपभोक्ता वस्तुओं की खरीद के लिए दिए जाने वाले ऋण की वृद्धि जुलाई में बढ़कर 51.5 प्रतिशत हो गई, जो जून में 46.8 प्रतिशत और जुलाई, 2025 में 18.8 प्रतिशत थी। आरबीआई ने कहा कि आवास ऋण खंड में, जिसमें आवास वित्त कंपनियां भी शामिल हैं, जुलाई, 2026 में सालाना आधार पर 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जून में यह 11.4 प्रतिशत और जुलाई, 2025 में चार प्रतिशत रही थी। एनबीएफसी के वाहन ऋण खंड में पिछले महीने 15.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि जून में यह 15.2 प्रतिशत और जुलाई, 2025 में 15.3 प्रतिशत थी। एनबीएफसी और आवास वित्त कंपनियों को मिलाकर खुदरा ऋण में जुलाई, 2026 के दौरान 21.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## बिहार में 15 अक्टूबर से फिर शुरू होगा बालू खनन

पटना। बिहार के खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने सोमवार को कहा कि राज्य में 15 अक्टूबर के बाद बालू खनन फिर शुरू किया जाएगा। जिन बालू घाट की पांच वर्ष की अवधि पूरी हो चुकी है, उनकी नए सिरे से नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

पटना के विकास भवन सचिवालय स्थित विभागीय कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि इसके लिए जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा प्रमुख बालू उत्पादक जिलों में इसकी तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 में अबतक विभाग ने 984 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में प्राप्त 725 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 36 प्रतिशत अधिक है। सामान्यतः खनन राजस्व में सालाना 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि होती है, लेकिन महज पांच महीने में 36 प्रतिशत की बढ़ोतरी विभाग की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इसका श्रेय विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रियता तथा राजस्व संग्रह की बेहतर व्यवस्था को दिया। राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और प्रभावी निगरानी भी विभाग की प्राथमिकता है। अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर लगातार कार्वाई की जा रही है।

## वाहनों की खुदरा बिक्री अगस्त में 17.51 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। देश में वाहन खुदरा बिक्री अगस्त में 17.51 प्रतिशत बढ़कर 24,23,201 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।



फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने सोमवार को कहा कि यह वृद्धि मानसून की वजह से आई मौसमी सुस्ती और त्योहारों के देर से शुरू होने के बावजूद जीएसटी 2.0 से बनी तेजी के कारण हुई। बयान में कहा कि पिछले साल अगस्त में भारत में कुल वाहन खुदरा बिक्री 20,62,038 इकाई रही थी। भारत में पहली बार यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री में वैकल्पिक ईंधन (सीएनजी, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक) की हिस्सेदारी 41.95 प्रतिशत हो गई, जो पेट्रोल की 40.85 प्रतिशत हिस्सेदारी से अधिक है। अगस्त 2026 भारतीय वाहन खुदरा बाजार में अब तक की सबसे अधिक बिक्री वाला अगस्त रहा। उद्योग ने 24,23,201 इकाइयों की बिक्री दर्ज की, जो सालाना आधार पर 17.51 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, मानसून की सुस्ती और जुलाई में गणेश चतुर्थी और ओणम से जुड़ी खरीदारी का कुछ हिस्सा सितंबर में चले जाने से जुलाई के रिकॉर्ड स्तर की तुलना में खुदरा बिक्री 6.48 प्रतिशत कम रही। हालांकि, महीने का सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम संरचनात्मक बदलाव से जुड़ा रहा। भारत में पहली बार यात्री वाहन बाजार में सीएनजी, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक समेत वैकल्पिक ईंधन की हिस्सेदारी 41.95 प्रतिशत रही, जो पेट्रोल की 40.85 प्रतिशत हिस्सेदारी से अधिक है। एक साल से कुछ अधिक समय पहले तक पेट्रोल की हिस्सेदारी बाकियों की तुलना में करीब 11 प्रतिशत की अधिक थी लेकिन अब यह बढ़त खत्म हो गई है। सालाना आधार पर वृद्धि का बड़ा हिस्सा अगस्त 2025 के कमजोर आधार के कारण है। उस समय खरीदार जीएसटी 2.0 के तहत दर में कटौती का इंतजार करते हुए खरीदारी टाल रहे थे। डीलरों का कहना है कि त्योहारों से जुड़ी शुरुआती खरीदारी उनकी अपनी उम्मीदों से कम रही। सितंबर 2025 में माल एवं सेवा कर की दरों में कटौती के बाद से वाहन उद्योग में लगातार मजबूत वृद्धि दर्ज की जा रही है। इस बीच, पिछले महीने यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 4,02,398 इकाई रही जबकि अगस्त 2025 में यह 3,46,468 इकाई थी। इस तरह इसमें 16.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अगस्त में दोपहिया वाहनों की बिक्री 19.69 प्रतिशत बढ़कर 17,14,610 इकाई हो गई जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 14,32,537 इकाई थी। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री ।,22,281 इकाई रही।

## आरबीआई ने की वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के उपायों की समीक्षा

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने सोमवार को वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के उपायों पर चर्चा की और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चल रही विभिन्न पहल की प्रगति की समीक्षा की। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने संबंधित पक्षों के साथ बैठक की। बैठक में वित्तीय धोखाधड़ी के बदलते स्वरूप, निवेशक संरक्षण उपायों, उभरते साइबर खतरों और राज्य में वित्तीय सुरक्षा मजबूत करने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी आधारित पहलो की समीक्षा की गई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बुलाई गई राज्य स्तरीय समन्वय समिति (एसएलसीसी) की 16वीं बैठक में पिछली बैठक में उठाए गए मुद्दों पर की गई कार्वाई की समीक्षा की गई। इसके अलावा कथित वित्तीय धोखाधड़ी, अनधिकृत रूप से जमा राशि जुटाने, सचेत पोर्टल के माध्यम से मिली शिकायतों, बाजार से मिली खुफिया सूचनाओं और नागरिकों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने के लिए हाल में शुरू की गई पहल से जुड़े मामलों पर चर्चा की गई। यह पोर्टल अनियमित वित्तीय गतिविधियों से संबंधित बाजार संबंधी सूचनाओं और शिकायतों के लिए एक प्रमुख मंच है। पोर्टल का नया संस्करण 25 जून, 2026 को आधुनिक उपयोगकर्ता प्रणाली और बेहतर कार्यप्रवाह के साथ शुरू किया गया था।

## मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने स्टनिंग न्यू बलेनो पेश की

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (मारुति सुजुकी) ने स्टनिंग नई बलेनो पेश की है। इसे उन युवा और महत्वाकांक्षी शहरी लोगों को लुभाने के लिए बनाया गया है, जो अपनी जिंदगी सलीके और गरीमा के साथ जीते हैं। डेयर टू गो ग्लैम के फिलॉसफी के साथ बनी यह गाड़ी प्रीमियम और प्रोग्रेसिव डिजाइन भाषा लेकर आई है, जो इस प्रीमियम हैचबैक के दमदार आकर्षण को और बढ़ाती है। प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट को नए सिरे से परिभाषित करने वाली अग्रणी सुविधाओं से लैस, स्टनिंग न्यू बलेनो सुरक्षा और सुविधा का नया स्तर प्रदान करती है। इसमें लेवल 2 एडीएएस (रेडार और कैमरा के साथ) तथा वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें दी गई हैं, जिनमें आरामदायक लेदरेट अपहोल्स्ट्री है। स्टनिंग न्यू बलेनो की बुकिंग अब 11000 रुपये में उपलब्ध है, और इसकी कीमतें 6,09,900/-रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती हैं। अब स्टनिंग न्यू बलेनो ग्राहकों की उम्मीदों को नए सिरे से गढ़ने आई है। इसमें सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स हैं।

## पेज एक का शेष

### डिवाइडर से

बताया कि गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्रों में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि घायल यात्री कुंवर पाल के अनुसार हादसे के समय ज्यादातर यात्री वाहन में सो रहे थे तभी अचानक जोरदार आवाज के साथ गाड़ी पलट गयी। राय ने बताया कि वाहन चालक ने उन्हें बताया कि गाड़ी को पीछे से किसी दूसरी गाड़ी ने टक्कर मारी, जिससे यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अजीत चौधरी ने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हो चुकी है। चौधरी ने बताया कि पुलिस मृतकों और घायलों के परिजनों से संपर्क कर उन्हें जरूरी मदद उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मृतकों और घायलों के बारे में जानकारी चाहने वाले परिजनों से बागपत पुलिस से फोन के जरिए संपर्क करने की अपील की है।

### रक्षा मंत्रालय ने

अनुसार, भारतीय वायुसेना की लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और हेलीकॉप्टरों की युद्धक क्षमता बढ़ाने से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। ग्राउंड-बेस्ड मल्टी-पर्पज जैमर (जीबीएमपीजे) की खरीद और डिफेंस फोर्सेज सिक्योर एक्सेस कार्ड सिस्टम की स्थापना को भी मंजूरी दी गई।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जीबीएमपीजे दुश्मन के रडार के खिलाफ प्रभावी जैमिंग उपलब्ध कराएगा। मंत्रालय ने कहा कि प्रदान की गई कुल एओएन में से करीब 98 प्रतिशत खरीद भारतीय उद्योग से की जाएगी।

### नयी पीढ़ी

के माध्यम से ऐसा गांव चाहते थे जो आत्मनिर्भर हो, स्वावलंबी हो, अपनी आवश्यकताओं के लिए सक्षम हो और अपने निर्णय स्वयं लेने में समर्थ हो। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए वेंकैया नायडू जी ने 2001 में अपने आठ साथियों के साथ स्वर्ण भारत ट्रस्ट की शुरूआत की थी। ट्रस्ट ने स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर दंत एवं नेत्र चिकित्सा, पशु चिकित्सा से लेकर किसान प्रशिक्षण, महिला प्रशिक्षण से लेकर व्यावसायिक शिक्षा और कंप्यूटर प्रशिक्षण से लेकर विद्यालयों एवं ब्रिज स्कूलों तक विभिन्न क्षेत्रों में अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेजिडेंशियल ब्रिज स्कूल के माध्यम से स्वर्ण भारत ट्रस्ट वंचित तबके के बच्चों को शिक्षा, भोजन, पुस्तकें, ड्रेस और आवास की सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें फिर से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रहा है। अक्षरा विद्यालय और स्वर्ण भारती विद्या मंदिर जैसे संस्थानों के माध्यम से ग्रामीण व बीपीएल परिवार के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का भी अभिनव कार्य हो रहा है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में भी श्रमिकों के बच्चों के लिए 18 मंडल मुख्यालयों पर अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं। कोरोना महामारी के दौरान माता-पिता को खोने वाले बच्चों को भी इन विद्यालयों में शिक्षा व आवास सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ये निःशुल्क आवासीय विद्यालय हैं, जहां आधी सीटें बालिकाओं के लिए आरक्षित हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में कोई न कोई पारंपरिक हुनर मौजूद है। वाराणसी की साड़ी, भदोही का कालीन, मुरादाबाद का पीतल, फिरोजाबाद का कांच, कन्नौज का इत्र और लखनऊ की चिकनकारी इसकी मिसाल हैं। पीढ़ियों से इस हुनर को आगे बढ़ाने वाले कारीगरों के पास आधुनिक डिजाइन, पूंजी और बाजार की कमी थी। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने ह्यवन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टह्न योजना शुरू की। हर जिले के एक प्रमुख उत्पाद को चिन्हित कर उसके कारीगरों को डिजाइन प्रशिक्षण, आधुनिक टूल किट, आसान बैंक ऋण तथा मार्केटिंग और एक्सपोर्ट का मंच उपलब्ध कराया गया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण और टूल किट दिए गए। इसका परिणाम है कि इनका हुनर निर्यात तक पहुंच रहा है और उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख निर्यातक राज्यों में शामिल हो गया है। हमने कारीगर को नया हुनर नहीं सिखाया, बल्कि उसके पुराने हुनर को नया बाजार उपलब्ध कराया है। मुख्यमंत्री ने स्वर्ण भारत ट्रस्ट की ग्रामीण महिलाओं के लिए संचालित प्रशिक्षण व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इसमें महिलाओं के लिए अलग आवास की व्यवस्था भी है। जब तक व्यवस्था सुरक्षित नहीं होती, तब तक परिवार अपनी बेटी को बाहर नहीं भेजता। उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं को बीसी सखी के रूप में तैयार किया गया। सीएम योगी ने कहा कि करीब 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कभी इंसेफेलाइटिस यानी दिमागी बुखार के कारण हर वर्ष मध्य जुलाई से मध्य नवंबर तक हजारों मौतें होती थीं। गोरखपुर से सांसद रहते हुए उन्होंने इस समस्या के खिलाफ लगातार आवाज उठाई और आंदोलन किया, लेकिन समाधान नहीं निकल पा रहा था। पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत हुई। वेंकैया नायडू उस कैबिनेट के महत्वपूर्ण सदस्य थे। हर घर शौचालय के लक्ष्य के साथ उत्तर प्रदेश में दस्तक अभियान चलाकर घर-घर जागरूकता पहुंचाई गई। इसके परिणामस्वरूप दशकों से हजारों लोगों की जान लेने वाली इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह नियंत्रित करने और उसके उन्मूलन में सफलता मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तकनीक का युग है और तकनीक का सबसे बड़ा गुण यह है कि वह भेदभाव नहीं करती। प्रधानमंत्री ने तकनीक का प्रभावी उपयोग कर महिला और ग्रामीण सशक्तीकरण को नई गति दी है। बिना बिचौलियों के पक्के मकान के लिए सरकारी सहायता मिल रही है। समारोह में ट्रस्ट के संस्थापक एवं पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, आंध्र प्रदेश सरकार के नगर प्रशासन एवं शहरी विकास मंत्री पी. नारायणा, आंध्र प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री वाई. सत्य कुमार यादव, बीजेपी आंध्र प्रदेश के अध्यक्ष पी.बी.एन. माधव, राज्यसभा सांसद बीडा मस्तान राव, स्वर्ण भारत ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. कामिनेनी श्रीनिवास, आंध्र प्रदेश विधानसभा के विधायक सोमीरेड्डी चंद्रमोहन रेड्डी, स्वर्ण भारत ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी दीपा वेंकट, पुष्पा बरपु फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी एम. हर्षवर्धन आदि उपस्थित थे।

### भारत और

से भी मुलाकात की। भारतीय उच्चायोग ने कहा, उन्होंने वन्यजीव संरक्षण और अधिवास की सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग तंत्र की प्रगति पर चर्चा की, साथ ही सीमा के दोनों ओर प्रदूषण, कचरा प्रबंधन और पारस्परिक हित के अन्य पर्यावरणीय मुद्दों पर सहयोग को और प्रगाढ़ करने के अवसरों पर भी चर्चा की। हाल के हफ्तों में, त्रिवेदी ने बांग्लादेश के शीर्ष राजनीतिक नेताओं, जिनमें प्रधानमंत्री तारिक रहमान भी शामिल हैं, के साथ कई बैठकें की हैं। इन बैठकों में उन्होंने संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए अनुकूल माहौल बनाने की जरूरत पर जोर दिया है।

### इमारत हादसा

गई। इसमें छात्रों का पेइंग गेस्ट (पीजी) आवास था।

इमारत के मलबे से अब तक 12 लोगों को निकाला जा चुका है, जिनमें से सात लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने कहा कि निलंबित डीसी राकेश कुमार मूल रूप से बिहार सिविल सेवा के अधिकारी थे और उन्हें अक्टूबर 2025 में आईएएस में पदोन्नत किया गया और बिहार कैडर आवंटित किया गया। वह पहले सिविल लाइंस जोन डीसी और नरेला जोन के डीसी के रूप में काम कर चुके हैं। एमसीडी के एक अधिकारी ने कहा, उन्हें इस साल की शुरुआत में दक्षिण जोन का डीसी नियुक्त किया गया था। कुमार के कार्यकाल में, दक्षिण क्षेत्र में इमारत से संबंधित तीन बड़ी घटनाएं हुई हैं। इसमें सैदुलाजाब में इमारत ढहना, हौज रानी में आग लगने की घटना और अब सत्य निकेतन में इमारत ढहना शामिल है।

### भारत-चीन

द्वारा आक्रामक सैन्य गतिविधियों की खबरें सामने आई हैं। पच्चीस अगस्त को विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता में भारत ने चीन को द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाए रखने के लिए सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व से अवगत कराया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता की थी। इस वार्ता में सीमा के निर्धारण और सीमा-पार सहयोग पर काम जारी रखने पर मुख्य रूप से चर्चा हुई।

### विकास के

पर प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े पांच महत्वपूर्ण आयोजनों के पोस्टर भी जारी किए। इनमें 7वां देहरादून इंटरनेशनल साइंस एंड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल, साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रीमियर लीग, सीमांत बाल विज्ञान कांग्रेस, ज्ञानोत्कर्ष और 21वीं उत्तराखण्ड राज्य साइंस कॉन्फ्रेंस शामिल हैं। उन्होंने विज्ञान को आम लोगों तक पहुंचाने वाली पत्रिका विज्ञान संप्रेषण के पांचवें वार्षिकांक का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का युवा पर्यावरण के प्रति पहले से अधिक सजग है। आने वाली पीढ़ियां केवल सड़कों, भवनों और विकास परियोजनाओं का हिसाब नहीं मांगेंगी, बल्कि यह भी पूछेंगी कि उन्हें स्वच्छ हवा, निर्मल नदियां, पर्याप्त पानी और सुरक्षित जंगल क्यों नहीं मिले। इसलिए आज से ही यह तय करना होगा कि अगली पीढ़ी को कैसा उत्तराखण्ड सौंपना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय संरक्षण तभी स्थायी रूप ले सकता है, जब इसे स्थानीय लोगों की आजीविका और समृद्धि से जोड़ा जाए। गांवों में रोजगार, स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार, महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण, प्राकृतिक खेती और पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देकर पलायन की चुनौती को कम किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि हिमालय का संरक्षण और पहाड़ की आर्थिक समृद्धि एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। जंगल, बुग्याल, जैव विविधता, नदियां, पारंपरिक ज्ञान और स्थानीय उत्पाद उत्तराखण्ड की प्राकृतिक संपदा हैं और भविष्य में यही राज्य की आर्थिक ताकत का आधार भी बन सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि जनभागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से 9 सितंबर को मनाए जाने वाले हिमालय दिवस से पहले पूरे सप्ताह को हिमालय दिवस सप्ताह के रूप में मनाने की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि हिमालय संरक्षण को सरकारी कार्यक्रमों और संगोष्ठियों तक सीमित रखने के बजाय इसे जन-जन की भागीदारी वाला अभियान बनाना होगा।

### स्वच्छ हवा

के साथ 13वें स्थान पर रहा। मेरठ 22वें और वाराणसी 34वें स्थान पर रहे। इस रैंकिंग से यह संकेत मिलता है कि स्वच्छ हवा को लेकर प्रदेश के बड़े शहरों में किए जा रहे प्रयासों का असर व्यापक स्तर पर दिखाई दे रहा है। मध्यम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में भी उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। फिरोजाबाद ने 195 अंक हासिल कर देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। शहर में कांच उद्योगों को स्वच्छ प्राकृतिक गैस ईंधन की ओर तेजी से स्थानांतरित करने को अहम उपलब्धि माना गया। झांसी 192.5 अंकों के साथ पांचवें, जबकि मुरादाबाद और नोएडा 187.5-187.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर रहे। गोरखपुर 22वें और बरेली 26वें स्थान पर रहा। तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में भी यूपी के शहरों ने प्रभावी प्रदर्शन किया। रायबरेली 180.5 अंकों के साथ 17वें स्थान पर रहा। अनपरा 29वें, खुर्जा 30वें और गजरौला 31वें स्थान पर रहे। इन शहरों में धूल नियंत्रण और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए किए गए प्रयासों को प्रमुखता मिली।




# दलीप ट्रॉफी : पूर्व क्षेत्र ने बनाये 708 रन

## कुमार कुशाग्र ने भी 132 गेंद में 101 रन बनाकर अपना छठा प्रथम श्रेणी शतक जड़ा

एजेंसी

चेन्नई। इशान किशन ने उमस भरे मौसम में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 270 रन की पारी खेली जिससे पूर्व क्षेत्र ने सोमवार को यहां दलीप ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ 708 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। किशन ने इस पारी से भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने का दावा भी पेश किया। कुमार कुशाग्र ने भी 132 गेंद में 101 रन बनाकर अपना छठा प्रथम श्रेणी शतक जड़ा और किशन की करीब दो दिन तक चली 522 मिनट और 334 गेंद की मैराथन पारी में शानदार सहयोग दिया। दिन का खेल खत्म होने से कुछ मिनट पहले दक्षिण क्षेत्र ने पूर्व क्षेत्र का आखिरी विकेट हासिल किया। दिन का आकर्षण किशन की पारी रही जिसे तीन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की मौजूदगी में खेला गया। किशन दलीप ट्रॉफी में तिहरा शतक लगाने वाले चुनिंदा बल्लेबाजों के क्लब में शामिल होने से चूक गए। रमन लांबा ने 1987 और गगन खोडा ने 2001 में यह उपलब्धि हासिल की थी।



किशन ने पहले दिन 122 गेंद में शतक पूरा किया जबकि दूसरे शतक के लिए उन्होंने 148 गेंद खेलीं। यह धीमापन किसी बेहतरीन गेंदबाजी या मुश्किल पिच की वजह से नहीं था, बल्कि गेंदबाजों को थकाने और अपनी टीम के स्कोर को विपक्षी टीम की पहुंच से काफी दूर तक ले जाने की सोची-समझी रणनीति थी। किशन ने अपने करियर का दूसरा प्रथम श्रेणी दोहरा शतक 270 गेंद में पूरा किया जब उन्होंने कामचलाऊस्पिनर देवदत्त पडिक्कल की गेंद को कवर के रास्ते सीमा रेखा के पार पहुंचाया।

उन्हें केवल एक बार असहजता महसूस हुई जब बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सीवी मिलिंद की गेंद उनके पेट पर लगी और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी। हालांकि दोहरा शतक पूरा करने के बाद किशन ने आक्रामक रुख दिखाया। उन्होंने 200 से 250 रन तक पहुंचने के लिए सिर्फ 31 गेंद खेलीं। किशन ने स्पिनर श्रेयस गोपाल और त्रिपुराना विजय के खिलाफ दो-दो छक्के लगाए। किशन ने श्रेयस की 100 गेंदों पर 94 रन और विजय की 88 गेंदों पर 70 रन बटोरे जिससे स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के दबदबे का अंदाजा लगाया जा सकता है।

पहले दिन की तरह दूसरे दिन भी पुल और ड्राइव उनके रन बनाने वाले मुख्य शॉट रहे और इन शॉट से उन्होंने 22 चौके लगाए। लगातार दूसरे दिन दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाज, विशेषकर मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ सके। सपाट पिच और उच्च स्तर की बल्लेबाजी के सामने उनकी गेंदबाजी बेअसर नजर आई। आखिरकार थकान ने किशन के शरीर को जकड़ लिया और उन्हें 301 गेंद में 250 रन बनाकर मैदान छोड़ना पड़ा। उनकी पारी में 27 चौके और सात छक्के शामिल रहे। किशन की शानदार पारी की बदौलत पूर्व क्षेत्र ने पहले सत्र में 106 और लंच के बाद के सत्र में 135 रन जोड़े। इस दौरान किशन ने पांचवें विकेट के लिए कुशाग्र के साथ केवल 290 गेंद में 230 रन और छठे विकेट के लिए अनुकूल रॉय (40 रन, 86 गेंद) के साथ 140 रन की साझेदारी कर पूर्व क्षेत्र की स्थिति और मजबूत की।

कुशाग्र ने भी अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया और विकेट के दोनों ओर शानदार शॉट लगाकर गेंदबाजों की धुनाई की। इक्कीस वर्षीय कुशाग्र ने 128 गेंद में आठ चौकों और पांच छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया लेकिन वह अपनी पारी को और अधिक लंबा नहीं बढ़ा सके। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने विजय की खराब शॉर्ट गेंद पर लापरवाही से पुल शॉट खेला और स्कायर लेग के पीछे खड़े मिलिंद को कैच दे बैठे। अंतिम सत्र के शुरुआती मिनटों में मोहम्मद शमी के आउट होने के तुरंत बाद किशन ने फिर दक्षिण क्षेत्र को परेशानी में डाल दिया और अपने पहले तिहरे शतक के करीब पहुंच गए। हालांकि वह बड़ा मुकाम हासिल नहीं कर सके। किशन ने विजय (180 रन पर चार विकेट) की गेंद पर जोरदार शॉट खेला लेकिन गेंद सीधे साइट स्क्रीन के पास खड़े रविचंद्रन स्मरण के हाथों में चली गई। हालांकि तब तक किशन अपना काम कर चुके थे।

### टेस्ट में सीमित मौका मिलते हैं इसलिए चीजों को हल्के में नहीं ले सकते : पडिक्कल

चेन्नई। भारतीय टेस्ट टीम में जगह पक्की करना आसान नहीं है और मौके भी सीमित मिलते हैं इसलिए कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल श्रीलंका के हालिया दौरे पर लगातार दो शतक लगाने के बावजूद किसी चीज को हल्के में नहीं ले रहे हैं। नंबर तीन पर नियमित बल्लेबाज साई सुदर्शन के पैर में चोट के कारण पडिक्कल को श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट खेलने का मौका मिला और उन्होंने तीन पारियों में 328 रन बनाकर इसका पूरा फायदा उठाया। पडिक्कल ने जियोस्टार से कहा, इन दिनों आपको सीमित मौके मिलते हैं और टीम में जगह पक्की करना आसान नहीं है। किसी भी चीज को हल्के में नहीं लिया जा सकता। व्यक्तिगत तौर पर मैं सिर्फ रन बनाते रहना और भारतीय टेस्ट टीम की जीत में योगदान देना चाहता हूं। जब तक मैं ऐसा करता रहूंगा मुझे यकीन है कि टीम में मेरी जगह बनी रहेगी। न्होंने कहा, जब तक मैं रन बना रहा हूं तो मुझे लगता है कि इससे टीम को हमेशा फायदा होगा। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि टेस्ट क्रिकेट आसान प्रारूप नहीं है इसलिए आपको दिन-प्रतिदिन अच्छा प्रदर्शन करते रहना होता है। अगर सुदर्शन चोटिल नहीं होते तो पडिक्कल के लिए टीम के दरवाजे नहीं खुलते। वह पिछली बार नवंबर 2024 में पर्थ में भारत के लिए टेस्ट मैच खेले थे।

# विराट, रोहित को अतीत में रास आयी है न्यूजीलैंड की पिचें, उम्मीद है इस बार हालात अलग होंगे : सैंटनर

मुंबई। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भारत के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को आगामी एकदिवसीय शृंखला के लिए बड़ी चुनौती करार देते हुए कहा कि अतीत में इन दोनों दिग्गजों को न्यूजीलैंड की पिचें रास आयी है लेकिन उम्मीद है इस बार हालात अलग होंगे। कोहली और रोहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब सिर्फ 50 ओवर के प्रारूप में खेलते हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच इस साल अक्टूबर-नवंबर में पांच वनडे, पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और दो टेस्ट मैच खेले जाने हैं। सैंटनर के साथ साक्षात्कार में कहा, यह एक चुनौती होगी। हमने लंबे समय से देखा है कि वे दोनों अब भी बेहद अच्छे खिलाड़ी हैं और वनडे क्रिकेट के माहिर हैं। अतीत में न्यूजीलैंड की कुछ पिचें उन्हें काफी रास आई हैं। उम्मीद है कि इस बार ऐसा नहीं होगा। सैंटनर ने भारत-न्यूजीलैंड शृंखला को विश्व कप की तैयारी का अहम हिस्सा करार दिया।



यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग में एडिनबर्ग कैसल रॉकर्स की कप्तानी कर रहे सैंटनर ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि यह शानदार शृंखला होगी। यह अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों का हिस्सा है। सीमित मैचों के बीच हर टीम विश्व कप के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ संयोजन बनाने की कोशिश कर रही है। सैंटनर ने कहा कि न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ पांच वनडे खेलने हैं। इसके बाद घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच होंगे और फिर सितंबर 2027 में इंग्लैंड में विश्व कप की तैयारियां की जाएंगी। उन्होंने कहा, सबसे पहले हमारा लक्ष्य घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ शृंखला जीतना है। यह हमारे लिए शानदार उपलब्धि होगी। इसके बाद अगले साल अक्टूबर तक विश्व कप के लिए टीम का सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान रहेगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पिछली टेस्ट शृंखला में न्यूजीलैंड ने ऐतिहासिक रूप से 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। इस जीत के साथ उसने भारत का घरेलू मैदान पर 12 साल से अधिक समय और 18 शृंखलाओं से चला आ रहा अजेय अभियान खत्म कर दिया था। भारतीय टेस्ट टीम में बदलाव के दौर को देखते हुए सैंटनर ने कहा कि नवंबर में न्यूजीलैंड में होने वाले दो टेस्ट मैच भारतीय टीम के कुछ नए खिलाड़ियों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। भारत दौरे पर पुणे में दूसरे टेस्ट में 13 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को शृंखला जिताने वाले सैंटनर ने पिछला दौरा याद करते हुए कहा कि नए खिलाड़ियों के लिए यहां की परिस्थितियों में जल्द ढलना महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, जैसा कि हमने पहले भी बात की है, सबसे जरूरी है कि परिस्थितियों के अनुसार जल्दी ढलने की कोशिश की जाए। नए खिलाडियों से सजी भारतीय टीम के लिए न्यूजीलैंड में लाल गेंद से क्रिकेट खेलने का यह पहला अनुभव हो सकता है। यहां की पिचें उनके लिए नई होंगी और संभव है।

## संक्षेप

### सबालेंका व अल्काराज अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में

न्यूयॉर्क। गत चैम्पियन एरिना सबालेंका और कार्लोस अल्काराज अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। शीर्ष रैंक वाली सबालेंका ने रविवार को टेलर टाउनसेंड को 6- 4, 6-3 से हराया। वहीं अल्काराज ने टॉमी पॉल को 6 - 4, 6-3, 6-4 से मात दी। अब सबालेंका का सामना विम्बलडन विजेता लिंडा नोस्कोवा से होगा जिन्होंने मार्ता कोस्तियुक को 7-5, 5 -7, 6-4 से हराया। वहीं दाहिनी कलाई में चोट के कारण चार महीने में पहला टूर्नामेंट खेल रहे अल्काराज का सामना अब अमेरिका के बेन शेल्टन से होगा जिन्होंने स्टेफानोस सिटसिपास को शिकस्त दी।

### रिभाव, ह्तिक व तविशा जूनियर डेविस कप के लिए भारतीय टीम में शामिल

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष अंडर-16 खिलाड़ी रिभाव सरोहा मिस्र की राजधानी काहिरा में दो से आठ नवंबर तक होने वाले जूनियर डेविस कप फाइनल्स में भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने सोमवार को टीम की घोषणा की जिसमें रिभाव के अलावा ह्तिक कटकम और तविश पाहवा को भी शामिल किया गया है। भारतीय टीम इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चेकिया, मिस्र, स्पेन, फ्रांस, हंगरी, इटली, जापान, कजाखस्तान, मोरक्को, सर्बिया, अमेरिका और वेनेजुएला जैसी दुनिया की शीर्ष टीमों से मुकाबला करेगी। केएसएलटीए से जुड़े राणा बनर्जी टीम के कोच होंगे। उनके मार्गदर्शन में भारतीय टीम फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करने में सफल रही। अब वह टीम के साथ काहिरा की यात्रा करेंगे।

### हाफ मैराथन : पूर्व वैज्ञानिक की दिल का दौरा पड़ने से मौत

पुणे। महाराष्ट्र के सातारा जिले में हाफ मैराथन के दौरान पुणे के 65 वर्ष के एक पूर्व वैज्ञानिक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पश्चिमी घाट में खड़ी चढ़ाई और तीखी ढलान की वजह से देश की सबसे मुश्किल दौड़ में से एक मानी जाने वाली सातारा हिल हाफ मैराथन रविवार को आयोजित की गई जिसमें 7,700 धावकों ने 21.1 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। आयोजकों ने बताया कि पहली बार इसमें भाग ले रहे संजय कदम को सुबह साढे नौ से दस बजे के बीच नीचे की ओर आते समय बेचैनी महसूस हुई।

# विश्व पैरा तीरंदाजी : शीतल फाइनल में, सरिता कांस्य पदक के प्लेआफ में

एजेंसी

अहमदाबाद। मौजूदा विश्व चैम्पियन शीतल देवी ने विश्व तीरंदाजी पैरा सीरिज (तीसरा चरण) के तीसरे दिन सोमवार को महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। जम्मू की भुजाहीन तीरंदाज शीतल ने सरिता को 145-143 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अब उनका सामना कजाखस्तान की ऐजादा सेडान से होगा। सरिता कांस्य पदक के मुकाबले में चीन की वांग हुइतिंग से खेलेगी। कंपाउंड पुरूष वर्ग में मौजूदा विश्व चैम्पियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी तोमान कुमार को शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के केन स्वागुमिलांग ने 146-144 से हराया। अब वह कांस्य पदक के लिये इराक के अब्बास खादिम से खेलेंगे। केन ने भारत के गुरविंदर सिंह को क्वार्टर फाइनल में 143-141 से मात दी। पुरूषों के डब्ल्यू। वर्ग में भारत की चुनौती समाप्त हो गई जब पांचवीं वरीयता प्राप्त आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी और नौवी वरीयता प्राप्त नुरूद्दीन अपने अपने मुकाबले हार गए। महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त स्वाति चौधरी कांस्य पदक के लिये खेलेंगी। वह चीन की छठी वरीयता प्राप्त लियू जिंग से 1-7 से हार गई थी।

### इंग्लैंड की सफेद गेंद की टीमों के विशेषज्ञ मेंटोर बने पीटरसन

लंदन। पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिये इंग्लैंड की सफेद गेंद की टीमों का विशेषज्ञ मेंटोर बनाया गया है। पीटरसन इस महीने के आखिर में श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे शृंखला में मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ जुड़ेंगे। कोचिंग स्टाफ में मार्कस ट्रेसकोथिक, टिम साउदी, जीतन पटेल और सारा टेलर भी हैं। वह इस साल आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के दौरों पर भी टीम के साथ होंगे। इसके बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू शृंखलाओं और विश्व कप में टीम के साथ रहेंगे।

# भारत-जापान मैच अहम कदम : बीसीसीआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने सोमवार को कहा कि भारत और जापान के बीच इस महीने होने वाला एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नये दर्शकों को जोड़कर क्रिकेट को वैश्विक खेल बनाने की दिशा में अहम कदम बताया। जापान के आइची नागोया में 19 सितंबर से शुरू हो रहे एशियाई खेलों से पहले भारत और जापान पहली बार 22 सितंबर को जापान में ऐतिहासिक टी20 मैच खेलेंगे। मैच तोचिगी प्रांत के सानो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान पर खेला जायेगा। सुजुकी कप के तहत होने वाला यह मैच भारत और जापान के

### क्रिकेट को वैश्विक बनाना लक्ष्य



राजनयिक रिश्तों की 75वीं सालगिरह पर आयोजित किया गया है। सैकिया ने कहा कि क्रिकेट को नये क्षेत्रों में ले जाने के आईसीसी अध्यक्ष जय शाह के प्रयासों के तहत इस मैच का आयोजन किया गया है। सैकिया ने एक्स पर लिखा, क्रिकेट का वैश्विक सफर उन पलों से आकार ले रहा है जो इस खेल को इसकी पारंपरिक सीमाओं से आगे ले जाते हैं। 22 सितंबर 2026 को होने वाला भारत-जापान टी20 मैच भी ऐसा ही एक पल है, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को जापान तक ले जा रहा है, नए दर्शकों से जोड़ रहा है और अपार संभावनाओं वाले इस क्षेत्र में खेल की मौजूदगी को मजबूत कर रहा है। उन्होंने आगे लिखा, यह श्री जय शाह के उस विजन और जमीनी काम को पहचानने का भी मौका है जो उन्होंने बीसीसीआई सचिव और अब आईसीसी अध्यक्ष के तौर पर क्रिकेट के भविष्य में इसके वैश्विक विकास को सबसे अहम जगह देने के लिए किया है।

भारत टी20 विश्व कप चैम्पियन और नंबर एक टीम है जबकि जापान आईसीसी टी20 रैंकिंग में 41वें स्थान पर है। भारत की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे जबकि उपकप्तान तिलक वर्मा, स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन भी टीम में हैं।

# ला मार्टिनियर कॉलेज के राजवीर सिंह कक्कड़ ने जीता कांस्य पदक

खेल संवाददाता

लखनऊ। ला मार्टिनियर कॉलेज के छात्र राजवीर सिंह कक्कड़ ने ऑल इंडिया कुमार सुरेंद्र सिंह स्कूल नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर लखनऊ का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 31 अगस्त से 6 सितंबर 2026 तक मध्य प्रदेश की एमपी स्टेट शूटिंग अकैडमी में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में देश के 29 राज्यों के करीब 2,000 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश से लगभग 300 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। राजवीर सिंह कक्कड़ लखनऊ के एकमात्र खिलाड़ी हैं,



जिन्होंने इस प्रतियोगिता में पदक जीता। राजवीर इससे पहले भी स्टेट, इंटर-स्टेट और शहर स्तर की कई शूटिंग प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। अब वह दिसंबर में होने वाली सीनियर नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। इसी प्रतियोगिता के लिए विनायक वर्मा बी ने भी क्वालीफाई किया है।

# ज्ञानेश्वरी की नजरें एशियाई खेलों में नये व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक ज्ञानेश्वरी यादव ग्लास्गो के अनुभव को इस महीने होने वाले एशियाई खेलों में भुनाने के लिए तैयार हैं। छत्तीसगढ़ की 23 वर्षीय ज्ञानेश्वरी की नजर 19 सितंबर से जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर है। जुलाई में राष्ट्रमंडल खेलों में ज्ञानेश्वरी ने 53 किग्रा भार वर्ग में स्नैच और क्लीन एवं जर्क दोनों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल 199 किग्रा भार (88 किग्रा स्नैच और 111 किग्रा क्लीन एवं जर्क) के साथ रजत



पदक जीता था। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की ओर से आयोजित बातचीत में ज्ञानेश्वरी ने कहा, तैयारी अच्छी चल रही है। मैं वहां अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हूं। राष्ट्रमंडल खेलों में मैंने 199 किग्रा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था और अब इसे बेहतर करने की कोशिश करूंगी। ज्ञानेश्वरी ने कहा, हमें राष्ट्रमंडल खेलों के बाद ज्यादा समय नहीं मिला। हमें सिर्फ एक महीने का समय मिला। मैं स्नैच में सुधार करने की कोशिश करूंगी। अगर मैं स्नैच और क्लीन एवं जर्क दोनों में एक-एक किलोग्राम का सुधार कर पाती हूं तो यह मेरे लिए बड़ी उपलब्धि होगी। किसी भी खिलाड़ी के लिए अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना बहुत बड़ी बात होती है। पटियाला स्थित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में प्रशिक्षण ले रहीं ज्ञानेश्वरी को उम्मीद है कि राष्ट्रमंडल खेलों में प्रतिस्पर्धा का अनुभव जापान में होने वाले एशियाई खेलों में उनके काम आएगा।

# दिल्ली राज्य बिलियर्ड्स एवं स्नूकर का आयोजन नये प्रारूप में होगा

नयी दिल्ली। दिल्ली बिलियर्ड्स एवं स्नूकर संघ (डीबीएसए) ने इस सत्र से दिल्ली राज्य 15-रेड स्नूकर चैंपियनशिप के लिए नया प्रारूप लागू करने का फैसला किया है। यह चैंपियनशिप हाल ही में दिवंगत हुए एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व महासचिव राजा रणधीर सिंह की स्मृति में आयोजित की जाएगी। राज्य को चार क्षेत्र में बांटा गया है। प्रत्येक क्षेत्र से शीर्ष चार खिलाड़ी 16 खिलाड़ियों के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाएंगे, जहां से दिल्ली राज्य चैंपियन का फैसला होगा। चैंपियनशिप की कुल पुरस्कार राशि तीन लाख रुपये रखी गई है। दक्षिण क्षेत्र की प्रतियोगिता 15 से 18 सितंबर तक होगी। इसके बाद पश्चिम क्षेत्र में 18 से 20 सितंबर, पूर्व क्षेत्र में छह से 11 अक्टूबर और उत्तर क्षेत्र में 14 से 18 अक्टूबर तक मुकाबले खेले जाएंगे।

# और हाईटेक होगा यूपी हैंडबॉल एसोसिएशन

खेल संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025 की भावना के अनुरूप खेल प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही, सुशासन और खिलाड़ियों की भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन ने अपने संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत किया है। एसोसिएशन ने

### चार बोर्ड और महिला-पुरुष एथलीट कमीशन गठित, अमित पाण्डेय को फिर मिली कार्यकारी महासचिव की जिम्मेदारी

कोचिंग, तकनीकी, चयन और रेफरी व्यवस्था के साथ खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व को मजबूत करने के लिए महिला एवं पुरुष एथलीट कमीशन का गठन किया है। हाल ही में लखनऊ में



हुई एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा (एजीएम) में इन संगठनात्मक बदलावों को लेकर निर्णय लिया गया। एजीएम में एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. सुधीर एम. बोबडे (सेवानिवृत्त आईएएस) और अध्यक्ष अलका दास वर्चुअली जुड़े थे।

इसी नई व्यवस्था के तहत अमित पाण्डेय को एक बार फिर कार्यकारी महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने एजीएम में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025 के लागू होने के बाद खेल संगठनों के लिए अपनी प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और व्यवस्थित बनाना महत्वपूर्ण हो गया है।

### पाकिस्तान की कप्तान फातिमा पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

दुबई। भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को महिला एशिया कप के दौरान आउट करने के बाद अपमानजनक इशारा करने के लिए पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को भारत की पारी के दूसरे ओवर में हुई जब शेफाली को आउट करने के बाद फातिमा ने पवेलियन की ओर इशारा किया। फातिमा को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आचार संहिता के लेवल एक के नियम 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

# न ज्यादा सोचो, न खुद से उम्मीद रखो : किशन

एजेंसी

चेन्नई। पूर्व क्षेत्र के कप्तान इशान किशन ने 270 रन की शानदार पारी खेलने के बाद सोमवार को कहा कि करियर के मुश्किल दौर ने उन्हें ज्यादा सोचने और खुद से अनावश्यक उम्मीदें रखने से दूर रहना सिखाया है और अब उनका पूरा ध्यान सिर्फ रन बनाने और टीम को जीत दिलाने पर है। दलीप ट्रॉफी के फाइनल में दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ खेली गई 270 रन की मैराथन पारी को किशन ने अपने अंदर आए इस बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण बताया। उन्होंने दिन का खेल खत्म होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैंने खुद को बदलने की कोई खास कोशिश नहीं की।

यह बदलाव अपने आप हुआ। जब मैं भारतीय टीम से बाहर था, तब मुझे एहसास हुआ कि आखिरकार हमारे पास करने के लिए सिर्फ एक ही काम है और वह रन बनाना है। यही एक चीज है जो आपके करियर में आपकी मदद करती है। किशन ने कहा, किसी अन्य चीज के बारे में सोचना आपकी मानसिकता को प्रभावित करता है और बेवजह का दबाव बढ़ाता है। मुझे समझ आ गया कि इन अतिरिक्त विचारों की



कोई जरूरत नहीं है। हमारा काम मैदान पर उतरना और टीम के लिए मैच जीतना है। उन्होंने कहा, आपको बस इसी चीज की परवाह करनी चाहिए।

समय के साथ आप खुद को बेहतर तरीके से समझने और विकसित करने लगते हैं। मुझे लगता है कि जब आपका दिमाग स्पष्ट हो तो इस तरह खेलना काफी आसान हो जाता है। किशन 2023 में भारतीय टीम के तीनों प्रारूपों में खेलने वाले खिलाड़ियों में शामिल थे। लेकिन कई अप्रत्याशित घटनाक्रमों के बाद उनका करियर मुश्किल दौर में पहुंच गया और उन्हें बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से भी बाहर होना पड़ा। किशन ने इसके बाद घरेलू क्रिकेट में जमकर मेहनत की। उन्होंने 2025-26 रणजी ट्रॉफी में शतक लगाए और झारखंड को उस सत्र की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने में अहम योगदान दिया। उन्होंने टूर्नामेंट में 517 रन बनाए, जिसमें दो शतक शामिल थे।

किशन को जल्द ही बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध वापस मिल गया और सफेद गेंद के प्रारूपों में भारतीय टीम में भी जगह मिल गई। अब वह अपने करियर के उस मुश्किल दौर को पीछे छोड़ चुके हैं। किशन ने कहा, आजकल मैं जो सबसे अच्छी चीज कर रहा हूं, वह है किसी भी चीज के बारे में ज्यादा न सोचना। एक बल्लेबाज के तौर पर मेरा काम बस मैदान पर जा कर गेंद के मुताबिक प्रतिक्रिया देना है। मैं खुद से किसी तरह की उम्मीद नहीं रखता। सीमित ओवरों के मुकाबले खेल कर दलीप ट्रॉफी के लिए पहुंचे किशन से जब पूछा गया कि दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों के खिलाफ फाइनल में उतरते समय उनकी रणनीति क्या थी।

# भारत ने कायम रखी आर्थिक वृद्धि की रफ्तार

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक साल में 22 देशों की यात्रा की : अमित शाह

एजेंसी



पणजी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारत ने वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद अन्य देशों के साथ जुड़ाव बढ़ाकर और रणनीतिक साझेदारियां कायम कर अपनी आर्थिक वृद्धि की रफ्तार को कायम रखा है।

शाह ने गोवा पुलिस को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान करने के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि दूसरे देशों के साथ बढ़े आर्थिक जुड़ाव का भी वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहने में अहम योगदान रहा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में रूस-यूक्रेन युद्ध और अब अमेरिका, ईरान एवं खाड़ी देशों के बीच संघर्ष के कारण वैश्विक कूटनीतिक परिदृश्य में अस्थिरता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 देशों की यात्रा की, जबकि करीब 15 देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भारत का दौरा किया। शाह ने कहा कि जब भी कोई मुद्दा आता है तो पूरी दुनिया इस पर नजर रखती है कि भारत के प्रधानमंत्री की इस पर क्या राय और नजरिया है। लंबे समय बाद हमारे नेता नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारत के लिए यह सम्मान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लगातार प्रयासों और वैश्विक पहुंच के कारण भारत की कूटनीति ने दुनिया में अपनी जगह मजबूत की है। उन्होंने कहा कि 2026 तक भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं और 38 देशों के साथ ऐसे समझौते प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि भारत व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, ओमान, न्यूजीलैंड और यूरोपीय संघ के साथ एफटीए पर आगे बढ़ रहा है। शाह ने कहा कि भारत ने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, निवेश और व्यापार जैसे क्षेत्रों में अन्य देशों के साथ ठोस समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश की जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहने का एक कारण व्यापक आर्थिक जुड़ाव भी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है, जो अब 140 करोड़ भारतीयों के संकल्प में बदल गया है। शाह ने कहा कि भारत ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियां दुनिया के साथ साझा की हैं तथा कई देशों को आपदा राहत और क्षमता निर्माण में सहायता दी है। उन्होंने डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते खतरे का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस खतरे से निपटने के लिए राज्यों के साथ सीधे संवाद की शुरुआत की है और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 आने वाले समय में एक बड़ा सुरक्षा कवच बनेगी। गृह मंत्री ने कहा कि विकसित राष्ट्र के लिए पहली शर्त आंतरिक और सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि गोवा पुलिस ने आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा के साथ पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत करने में भी अच्छा काम किया है।

# सीतारमण ने आईएमएफ के उप प्रबंध निदेशक से की वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर चर्चा

एजेंसी



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के उप प्रबंध निदेशक निगेल क्लार्क से मुलाकात की। दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ भारतीय और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के परिदृश्य पर चर्चा की। बैठक के दौरान सीतारमण और क्लार्क ने भारत-आईएमएफ संबंधों पर चर्चा की और दक्षिण एशिया क्षेत्रीय प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता केंद्र (एसएआरटीटीएसी) को समर्थन देने में भारत की भूमिका की सराहना की।

दोनों पक्षों ने वृहद आर्थिक सहयोग को मजबूत करने, बेहतर आर्थिक नीतियों को समर्थन देने तथा क्षेत्रीय और वैश्विक आर्थिक मजबूती बढ़ाने में भारत-आईएमएफ के निरंतर सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भारत की उभरती आर्थिक वृद्धि की दिशा और वैश्विक आर्थिक परिवेश में जारी बदलावों के प्रभाव पर भी चर्चा की। इसमें भारत की व्यापार नीति और वैश्विक व्यापार प्रणाली में हो रही गतिविधियां शामिल थीं। बैठक में हाल में संपन्न द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और उनके भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव पर भी विचार-विमर्श किया गया। क्लार्क ने मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत के आर्थिक प्रदर्शन, मजबूती और लगातार वृद्धि के रिकॉर्ड की सराहना की। उन्होंने राजकोषीय मजबूती की दिशा में सरकार के प्रयासों तथा पश्चिम एशिया संकट के बाद अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए उठाए गए कदमों की भी सराहना की।

## संक्षेप

### नौकरी गंवाने वाले एक हजार शिक्षकों ने दिया धरना

कोलकाता। अदालत के फैसलों के बाद नौकरी गंवाने वाले1,000 से अधिक शिक्षकों ने सोमवार को पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन के बाहर धरना शुरू किया और राज्य सरकार से उनकी भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की। प्रदर्शनकारी उन 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों में शामिल हैं, जिनकी नौकरियां 2016 की स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) परीक्षा में अनियमितताओं के संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय के 2024 के फैसले के बाद रद्द कर दी गई थीं। इन्हीं परीक्षाओं के माध्यम से इनकी भर्ती हुई थी। उच्चतम न्यायालय ने 2025 में उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा था। बारिश के बीच डिजर्विंग टीचर्स फोरम के सदस्यों ने तख्तियां लेकर कोलकाता से सटे साल्ट लेक के करुणामयी क्रॉसिंग से जुलूस निकाला, जो विकास भवन के बाहर धरने में तब्दील हो गया। उच्चतम न्यायालय ने उन 2016 एसएससी अभ्यर्थियों की भर्ती परीक्षा आयोजित करने के लिए राज्य सरकार को 30 मई, 2027 तक की समयसीमा दी है, जिनकी नौकरियां रद्द कर दी गई थीं। इस मामले में मुलाकात करना चाहते हैं और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के हस्तक्षेप की मांग करते हैं।

# पीएम मोदी आज गुजरात व महाराष्ट्र का दौरा करेंगे

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को गुजरात और महाराष्ट्र का दौरा कर विभिन्न विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और ग्लोबल फिनटेक फेस्ट का उद्घाटन करेंगे।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी सबसे पहले वडोदरा जाएंगे, जहां वह विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, उनका उद्घाटन करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह इस अवसर पर एक सभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री जिन परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, उनमें 20,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारे (डब्ल्यूडीएफसी) के 326 किलोमीटर लंबे तीन महत्वपूर्ण खंड शामिल हैं। माल ढुलाई की लागत कम होगी और मुंबई के रेल नेटवर्क पर दबाव घटाने में मदद मिलेगी।इन खंडों के चालू होने के बाद समर्पित माल ढुलाई गलियारे (डीएफसी) का पूरा नेटवर्क परिचालन में आ जाएगा।

# परीक्षण उपकरणों का 100 प्रतिशत खर्च उठायेगी सरकार : गोयल

एजेंसी



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को वैश्विक ग्राहकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरण विकसित करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि सरकार परीक्षण उपकरणों की खरीद के लिए 100 प्रतिशत धन उपलब्ध कराने को तैयार है।

यहां दवा उद्योग से जुड़े दो कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि घरेलू कंपनियों को प्रौद्योगिकी साझेदारी करनी चाहिए, संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा देना चाहिए तथा वैश्विक नवोन्मेषकों और बड़ी दवा कंपनियों को भारत आने के लिए आमंत्रित करना चाहिए। गोयल ने कहा कि हमें उच्च गुणवत्ता के साथ अपनी घरेलू क्षमताओं को मजबूत कर महत्वपूर्ण कलपुर्जों का परिवेश तैयार करना चाहिए। हमें साझा परीक्षण बुनियादी ढांचा सुविधाएं बनानी चाहिए, जहां इन उपकरणों का परीक्षण और मूल्यांकन किया जा सके, उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ मानकों के अनुरूप परखा जा सके और वैश्विक ग्राहकों के लिए प्रमाणित तथा प्रदर्शित किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के माध्यम से हम आपके उपकरणों के लिए सर्वश्रेष्ठ परीक्षण उपकरणों की लागत का 100 प्रतिशत वहन करने को तैयार हैं...भारत सरकार परीक्षण उपकरणों की खरीद के लिए 100 प्रतिशत धन देगी। आप हमसे मांग करें, आपकी ओर से कोई प्रस्ताव नहीं आया है। हम सबसे आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित करेंगे।

गोयल ने डिजाइन, कॉपीराइट, आईपीआर व्यवस्था में सुधार की भी जरूरत बताई, ताकि दुनिया भर के लोग भारत की ओर आकर्षित हों और देश नवोन्मेष का वैश्विक केंद्र बन सके। उन्होंने कहा कि भारत को लागत के मामले में बड़ा लाभ हासिल है। उन्होंने कहा कि हमें प्रौद्योगिकी साझेदारी करनी चाहिए, खरीदारों और विक्रेताओं के बीच बेहतर संबंध बनाने चाहिए और संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा देना चाहिए। जहां जरूरत हो, वहां मिलकर डिजाइन और विकास करना चाहिए तथा अन्य देशों के साथ संयुक्त अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित करने की संभावनाएं तलाशनी चाहिए। मंत्री ने बीमा कंपनियों और स्वास्थ्य-प्रौद्योगिकी कंपनियों से ऐसे उत्पाद और मंच विकसित करने को कहा, जिससे मरीजों के लिए इलाज की प्रक्रिया अधिक सुगम हो और उन्हें समय पर भुगतान मिल सके। उन्होंने उद्योग से देखभाल करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित और प्रमाणित करने तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं देने में सक्षम कुशल कार्यबल तैयार करने का भी आह्वान किया।

# दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार, फिर भी कोई जवाबदेही नहीं



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के सत्य निकेतन में इमारत गिरने की घटना को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार होने के बावजूद नीयत की लाचारी है तथा कोई जवाबदेही भी नहीं हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कि यह भी कहा कि जवाबदेही की मांग करने वालों को प्रधानमत्री द्वारा दिमागी नक्सल और नाराज़ फूफा जैसे अपमानजनक तमगों से नवाजकर चुप कराने का प्रयास किया जाता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हर बार भाजपा सरकार का वही शर्मनाक पैटर्न है, हादसों से पहले रोकथाम नहीं, उनके बाद बयानबाज़ी होती है, कुछ छोटे अफसरों पर ज़िम्मेदारी मढ़ दी जाती है, और असली गुनहगार जवाबदेही मुक्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि सत्य निकेतन में छात्रों की रिहायश वाली इमारत का गिरना कोई अकेली त्रासदी नहीं है। पिछले 4 महीनों में सैदुलाजाब में ऐसी त्रासदी में 6 लोगों की मौत हुई, हौज़ रानी में आग ने 22 जानें ले लीं। हर बार जिंदगियां, सपने और अरमान मलबे में दबते हैं और हर बार कार्रवाई गायब रहती है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जवाबदेही की मांग करने वालों को अपमानजनक तमगों के जरिए शर्मिंदा और बदनाम कर चुप कराने की कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि जवाबदेही मांगने पर प्रधानमंत्री खुद आपको दिमागी नक्सल, नाराज़ फूफा जैसे अपमानजनक तमगे दे देते हैं - मकसद, सवाल पूछने वालों को शर्मिंदा करो, बदनाम करो और चुप करा दो।

# विजय ने भ्रष्टाचार पर द्रमुक को घेरा



चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ सी. विजय ने सोमवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोलते हुए उसके शासनकाल में गंभीर और संगठित भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। इसके विरोध में मुख्य विपक्षी दल के सदस्य हंगामा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष के आसन के सामने आ गए और बाद में बहिर्गमन किया।

विजय ने कुछ दिन पहले मुख्य विपक्षी दल से किसी बहानें भागनें के बजाय सदन में बने रहने का आग्रह किया था। उन्होंनें पार्टी के लिए चंदें की कथित वसूली को लेकर द्रमुक के शीर्ष नेतृत्व पर सोमवार को निशाना साधा।द्रमुक ने मुख्यमंत्री पर कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर बोलने के बजाय ध्यान भटकाने वाली रणनीति अपनाने का आरोप लगाया। विजय ने गृह विभाग की अनुदान मांगों पर विधानसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए द्रमुक पर निशाना साधा। वह गृह मंत्रालय का प्रभार भी संभाल रहे हैं। इस दौरान मंत्रिमंडल के सहयोगियों और सत्तारूढ़ तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) विधायकों ने मेज थपथपाकर उनका समर्थन किया। मुख्यमंत्री ने 1970 के दशक के एक मामले समेत द्रमुक शासन के दौरान पार्टी के लिए चंदे की कथित वसूली और वैज्ञानिक भ्रष्टाचार के उदाहरण गिनाए। सदन से बहिर्गमन के बाद नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि स्टालिन ने संवाददाताओं से बातचीत में विजय पर ध्यान भटकाने का आरोप लगाया और दावा किया कि मुख्यमंत्री ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर पूछे गए सीधे सवालों का जवाब नहीं दिया।द्रमुक नेता ने विजय पर राज्य में खनन ठेकों पर एकाधिकार स्थापित करने के लिए अपने सहयोगियों द्वारा चलाए जा रहे एक गिरोह को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उदयनिधि ने मुख्यमंत्री के विधानसभा में दिए भाषण को रटी-रटाई फिल्मी पटकथा करार दिया। इससे पहले, विजय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दस्तावेजों का हवाला देते हुए पूर्ववर्ती द्रमुक शासन के दौरान नगर प्रशासन विभाग और राज्य संचालित शराब कंपनी टीएएसएमएसी में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों का उल्लेख किया। नगर प्रशासन विभाग के ठेकेदारों से पार्टी के लिए चंदे के रूप में रिश्वत ली गई थी।

## इंटरटेनमेंट...

# क्या बिग बॉस की कास्टिंग है टीआरपी का असली फॉर्मूला



मुंबई। बिग बॉस 20, 6 सितंबर से शुरू हो गया है। हर साल की तरह इस बार भी शो में कई ऐसे कंटेस्टेंट्स आए हैं, जिसकी जिंदगी किसी न किसी तरह विवादों में रही है। सवाल फिर उठता है कि बिग बॉस के घर में कंटेस्टेंट्स चुने जाते हैं या विवाद? पिछले कई सीजन्स को देखें तो एक पैटर्न साफ नजर आता है। मेकर्स ऐसे चेहरों का लाते हैं, जिनमें कुछ बेहद लोकप्रिय हों, कुछ सोशल मीडिया पर पहले से चर्चा में हों और कुछ ऐसे हों जिनकी पर्सनैलिटी, रिश्ते या पुराना विवाद घर के अंदर टकराव की जमीन तैयार कर सके। या कुछ ऐसे जिन्हें करियर रिवाइव करने या पहचान बनाने की जरुरत हो।

माही विज, मैरी कॉम कंटेस्टेंट बनीं, बिग बॉस-20 की कास्टिंग से समझिए मेकर्स की 'कंट्रोवर्सी स्ट्रेटजी'

बिग बॉस 20 में भी यही फॉमूर्ला दिखाई दे रहा है। 15 कंटेस्टेंट्स ने घर में एंट्री ली, जिनमें माही विज, ईशा रिखी, आम्रपाली दुबे, मैरी कॉम, कनिका मान, गुल्लू, स्काउट, अर्शिफा खान और मनोज तिवारी की बेटी रीति तिवारी जैसे नाम शामिल हैं। ईशा रिखी बादशाह से अलगाव ईशा रिखी ने फरवरी में सिंगर और रैपर बादशाह से सीक्रेट शादी की थी। कुछ हफ्तों बाद ईशा और उनके परिवार ने शादी की तस्वीरें पोस्ट कर शादी की कन्फर्मेशन दी,जबकि बादशाह ने इसका कन्फर्मेशन नहीं किया था। जल्द ही ईशा क्रिप्टिक पोस्ट भी शेयर करने लगीं, जिससे अनबन की खबरें रहीं। विवादों के चलते इसी हफ्ते बादशाह ने ईशा रिखी से तलाक की अनाउंसमेंट की है।

उनका कहना है कि तलाक आपसी सहमति से हुआ है। तलाक अनाउंस करने के महज चंद दिनों बाद ही ईशा शो में पहुंच गई हैं। जय भानुशाली से अलगाव माही और जय भानुशाली टीवी इंडस्ट्री के पॉपुलर कपल थे, हालांकि 2026 में दोनों ने तलाक ले लिया है। माही कई बार व्लॉग के जरिए शादी और पर्सनल विवाद पर सफाई दे चुकी हैं। दोनों इस साल काफी चर्चा और विवादों में रहे हैं। आम्रपाली का नाम लंबे समय से निरहुआ (दिनेश लाल यादव) के साथ रिश्ते की अफवाहों से जोड़ा जाता रहा है।

# राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह गुजरात के एकता नगर में होगा आयोजन

मुंबई। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के इतिहास में इस बार बदलाव होने जा रहा है। 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का समारोह पहली बार नई दिल्ली से बाहर होगा। अधिकारियों के मुताबिक, इसके लिए गुजरात के एकता नगर (केवड़िया) को चुना गया है। यहां दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थित है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 23 सितंबर के गुजरात दौरे के दौरान पुरस्कार प्रदान करने की संभावना है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह आम तौर पर नई दिल्ली में होता रहा है। पिछले साल 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का समारोह 23 सितंबर 2025 को दिल्ली के विज्ञान भवन में हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए थे। अब 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के लिए परंपरा में बदलाव किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, इस बार समारोह दिल्ली से बाहर गुजरात के एकता नगर (केवड़िया) में आयोजित करने की तैयारी है।


राष्ट्रपति मुर्मू देंगी पुरस्कार, 23 सितंबर को संभावित आयोजन

इसे राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का पहला दिल्ली के बाहर आयोजन बताया जा रहा है। डियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 23 सितंबर को गुजरात दौरा प्रस्तावित है। वह महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी और इसके बाद पदरा में ब्रह्माकुमारीज के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी।

### जेल में भी मराठी नहीं सीख पाया : संजय दत्त

मुंबई। महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर चल रहे विवाद के बीच बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त ने मराठी में बोलने से इनकार कर दिया। रविवार को मुंबई में आयोजित दही हांडी कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 'मैं 6 साल तक येरवडा जेल में रहा, तब भी मराठी भाषा नहीं सीख पाया। संजय दत्त के बयान पर अब विवाद हो गया है। यह कार्यक्रम ठाणे में शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता और महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने आयोजित किया था। संजय दत्त मंच पर हिंदी में बोल रहे थे। इस पर मंत्री ने उन्हें मराठी में बोलने के लिए कहा, लेकिन 67 साल के एक्टर ने मजाकिया अंदाज में ऐसा करने से मना कर दिया।

# मिर्जापुर : द फिल्म के गाने शूरवीर पर विवाद खत्म



मुंबई। राजस्थानी रैपर और कलाकार रैपरिया बालम के गाने 'शूरवीर' को 'मिजार्पुरः द फिल्म' में इस्तेमाल करने पर विवाद हो गया था। रैपरिया बालम ने वीडियो जारी कर दावा किया था कि फिल्म में गाना उनकी अनुमति के बिना इस्तेमाल किया गया। हालांकि अब ये विवाद खत्म हो चुका है। अब गाने के म्यूजिक लेबल टूपर रिकॉर्ड्स ने बयान जारी कर कहा है कि उसने 'शूरवीर' को फिल्म में इस्तेमाल

राजस्थानी सिंगर का आरोप था, बिना इजाजत इस्तेमाल किया गाना लिया, राज्य की छवि बिगाड़ी, कैसे सुलझा मामला

करने के लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट को आधिकारिक लाइसेंस दिया था। टूपर रिकॉर्ड्स ने अपने बयान में लिखा, 'टूपर रिकॉर्ड्स यह साझा करते हुए खुश है कि 'शूरवीर' को 'मिजार्पुरः द फिल्म' में इस्तेमाल करने के लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट को आधिकारिक तौर पर लाइसेंस दिया गया था। एक्सेल एंटरटेनमेंट और पूरी मिजार्पुर टीम को रिलीज पर बधाई। लेबल ने इसी बयान में गाने के क्रेडिट भी साझा किए। इसमें रैपरिया बालम को 'शूरवीर' का गायक और कंपोजर बताया गया है। शूरवीर गाना दिव्येंदु शर्मा के इस सीन पर इस्तेमाल हुआ है, जिसमें वो गोली चलाते दिखे हैं। टूपर रिकॉर्ड्स के इस बयान के बाद विवाद फिलहाल शांत होता दिख रहा है। हालांकि, यह साफ नहीं है कि गाने के कलाकार रैपरिया बालम और लेबल के बीच अनुमति और अधिकारों को लेकर क्या सहमति थी। मिजार्पुरः द फिल्म 4 सितंबर को रिलीज हुई। फिल्म में शूरवीर गाना दिखाया गया।

इसके बाद राजस्थानी सिंगर रैपरिया बालम ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर दावा किया कि ये गाना उनका है, जिसे बिना इजाजत इस्तेमाल किया गया। रैपर के मुताबिक, फिल्म में गाना मारधाड़ और गोलियां चलाने वाले सीन में इस्तेमाल हुआ, जिससे उनके राज्य की छवि खराब हुई। जबकि ये गाना उन्होंने महाराणा प्रताप पर बनाया था। वीडियो में उन्होंने कहा, 'आप में से कुछ लोग पूछ सकते हैं कि मेरा दिल क्यों टूटा है। आप कह सकते हैं कि मुझे खुश होना चाहिए, क्योंकि मेरा गाना मिजार्पुर में है। लेकिन मिजार्पुर की टीम ने मेरा गाना इस्तेमाल करने के लिए मेरी अनुमति नहीं ली।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com